आषाढ़ कृष्ण पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 29 जून 2024
वर्ष 4, अंक 132, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

त्रीसा और गायत्री क्वार्टर फाइनल में 13

कल्कि 2898 एडी ने पहले दिन कमाए 190 करोड़ 14

## एक नजर

### यौन शोषण मामले में येदियुरप्पा पर चार्जशीट

**बेंगलुरु।** कर्नाटक पुलिस ने 17 वर्षीय लड़की के यौन उत्पीड़न के मामले में भाजपा के वरिष्ठ नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ गुरुवार को आरोप पत्र दाखिल किया। राज्य पुलिस के आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने उस घटना की जांच की, जिसमें शिकायत मिली थी कि कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री ने दो फरवरी को नाबालिग से छेड़छाड़ की थी।

### विस्तारा के विमान में बम रखे होने की धमकी मिली

**मुंबई।** विस्तारा की तिरुवनंतपुरम-मुंबई उड़ान में शुक्रवार को बम रखे होने की धमकी मिली, जिसके बाद विमान की तलाशी ली गई। सहार पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि चालक दल के सदस्य को पर्ची मिली थी, जिसमें लिखा था विमान में बम है। विमान के अपराह्न सवा तीन बजे मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते ही एयरलाइन ने पुलिस को इसकी सूचना दी। यात्रियों के सामान की तलाशी में कुछ संदिग्ध नहीं मिला है।

### गुजरात, महाराष्ट्र में एनआईए का छापा

**नई दिल्ली।** एनआईए ने भारतीय रक्षा प्रतिष्ठानों की जासूसी के लिए पाकिस्तान से पैसे लेने के आरोपियों की तलाश में गुजरात और महाराष्ट्र स्थित ठिकानों पर शुक्रवार को छापेमारी की। एनआईए ने कहा कि एजेंसी ने जुलाई 2023 में दो आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था, इसमें एक पाकिस्तानी है, जो फरार है। तीन अन्य लोगों के खिलाफ दो और आरोपपत्र दायर किए गए।

### हेमंत सोरेन को मिली जमानत, जेल से रिहा

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शुक्रवार को जमानत दे दी, जिसके बाद सोरेन को जेल से रिहा कर दिया गया। अदालत ने सोरेन की जमानत याचिका पर अपना फैसला 13 जून तक के लिए सुरक्षित रखा था। न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की एकल पीठ ने 50,000 रुपये के मुचलके और इतनी ही राशि की दो जमानत प्रस्तुत करने पर रिहा करने का निर्देश दिया। झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष सोरेन को ईडी ने धन शोधन के मामले में 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। सोरेन बिरसा मुंडा जेल में कैद थे।

### आबकारी नीति मामले में ईडी की 9वीं चार्जशीट

**नई दिल्ली।** ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में शुक्रवार को नया और नौवां आरोपपत्र दायर किया और विनोद चौहान नामक व्यक्ति को आरोपी बनाया। ईडी ने मई में चौहान को गिरफ्तार किया था। सूत्रों ने कहा कि यहां धनशोधन निवारण अधिनियम अदालत में नई और नौवीं अभियोजन शिकायत (आरोपपत्र) दायर की गई जिसमें आरोपी का नाम विनोद चौहान है। इस मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तार किया गया वह 18वां व्यक्ति है।

# नीट मुद्दे पर विपक्ष का हंगामा, लोकसभा की कार्यवाही स्थगित

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में शुक्रवार को नीट-यूजी को लेकर विपक्ष के भारी हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले इसी मुद्दे पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित की गई थी।

दोपहर 12 बजे सदन की कार्यवाही जैसे ही शुरू हुई, विपक्षी सदस्य हंगामा करने लगे। इस पर अध्यक्ष ओम बिरला ने सदस्यों से शांत रहने और तृणमूल कांग्रेस के सदस्य एसके नुरूल इस्लाम के लोकसभा की सदस्यता की शपथ लेने की कार्यवाही पूरी करने देने को कहा। इस्लाम के शपथ लेने के बाद विपक्षी सदस्य पुनः शोर करने लगे। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के सदस्य सदन के बीच आकर हंगामा और नारेबाजी करने लगे। विपक्षी सदस्यों का कहना था कि नीट पर तत्काल चर्चा होनी चाहिए। वे शिक्षा मंत्री को बर्खास्त करने की भी मांग कर रहे थे। संसदीय कार्य मंत्री किरण रीजीजू ने कहा कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। सदस्यों को अपनी बात कहने का पर्याप्त समय दिया जाएगा। सरकार हर बात का जवाब देगी। इसके बाद भी विपक्षी सदस्य हंगामा करते रहे तो बिरला ने सदन की कार्यवाही सोमवार पूर्वाह्न 11 बजे तक स्थगित कर दी।

### संसद में नीट पर हो व्यापक चर्चा प्रधानमंत्री भी लें भाग : राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संसद में नीट पर व्यापक चर्चा करनी चाहिए। राहुल ने सदन की कार्यवाही से पूर्व यहां संसद भवन परिसर में कहा कि यह गंभीर मामला है और इसकी पड़ताल की जानी चाहिए, प्रधानमंत्री भी इस चर्चा में भाग लें।

### सरकार चर्चा को तैयार, किंतु मर्यादा में रहते हुए हो : प्रधान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को कहा कि सरकार नीट परीक्षा पर चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन यह परंपरा के अनुसार और मर्यादा में रहते हुए होनी चाहिए। हंगामे के कारण सदन की बैठक दिनभर के लिए स्थगित होने के बाद प्रधान ने अपील की कि छात्रों को भ्रमित नहीं किया जाना चाहिए।

### नेहरू जवाहरात के लाल थे और मोदी गुदड़ी के लाल हैं : त्रिवेदी

**नई दिल्ली।** भाजपा के सुधांशु त्रिवेदी ने शुक्रवार को राज्यसभा में कहा कि नेहरू की तुलना में मोदी अतुलनीय प्रधानमंत्री हैं। त्रिवेदी ने यह बात राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कही। त्रिवेदी ने कहा कि नेहरू जवाहरात के लाल थे, जबकि प्रधानमंत्री मोदी गुदड़ी के लाल हैं।

### कांग्रेस ने फिर लगाया आरोप सदन में बंद किए गए माइक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ पर 'माइक ऑफ' कर आवाज दबाने के आरोप लगाए हैं। लोकसभा में राहुल गांधी और राज्यसभा में कांग्रेस के नेता मल्लिकार्जुन खरगे नीट पर चर्चा की मांग कर रहे थे। कांग्रेस ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दोनों सदनों की वीडियो क्लिप भी पोस्ट की है। विपक्ष ने स्पीकर ओम बिरला से सदन में नीट पर चर्चा करवाने की मांग की थी।

### कांग्रेस सांसद फूलो देवी नेताम बेहोश हुईं

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में शुक्रवार को नीट-यूजी के मुद्दे पर हंगामे के बीच कांग्रेस सांसद फूलो देवी नेताम अचानक गिरीं और बेहोश हो गईं। उन्हें पास ही स्थित राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और विपक्ष के कई सांसदों ने अस्पताल में उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। खरगे ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सांसद के मूर्छित होकर गिरने के बाद भी सदन की कार्यवाही जारी रखी गई। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि नीट, यूजीसी-नेट और अन्य पेपर लीक घोटालों पर तत्काल चर्चा से सरकार के इनकार के कारण आज राज्यसभा में हुए शोर शराबे के बीच कांग्रेस सांसद फूलो देवी नेताम अचानक गिरीं और बेहोश हो गईं।

# भारी बारिश से दिल्ली पानी-पानी

## दिल्ली में 88 साल बाद जून में 228 मिमी बारिश, सड़कों पर बाढ़, कारें डूबीं

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली-एनसीआर में पिछले 24 घंटे में हुई बारिश ने 88 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। 1936 के बाद पहली बार राजधानी में इतनी बारिश दर्ज की गई। सड़कों पर बाढ़ जैसे हालात बन गए, लोगों को पूरे दिन जाम से जूझना पड़ा। कई इलाकों में चार से पांच फीट पानी भरने से कारें डूब गईं। सड़कों पर नाव चलीं और ट्रैफिक प्रभावित हुआ।

कई सांसदों के आवास में भी पानी भर गया। आईएमडी ने बताया कि दिल्ली में गुरुवार सुबह 8:30 बजे से शुक्रवार सुबह 8:30 बजे तक, 24 घंटे में 228 मिमी बारिश हुई। यहां 88 साल बाद जून महीने में एक दिन में सबसे ज्यादा बारिश हुई है। इससे पहले जून 1936 में 24 घंटे में 235.5 मिमी बारिश दर्ज की गई थी।

दिल्ली यातायात पुलिस ने प्रभावित मार्गों के संबंध में परामर्श जारी कर यात्रियों को इसके अनुसार ही यात्रा योजना बनाने की सलाह दी है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में जलमग्न सड़कों पर यात्रियों को अपने बच्चों को लेकर घुटनों पानी से होकर गुजरना पड़ा। कुछ इलाकों में मेट्रो स्टेशनों में भी पानी भर गया, जिससे लोगों को परेशानी हुई। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने दिल्ली में जलभराव की स्थिति के लिए नालों में जमा प्लास्टिक कचरे को जिम्मेदार ठहराया।

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने छुट्टी पर गए सभी वरिष्ठ अधिकारियों को तुरंत ड्यूटी पर वापस आने के लिए कहा, अगले दो महीने तक के लिए छुट्टियां रद करने की सिफारिश की।

### आईटीओ पर ट्रैफिक जाम में फंसे वाहन

### हवाईअड्डे की गिरी छत

### रोहिणी में धंसी सड़क

### सराय काले खां में डूबी कार

### हवाई अड्डे की छत ढही, एक की मौत, छह घायल

**नई दिल्ली।** भारी बारिश के कारण इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 1 की छत का हिस्सा ढह गया जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने अधिकारियों से बात की और कहा कि व्यक्तिगत रूप से निगरानी कर रहा हूं। प्रभावित यात्रियों की सहायता करने की सलाह दी है। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने मृतक के परिवार को 20 लाख और घायलों को तीन-तीन लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की।

# गैंगरेप के बाद किशोरी की हत्या से आक्रोश

ब्यूरो, हरिद्वार

- महिला कांग्रेस ने किया प्रदर्शन मृतका के परिजनों से मिले नेता प्रतिपक्ष

**अमृत विचार :** गैंगरेप के बाद किशोरी की हत्या को लेकर लोगों का आक्रोश थम नहीं रहा है। मामले में नामजद निष्कासित भाजपा नेता आदित्य राज सैनी अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। घटना के विरोध में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को प्रदर्शन किया। उधर, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने मृतका के परिजनों से मिलकर हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

बीते 24 जून की सुबह दिल्ली हाईवे के किनारे तेरह वर्षीय किशोरी की खून से लथपथ लाश मिली थी। 23 जून को किशोरी के साथ चार लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया था और फिर हत्या कर शव को वहां फेंक दिया था। इस मामले में अमित सैनी और भाजपा नेता आदित्य राज सैनी को नामजद किया गया था। हालांकि नामजदगी के बाद भाजपा ने आदित्य राज को पार्टी से निष्कासित कर दिया। पुलिस इस मामले में अभी तक अमित सैनी समेत छह लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि आदित्य राज अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। इस नृशंस हत्याकांड को लेकर लोगों में बेहद आक्रोश व्याप्त है।

इधर, शुक्रवार को कांग्रेस महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। प्रदेश में एक साल 11 महीने में 15 सौ दुष्कर्म के वारदात हो चुके हैं। हरिद्वार जिले में महिलाओं के साथ हुई अपराधों की संख्या दोगुनी है।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने शुक्रवार को हरिद्वार पहुंचकर मृतका के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। दलित और पिछड़ों का शोषण किया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बात कर पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

## अश्लील ऑडियो प्रकरण में पंतनगर थाना प्रभारी सस्पेंड

**रुद्रपुर।** अश्लील ऑडियो के आरोपी थाना पंतनगर प्रभारी को एसएसपी के आदेश के बाद निलंबित कर पुलिस लाइन से अटैच किया गया है। पुलिस ने प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ ने थाना पंतनगर प्रभारी पर वहीं की युवती से अश्लील ऑडियो का प्रकरण डीजीपी के समक्ष उठाया था। डीजीपी अभिनव कुमार ने जांच कर 24 घंटे में रिपोर्ट देने का आदेश दिया। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने जांच महिला आईपीएस से करवाई। रिपोर्ट के आधार पर शुक्रवार दोपहर एसएसपी ने आरोपी थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह डांगी को निलंबित कर पुलिस लाइन से संबद्ध कर दिया है।

# अमरनाथ : 4,603 श्रद्धालुओं का पहला जत्था घाटी पहुंचा

जम्मू, एजेंसी

अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों का पहला जत्था शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच कश्मीर घाटी पहुंचा। श्रीनगर पहुंचने पर पुलिस और नागरिक प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों तथा स्थानीय लोगों ने दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के काजीगुंड इलाके में नवयुग सुरंग पर 4,603 तीर्थयात्रियों का स्वागत किया। शनिवार को अनंतनाग में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल में 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से यह 52 दिवसीय तीर्थयात्रा शुरू होगी और 19 अगस्त को संपन्न होगी।

बम बम भोले और हर हर महादेव के जयकारों के बीच जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को अमरनाथ यात्रा के लिए भगवती नगर स्थित यात्री निवास आधार शिविर से 4,603 तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को रवाना किया। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने तीर्थयात्रियों की सुरक्षित यात्रा की कामना की। उन्होंने कहा कि बाबा अमरनाथ का आशीर्वाद सभी के जीवन में शांति, खुशी और समृद्धि लाए।

### उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने की सुरक्षित यात्रा की मंगल कामना

आधार शिविर में पहुंचे तीर्थयात्रियों का स्वागत करते अधिकारी।

### आज से शुरू होगी कठिन यात्रा

कुलगाम के उपायुक्त अतहर आमिर खान ने बताया कि बालटाल व पहलगाम दोनों मार्गों से यात्रा करने वालों का प्रशासन, नागरिक समाज, व्यापार जगत और बाजार संघों ने स्वागत किया। तीर्थयात्रियों का काफिला बालटाल और पहलगाम स्थित आधार शिविरों के लिए अलग-अलग रवाना हुआ, जहां से वह शनिवार सुबह दक्षिण कश्मीर में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर अमरनाथ गुफा की यात्रा करेंगे।

### 19 अगस्त तक रहेगा ट्रैफिक प्रतिबंध

अधिकारी ने कहा कि 28 जून से 19 अगस्त तक विभिन्न मार्गों पर यातायात प्रतिबंध रहेगा तथा लोगों की असुविधा को कम करने के लिए नियमित परामर्श जारी होगा। इस साल की अमरनाथ यात्रा के लिए 3 .50 लाख से ज्यादा पंजीकरण हुए हैं। गुफा के दोनों मार्गों पर 125 सामुदायिक लंगर लगाए गए हैं और 6,000 से ज्यादा स्वयंसेवक श्रद्धालुओं की सहायता कर रहे हैं।

## राज्य में 48 फार्मेसी अधिकारियों को मिलेगा प्रमोशन

**देहरादून।** स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत फार्मेसी अधिकारियों के प्रमोशन का रास्ता साफ हो गया है, जिसका वह कई सालों से इंतजार कर रहे थे। स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने 48 फार्मेसी अधिकारियों के प्रमोशन को मंजूरी दे दी है। शासन को जल्द ही इस संबंध में आदेश जारी करने को कहा गया है।

- स्वास्थ्य मंत्री ने प्रमोशन के लिए दी मंजूरी

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि विभाग के सभी संवर्गों में पात्र कार्मिकों की पदोन्नति करें। इसी क्रम में विभाग की ओर से डीपीसी के जरिये 48 फार्मेसी अधिकारियों का चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि इन सभी पात्र फार्मेसी अधिकारियों को मुख्य फार्मेसी अधिकारी के पद पर पदोन्नत किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के तहत पात्र कार्मिकों को प्रमोशन के लाभ से वंचित नहीं रखा जाएगा, इसके लिये विभागीय अधिकारियों को समय-समय पर डीपीसी तैयार कर कार्मिकों को पदोन्नत करने के निर्देश दिए गए हैं।

# एयरटेल ने मोबाइल सेवा दरों में की 10-21% वृद्धि

नई दिल्ली, एजेंसी

- कंपनी तीन जुलाई से लागू करेगी दरों में वृद्धि का फैसला

भारती एयरटेल ने शुक्रवार को मोबाइल सेवाओं की दरों में 10-21 प्रतिशत बढ़ोतरी की घोषणा की। इससे एक दिन पहले उसकी प्रतिद्वंद्वी रिलायंस जियो ने दरों में वृद्धि की घोषणा की थी। यह कदम महत्वपूर्ण है, क्योंकि ढाई साल में दूरसंचार उद्योग ने पहली बार दरों में बड़ी वृद्धि की है।

एयरटेल ने एक बयान में कहा कि विभिन्न योजनाओं की दरों में बढ़ोतरी 10-21 प्रतिशत के बीच है। मोबाइल सेवाओं की दरों में संशोधन तीन जुलाई से प्रभावी होगा। दैनिक डेटा ऐड-ऑन (एक जीबी) की दर में तीन रुपये की वृद्धि होगी और यह 19 रुपये से बढ़कर 22 रुपये हो जाएगा। वहीं 365 दिन की वैधता वाले प्लान में दो जीबी प्रतिदिन की पेशकश वाले प्लान में 600 रुपये तक की वृद्धि होगी और नई दरें 2,999 रुपये से बढ़कर 3,599 रुपये हो जाएंगी। असीमित 'वॉयस प्लान' श्रेणी में दर को 179 रुपये से बढ़ाकर 199 रुपये कर दिया गया है। कुल 28 दिन की वैधता वाले इस प्लान में 20 रुपये की वृद्धि की गई है। इस प्लान में दो जीबी का डेटा दिया जाता है।

## विक्रम मिसरी होंगे अगले विदेश सचिव

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय उप सुरक्षा सलाहकार और भारतीय विदेश सेवा के वरिष्ठ अधिकारी विक्रम मिसरी विदेश मंत्रालय के अगले सचिव होंगे। वह निवर्तमान विदेश सचिव विनय क्वात्रा का स्थान लेंगे। मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति के निर्णय के अनुसार क्वात्रा का विस्तारित कार्यकाल 14 जुलाई को समाप्त हो जाएगा और उसके बाद मिसरी विदेश मंत्रालय में विदेश सचिव की जिम्मेदारी संभालेंगे। कार्मिक लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के शुक्रवार को जारी एक अधिशासी आदेश के अनुसार मिसरी की नियुक्त 15 जुलाई से प्रभावी होगी।

# दो हजार करोड़ से उप्र में स्थापित होगा बायो प्लास्टिक पार्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार दो हजार करोड़ से बायो प्लास्टिक पार्क की स्थापना करने जा रही है। इसका उद्देश्य बायो प्लास्टिक के निर्माण के जरिए पर्यावरणीय प्रदूषण को कम करना है। इस क्रम में लखीमपुर खीरी के गोला गोकर्णनाथ तहसील के कुंभी गांव में 1000 हेक्टेयर में स्थापित होने वाले इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिए हैं। इसके लिए जमीन की तलाश तेज कर दी गई है।

पार्क को बलरामपुर चीनी मिल फर्म द्वारा बनाया जाएगा, जिससे यहां न केवल बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन होगा बल्कि बायो प्लास्टिक पार्क बनने से क्षेत्र में कई अन्य सहायक उद्योग भी स्थापित हो सकेंगे। पार्क के विकास के लिए उप्र. एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) को नोडल बनाया जाएगा।

बायो प्लास्टिक पार्क के विकास से नए वैज्ञानिक व तकनीकी क्षेत्र में नौकरी के अवसर भी उत्पन्न होंगे ही साथ ही ये पार्क वैज्ञानिकों और अनुसंधानकर्ताओं के लिए एक मंच भी प्रदान करेगा, जहां वे नवीनतम प्रौद्योगिकियों और अनुसंधानों के माध्यम से प्लास्टिक निर्माण की क्षमताओं को विकसित कर सकते हैं।

पार्क में वैज्ञानिक अनुसंधान होंगे, जिससे प्लास्टिक के प्रभावी उपयोग और रि-साइकिल के लिए नवीनतम तकनीकी उत्पाद विकसित किए जा सकेंगे। इसके जरिए प्लास्टिक से पैदा होने वाली पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान निकाला जा सकेगा। साथ ही प्लास्टिक के प्रदूषण को कम करने और प्रदूषित प्लास्टिक के पुनर्चक्रण के लिए नवीनतम तकनीक पर अध्ययन किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री योगी ने परियोजना को तेजी से पूरा करने के दिए निर्देश

- पर्यावरणीय प्रदूषण को कम करने में मददगार होगा बायो प्लास्टिक पार्क
- लखीमपुर खीरी में 1000 हेक्टेयर में बनेगा पार्क, जमीन की तलाश तेज
- बलरामपुर चीनी मिल फर्म कुंभी गांव में बनाएगा बायो प्लास्टिक पार्क

### क्या है बायो प्लास्टिक

बायो प्लास्टिक प्राकृतिक सामग्रियों, जैसे कि मक्का, सूरजमुखी या शक्कर के कणों से बनाया जाता है। इसे प्राकृतिक प्लास्टिक भी कहा जाता है। यह तेजी से विघटित हो जाता है, जिससे इसका पर्यावरण में प्रदूषण प्रभाव कम होता है। इसका उपयोग न केवल पर्यावरण स्थिरता को बढ़ावा देता है, बल्कि इसका उपयोग अलग-अलग उद्योगों में भी किया जा सकता है, जैसे कि पैकेजिंग, रेडिमेड वस्त्र, इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य औद्योगिक उत्पाद। इसके विकास और उपयोग से प्लास्टिक प्रदूषण के खतरे को कम करने में मदद मिलती है और पर्यावरणीय स्थिति में सुधार करने में यह बहुत ही ज्यादा सहायक साबित हो सकता है।

## एक नजर

### मछलियों को चारा डालने पर पर्यटकों का चालान

**नैनीताल :** शुक्रवार को कुछ सैलानियों ने प्रतिबंध के बावजूद नैनी झील में मछलियों को चारा व ब्रेड डाल दिया। पालिका कर्मियों ने इसका विरोध किया तो सैलानी पालिका कर्मचारियों के साथ ही अभद्र व्यवहार करने लगे। मामला कोतवाली तक पहुंच गया। कोतवाली में सैलानियों ने अपनी गलती स्वीकार की जिसके बाद उनके ऊपर चालान की कार्रवाई भी की गई। इस दौरान टैक्स कलेक्टर अंकित सिंह बिष्ट, मोहन सिंह चिलवाल, पीयूष भंडारी, दीपराज, शाकिर अली, कमल कटियार, रवि कुमार आदि मौजूद रहे।

### भवाली-भीमताल मोटर मार्ग पर स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग

**भीमताल :** बाईपास मार्ग में लोक निर्माण विभाग की ओर से लोगों के वाहनों की गति को कंट्रोल करने के लिए स्पीड ब्रेकर बना दिए गए हैं। वहीं दूसरी तरफ भीमताल से भवाली मोटर मार्ग में स्थानीय कारोबारियों की स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी है। स्थानीय लोगों ने जनहित में स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग की है।

# लोअर माल रोड का ट्रीटमेंट नहीं होने से खतरा बरकरार

## एक वर्ष पूर्व 348 करोड़ हुए थे स्वीकृत, 6 बार टेंडर जारी होने के बाद भी नहीं मिल रहा ठेकदार

**अनदेखी**

- धंस रहे हिस्से पर 45 मीटर सीसी सड़क बनाई जानी है
- झील में तीन फीट पर 40 मीटर तक खड़े पाइप डाले जाएंगे

संतोष बोरा, नैनीताल

क्षतिग्रस्त लोअर माल रोड का हिस्सा, जिसका अस्थाई ट्रीटमेंट ही किया गया है अभी तक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** लोअर माल रोड के ट्रीटमेंट के काम के लिए 348.01 करोड़ का बजट स्वीकृत हो चुका था, जिससे लोअर माल रोड के धंस रहे हिस्से पर 45 मीटर सीसी सड़क बनाई जानी है। ट्रीटमेंट के लिए नैनीझील में पहले हर तीन फीट पर 40 मीटर तक खड़े पाइप डाले जाएंगे। जिन्हें आगे की ओर झुकाकर चोक किया जाएगा।

इसके बाद 300 एमएम के सीमेंट के पाइप से टॉप किया जाएगा। अंत में बेस के ऊपर सीसी सड़क बनाई जाएगी, जिसमें 348.01 करोड़ रुपये का खर्चा आएगा। बता दें कि 2018 में लोअर माल रोड का 25 मीटर हिस्सा टूटकर झील में समा गया था, जिससे करीब एक माह तक यातायात भी बाधित रहा, जिसके बाद विभाग ने सड़क का अस्थाई ट्रीटमेंट किया गया।

जिसके बाद लोनिवि ने टीएचडीसी को नये सिरे से सड़क का स्थाई ट्रीटमेंट करने का प्रस्ताव के बाद टीएचडीसी के विशेषज्ञों के अध्ययनों के बाद करीब चार करोड़ की डीपीआर बनाकर शासन को भेजी गई थी जिसमें से 348.01करोड़ की मंजूरी मिल गयी थी और स्थायी निर्माण के लिए एक वर्ष पूर्व बजट स्वीकृत होने के बाद लोनिवि अब तक 6 बार टेंडर जारी कर चुका है, जिसमें अभी तक इस काम को करने के लिए एक भी टैंडर नहीं डाला जा रहा है। वहीं अब मानसून सीजन शुरू हो चुका है। लोनिवि के अधिशासी अभियंता रत्नेश सक्सेना ने बताया कि तीन पहले बजट स्वीकृत होने के बाद अभी तक 6 बार टैंडर जारी किए गए हैं, लेकिन अब तक सिर्फ एक बार टैंडर डाला गया था, जो बजट से अधिक था। जिसके बाद भी टैंडर प्रक्रिया जारी है। टैंडर डाले जाने के बाद जल्द ही काम शुरू कर दिया जाएगा।

# कूड़ा री-साइकिल प्लांट का टेंडर भी नहीं हो सका

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नारायण नगर क्षेत्र में लगने वाले कूड़ा री-साइकिल प्लांट लोगों के विरोध के बाद अब भवाली में स्थापित किए जाने की तैयारी शुरू हो चुकी है। भवाली पालिका की जमीन पर नैनीताल पालिका तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध कराकर कूड़ा प्लांट स्थापित करेगी। दोनों पालिकाओं के स्तर पर प्लांट निर्माण के लिए अनुबंध भी हो चुका है।

भवाली नगर पालिका की ओर से करीब पांच नाली भूमि में कूड़ा निस्तारण प्लांट संचालित किया जा रहा है। उक्त प्लांट को हाईटेक कर री-साइकिल प्लांट बनाया जाएगा, जिसके लिए तकनीकी सहायता के साथ ही अन्य संसाधन नैनीताल पालिका की ओर से उपलब्ध कराये जाएंगे, जिसको लेकर भवाली व नैनीताल पालिका के बीच एमओयू साइन हो चुका है, जिसके बाद

> भवाली में बनने वाले कूड़ा री-साइकिल प्लांट का दो बार टैंडर अपलोड करने के बाद भी कोई टैंडर नहीं पड़ा है। अब पालिका की ओर से तीसरी बार टैंडर अपलोड किया जाएगा।
> -केएन गोस्वामी, नगर पालिका प्रशासक

पहले तीन वर्ष प्लांट का संचालन नगर पालिका नैनीताल करेगी और री-साइकल से होने वाली आय में नैनीताल पालिका को 60 व भवाली को 40 प्रतिशत की हिस्सेदारी होगी। बता दें कि भारत सरकार की ओर से 2019 में 2.29 करोड़ की धनराशि जारी होने के बाद पालिका ने नारायण नगर में प्लांट स्थापित करने की कवायद शुरू की। अब पालिका स्तर पर भवाली में री-साइकिल प्लांट स्थापित करने की कवायद शुरू कर दी गयी है, जिसके लिए नैनीताल पालिका की ओर से दो बार टेंडर अपलोड करने के बाद भी कोई भी टेंडर नहीं डाला गया, जिसको लेकर पालिका की ओर से तीसरी बार टेंडर अपलोड किया जाएगा।

## बच्चों ने नाट्य विधा और संगीत की बारीकियों को समझा

**नैनीताल :** युगमंच और शारदा संघ के संयुक्त तत्वावधान में नैनीताल शारदा संघ सभागार में चल रही बाल नाट्य कार्यशाला के तीसरे दिन बच्चों ने नवीन बेगाना के मार्गदर्शन में नाट्य विधा को प्रभावी बनाने में संगीत पक्ष की बारीकियों को जाना। इस दौरान प्रशिक्षक नवीन बेगाना ने छात्रों ने विभिन्न कोर्स का अभ्यास कराते हुए स्पीच थेरेपी का अभ्यास कराया। कार्यशाला में शारीरिक हाव भाव से सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करने के लिए कार्यशाला निर्देशक भास्कर बिष्ट ने चाल ढाल पर प्रशिक्षण दिया। युगमंच के महासचिव मनोज कुमार ने बताया कि बच्चों को रंगमंच के लिए तैयार किए जाने और उनकी प्रतिभा को दिखाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान छात्रों को लाफ्टर थेरेपी की जानकारी देते हुए अ से अः तक सभी स्वरों के अनुसार बच्चों को रोना और हंसना बताया। इस दौरान वरिष्ठ रंगकर्मी जहूर आलम, डी के शर्मा, अनिल कुमार, अमन, रफत आलम, साह शारदा संघ के अध्यक्ष डॉ. डीएस बिष्ट मौजूद रहे।

# जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बनने से फजीहत

संवाददाता, नैनीताल

**दिक्कत**

- आवेदकों के साथ कर्मचारी भी भारी परेशानियां उठे रहे हैं

**अमृत विचार :** पोर्टल अपडेट होने के बाद नगर पालिका में जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए आने वाले लोगों के साथ कर्मचारियों को भी भारी फजीहत उठानी पड़ रही है।

नगर पालिका में लगभग हर रोज लोग जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए आते हैं लेकिन पालिका के अनुसार ऑनलाइन पोर्टल अपडेट होने के बाद अब सभी दस्तावेजों को अपडेट करना पड़ता है, ऐसे में कई बार लॉगआउट होने की स्थिति में दोबारा पूरी प्रक्रिया शुरू करनी पड़ती है, जिसमें समय की काफी बर्बादी होती है, जिसके चलते आवेदकों को बार-बार पालिका के चक्कर लगाने पड़ते हैं। बता दें कि यह समस्या सभी नगर पालिकाओं व नगर निगमों में आ रही है। प्रभारी अधिशासी अधिकारी पूजा चंद्रा ने कहा कि पोर्टल में आ रहीं दिक्कतों के चलते जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे हैं। यह समस्या सभी नगर पालिकाओं और नगर निगमों में आ रही है इसलिए जैसे ही समस्या का निस्तारण हो जाएगा तो आवेदकों के कार्य शुरू कर दिए जाएंगे।

# सैलानियों ने तेज बारिश के बाद उठाया धूप का आनंद

संवाददाता, नैनीताल

पंत पार्क में चहलकदमी करते पर्यटक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बीते एक सप्ताह से नगर में बारिश का दौरा जारी है, जिसके चलते निम्न स्तर पर पहुंच गए झील के जलस्तर में बढ़ोतरी हो रही है तो वहीं दूसरी ओर बारिश के बाद अब भूस्खलन व पहाड़ियों से पत्थरों का गिरना भी शुरू हो चुका है।

जिससे दुर्घटना की संभावनाएं भी बढ़ने लगी है। शुक्रवार को भी सुबह करीब एक घंटे तक तेज बारिश हुई। इसके बाद दिनभर गुनगुनी धूप खिली रही, जिसका नैनीताल पहुंचे पर्यटकों ने भरपूर आनंद उठाया, हालांकि अब सैलानियों की संख्या थोड़ी कम हो गयी है। उसके बावजूद काफी संख्या में पहुंचे पर्यटकों ने नैनीताल की नैसर्गिक सुंदरता का लुत्फ उठाया। मौसम केंद्र जीजीआईसी के अनुसार शुक्रवार को नगर में अधिकतम तापमान 21 डिग्री तो वहीं न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

बारिश के बाद नैनी झील में नौकायन का आनंद लेते पर्यटक। ● अमृत विचार

# शतरंज में सुमित ने बाजी मारी

नशे के खिलाफ आयोजित प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागी। ● अमृत विचार

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** राऔप्र संस्थान पाइन्स में जिला प्रशासन और जिला समाज कल्याण अधिकारी नैनीताल के तत्वावधान में नशामुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत नशे के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशा मुक्त रहने का आह्वान किया व समाज में नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाने की अपेक्षा की गयी। जिला समाज कल्याण अधिकारी दिपांकर घिल्डियाल ने बताया कि कार्यक्रम के अन्तर्गत शतरंज प्रतियोगिता, कैरम बोर्ड तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी, जिसमें संस्थान के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। शतरंज में प्रथम सुमित कुमार, द्वितीय शेखर चन्द्र, तृतीय ज्योति प्रकाष, चतुर्थ विजय एवं पंचम स्थान पर राहुल कुमार व कैरम में प्रथम अभय कुमार, द्वितीय देवेन्द्र कुमार, तृतीय रोषन लाल, चतुर्थ प्रमोद कुमार एवं पंचम स्थान पर अनुज कुमार तथा वाद-विवाद में प्रथम पायल आर्या व द्वितीय स्थान पर ज्योति आर्या को सम्मानित किया गया। सभी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य बीके जोशी, मो. चांद अपर जिला समाज कल्याण अधिकारी, बीनू गुलियानी, सचिव जिला विधिक प्राधिकरण, रवि वर्मा अधीक्षक राअनु जाति छात्रावास पाइन्स व अन्य मौजूद रहे।

## कैंची धाम बाईपास निर्माण की स्वीकृति पर जताया आभार

अखिलेश सेमवाल।

**भीमताल :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडगरी से भेंट कर कैंची धाम बाईपास निर्माण की सैद्धांतिक स्वीकृति दिलाने पर भाजपा कार्यकर्ता अखिलेश सेमवाल ने मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री नितिन गडगरी का आभार व्यक्त किया।

अवगत कराया कि बाईपास बनने से ना केवल यातायात समस्या से निजात मिलेगी बल्कि स्थानीय कारोबारियों को भी लाभ होगा। बताया कि स्थानीय लोगों की मांग पर कुछ दिन पूर्व स्थानीय बाईपास निर्माण की मांग को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन भी दिया गया था।

# श्री देवगुरु पुस्तकालय से बच्चे हो रहे लाभान्वित

संवाददाता, भीमताल

**पहल**

- 2016 के पीसीएस टॉपर हिमांशु कफल्टिया ने इसकी शुरुआत की
- बच्चों को मोबाइल व नशे से दूर कर पुस्तकों से जोड़ने की कोशिश

**अमृत विचार :** श्री देवगुरु नागरिक पुस्तकालय पोखरी ( शिवनगरम् ) ओखलकांडा जिज्ञासु बच्चों का पढ़ने का एक अच्छा स्थान बना है, जिसमें बच्चे अपनी सुविधा के अनुसार आकर स्वाध्याय करते हैं।

पहाड़ी क्षेत्रों में बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए ऐसे पुस्तकालय लाभप्रद हो रहे हैं। इस नागरिक पुस्तकालय की देखरेख कर रहे प्रभारी डॉ. हेमन्त कुमार जोशी ने बताया कि 2016 के उत्तराखण्ड पीसीएस टॉपर हिमांशु कफल्टिया के एसडीएम टनकपुर रहते हुए उन्होंने इस कार्य की शुरुआत की थी। जिसका उद्देश्य बच्चों को मोबाइल व नशे से दूर करके पुस्तकों के साथ जोड़ना है। श्री देवगुरु नागरिक पुस्तकालय तल्ली पोखरी के प्रभारी ने बताया कि 1 जुलाई को बच्चों के लेखन विकास के लिए कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्ग में कक्षा पांच से 12वीं तक के बच्चों की हिन्दी-अंग्रेजी में सुलेख प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी, जिसमें सायंकाल 4 बजे से क्षेत्र के बच्चे प्रतिभाग कर सकते हैं।

वहीं बताया कि पुस्तकालय में सुनील जोशी राइका पतलोट के छात्र ने पहली बार दीवार में शानदार चित्र बनाया है।

## कमरे में मृत मिला नेपाली मजदूर

**नैनीताल :** तल्लीताल क्षेत्र में नेपाली अपने डेरे में मृत मिला। शेर बहादुर (58) नैनीताल के कृष्णापुर क्षेत्र में काम करता था। गुरुवार को बारिश के चलते वह कृष्णापुर क्षेत्र में ही अपने टीन शेड के डेरे में सो गया था। देर शाम उसके अन्य साथी नेपाली मजदूरों ने उसको अचेत अवस्था में देखा। जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर थाने से एसआई भावना बिष्ट एवं चीता कांस्टेबल अमित गहलोत पहुंचे। पुलिस ने तत्काल उसे बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि फिलहाल जांच की जा रही है। शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## ई-रिक्शा रिचार्ज प्वाइंट में फैलाई अराजकता

**नैनीताल :** मल्लीताल जूम लैंड क्षेत्र में ई-रिक्शा रिचार्ज प्वाइंट में नशेड़ियों की ओर से अराजकता फैलाने का आरोप है। रिक्शा संगठन की ओर से कोतवाली में शिकायती पत्र देकर रोज की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। साइकिल रिक्शा समिति की ओर से कोतवाली में तहरीर देते हुए कहा गया कि जूम लैंड के समीप ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन है। साथ ही वहां रिक्शा कार्यालय होने के चलते कैश भी जमा रहता है। यहां रोजाना कई नशेड़ी युवकों की ओर से अराजकता फैलाई जाती है। कहा कि बीते दिनों रात को चौकीदार बहादुर राम वहां दरवाजा बंद कर खाना खा रहा था। इस दौरान कुछ नशेड़ी युवक उक्त स्थान पर पहुंचे। उन्होंने दरवाजा खोलने को कहा लेकिन चौकीदार ने मना कर दिया। जिसके बाद युवकों ने दरवाजे पर लात मारना शुरू कर दिया और चौकीदार को गाली देने लगे। एसएसआई पीएस मेहरा ने बताया कि क्षेत्र में गश्त कर नशेड़ी युवकों पर नजर रखी जा रही है। उक्त स्थान में अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ करवाई की जाएगी।

# खुर्पाताल ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता

खुर्पाताल टीम के विजेता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नगर के समीपवर्ती खुर्पाताल में बीते 15 दिनों से आयोजित अंडर-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुक्रवार को फाइनल मुकाबला अधौड़ा वर्सेस खुर्पाताल के मध्य खेला गया। जिसमें खुर्पाताल ने दो विकेट से जीत दर्ज कर फाइनल अपने नाम किया। इस दौरान मुख्य अतिथि यतिन बिष्ट, जंगल पुल के ओनर व मनसा होमस्टे के पूरन रहे। आयोजक मंडल में अजय कनवाल, शुभम कुमार, जीवन नेगी, विनोद कुमार, गणेश सिंह बिष्ट, हेमंत बिष्ट आदि ने सहयोग किया।

## कोलकाता से पहुंचे पर्यटक की हृदयाघात से मौत

**नैनीताल।** कोलकाता से अपने परिवार के साथ नैनीताल घूमने आए एक अधेड़ पर्यटक की हृदय घात से मौत हो गई, 55 वर्षीय राजा मुखर्जी अपने परिवार के साथ घूमने के लिए नैनीताल आये थे। बृहस्पतिवार को होटल में उनके सीने में दर्द उठा और वह बेहोश हो गए। जिसके बाद परिजन उनको आनन फानन में बीडी पांडे अस्पताल ले आये। जहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में तैनात डॉ. नेहा ने बताया कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मृत्यु हो चुकी थी। प्रथम दृष्टिया मामला हृदयघात का लग रही है।

## ज्वाइंट कमिश्नर ने सुनीं अधिवक्ताओं की समस्याएं

अधिवक्ताओं से वार्ता करतीं ज्वाइंट कमिश्नर।

**रामनगर :** टैक्स बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं और ज्वाइंट कमिश्नर स्मिता व राज्यकर अधिकारियों के साथ सम्पन्न बैठक में विभिन्न प्रकार की समस्याओं से ज्वाइंट कमिश्नर को अवगत कराया गया। अधिवक्ताओं ने कहा कि राज्यकर कार्यालय छोई रामनगर के अधिकांश सीसी टीवी कैमरे काफी समय से चालू नहीं हैं जिससे राज्यकर कार्यालय की सुरक्षा को भी खतरा है। मुख्य द्वार से लेकर प्रवेश द्वार तक लगे सभी सीसी टीवी कैमरे चालू किये जाएं इसके अलावा राज्यकर कार्यालय छोई में केन्टीन की व्यवस्था करायी जाए। इस दौरान बार के अध्यक्ष पूरन चंद पाण्डे, सचिव मो. फिरोज अंसारी व बार के समस्त अधिवक्ताओं द्वारा जीएसटी में आ रहीं विभिन्न प्रकार की समस्याओं पर संक्षिप्त वार्ता की गयी। रामनगर टैक्स बार की ओर से ज्वाइंट कमिश्नर स्मिता को बार की डायरी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बैठक में रामनगर टैक्स बार के अध्यक्ष पूरन चंद पाण्डे, गुलरेज रजा, भोपाल सिंह रावत, प्रबल बंसल, गौरव गोला, रोहित महेश्वरी, मनोज बिष्ट, मनोज अग्रवाल सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

# नशे से दूर रहने का संदेश दिया

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार व जिला न्यायाधीश सुबीर कुमार के मार्गदर्शन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बीनू गुलयानी की ओर से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पाइंस में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के संबंध में जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर के दौरान छात्र-छात्राओं को नशे से मुक्त समाज में विशेष भूमिका के लिए प्रेरित कर नशे से हो रही हानि के बारे में अवगत कराया गया।

नशे की रोकथाम के लिए नशा मुक्त भारत की शपथ भी दिलाई गई। सहायक समाज कल्याण अधिकारी की ओर से शिविर का संचालन कर सिगरेट एंड अदर टोबेको प्रोडक्ट अधिनियम 2003 की जानकारी दी गई। छात्रों से युवा पीढ़ी में नशे के बढ़ते मामलों व नशे से संबंधित शारीरिक एवं सामाजिक दुष्प्रभाव, संबंधित दंडात्मक प्रावधान के विषय पर भी जानकारी दी गई। जागरूकता शिविर में छात्रों को खेल के प्रति अग्रसर होने के लिए भी प्रेरित किया गया। छात्रों की ओर से वाद-विवाद, कैरम, शतरंज, वॉलीबॉल आदि प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रधानाचार्य बीके जोशी, रवि वर्मा समेत छात्र मौजूद रहे।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पाइंस में नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव की जानकारी देते विशेषज्ञ। ● अमृत विचार

## गुरुद्वारे में चोरी का प्रयास

**रामनगर :** गुरुवार की देर रात थारी गांव स्थित गुरुद्वारे में दरवाजे को गैस सिलेंडर से जलाकर गुरुद्वारे में चोरी करने की कोशिश करने का प्रयास करता एक आरोपी को दबोच लिया। जबकि उसके साथी फरार हो गए। अलबत्ता इस घटना से इलाके में रोष व्याप्त हो गया। शुक्रवार की सुबह लोगों ने आरोपी को रामनगर कोतवाली में सौंपते हुए अपना रोष जताया। इस दौरान ईश्वर सिंह, हरपाल सिंह, परमजीत सिंह ,सतनाम सिंह, मुन्ना सिंह, प्रेम सिंह आदि मौजूद रहे।

**पाठकों हेतु सूचना**

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

**आज का मौसम**

हल्की गरज के साथ तूफान और बारिश।

| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| 31.0⁰ | 26.0⁰ |

सूर्योदय 05.16 | सूर्यास्त 07.15

## एक नजर

### देहरादून में आंदोलन करेंगे राज्य आंदोलनकारी

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों ने बैठक की। जिसमें तय हुआ कि 30 जून को देहरादून में राजपुर रोड के पास संगठन के सभी लोग एकत्रित होंगे। संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष नरेश चन्द्र भट्ट ने कहा कि आंदोलनकारियों को 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण, एक समान पेंशन, मूल निवास, भू कानून, लोकायुक्त आदि मांगों को लेकर आंदोलन किया जाएगा।

### नेहा बनी महिला मोर्चा की अध्यक्ष, रीना महामंत्री

**हल्द्वानी :** उत्तरांचल स्वच्छकार कर्मचारी महिला मोर्चा के चुनाव शुक्रवार को सर्वसम्मति से संपन्न हुए, जिसमें नेहा को अध्यक्ष और रीना मासी को महामंत्री चुना गया। साथ ही, अन्य नवनिर्वाचित पदाधिकारी चुने गए। चुनाव संघ के प्रदेश अध्यक्ष राम अवतार के नेतृत्व में संपन्न हुए। इस अवसर पर महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष माया नैथानी व जिला महामंत्री मीरा चिडालिया ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को शुभकामनाएं दी और हमेशा कर्मचारियों के हित व अधिकारों की आवाज उठाने की अपील की।

### आबकारी सिपाही व अन्य पदों के लिए परीक्षा कल

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड अधीनस्थ चयन आयोग की ओर से परिवहन आरक्षी, आबकारी सिपाही, उप आबकारी निरीक्षक, होटल मैनेजर और हाउसकीपिंग के पदों पर चयन के लिए रविवार को लिखित परीक्षा होगी। इसके लिए शहर में नवाबी रोड स्थित दून पब्लिक स्कूल, राजकीय इंटर कॉलेज नारायण नगर कुसुमखेड़ा, एचएन इंटर कॉलेज हल्द्वानी, बरेली रोड स्थित हिमालय विद्या मंदिर, खालसा राष्ट्रीय बालिका इंटर कॉलेज, महात्मा गांधी इंटर कॉलेज, नैनी वैली सीनियर सेकेंडरी, क्वींस पब्लिक स्कूल, गौजाजाली स्थित शिशु भारती विद्या मंदिर, सेंट पॉल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल और सेंट थेरेसा में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

# दमुवाढूंगा में छुटभैया नेता ने कब्जाई सरकारी जमीन

## चम्बल पुल-कठघरिया बाईपास मार्ग पर शर्मा आटा चक्की के सामने खुलेआम से चल रहा अवैध निर्माण का खेल

**अतिक्रमण**

- सिंचाई विभाग की नहर पर कर लिया कब्जा, यहां कभी हुआ करता था ताश
- नवनिर्मित तीन कमरों के भवन के आगे नहर का भरान कर बना ली पार्किंग

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सरकारी जमीनों पर कब्जे का खेल बदस्तूर जारी है। तीनपानी के बाद अब दमुवाढूंगा में भी ऐसा ही मामला सामने आया है। यहां भी सिंचाई विभाग की जमीन पर कब्जा हो रहा है। मजे की बात यह है कि इस ओर किसी अधिकारी का ध्यान नहीं गया। जबकि पिछले छह माह से निर्माण लगातार जारी है। छुटभैये नेता ने नवनिर्मित तीन कमरों के आगे स्थित नहर को मलबा डाल कर पाट दिया।

पनचक्की चौराहे से लालडांठ रोड पर करीब आधा किलोमीटर दूर चंबल पुल है। चंबल पुल से एक रास्ता लालडांठ की ओर और दूसरा कठघरिया की ओर जाता है। चंबल से आधा किलोमीटर कठघरिया की ओर सिंचाई विभाग की अंग्रेजों के समय बनाई नहर थी, जिस पर सिंचाई विभाग का ताश भी था। यह इलाका जवाहर ज्योति वार्ड 36 है। सिंचाई विभाग की यह नहर काम की नहीं रही और समय के साथ नहर व ताश दोनों जमींदोज हो गए। बंद हो चुकी नहर और सिंचाई विभाग की जमीन पर एक छुटभैया नेता की नजर पड़ गई। लगभग तालाब जैसी हो चुकी इस जमीन पर पहले मलबा डालकर नहर को भर दिया गया। उसी के पास तीन कमरों का भवन व बगल में ही टीनशेड डाला। इस निर्माण और मुख्य मार्ग के बीच नहर आड़े आ रही थी। नहर की वजह से यह भवन किसी काम का नहीं था। तो इस नेता ने आड़े आ रही नहर को ही भरान कर पाट दिया, जिससे वह हिस्सा भवन के आगे पार्किंग की तरह का बन गया।

दमुवाढूंगा में सिंचाई विभाग की जमीन पर किए कब्जे का निरीक्षण करते ईई बीसी नैनवाल। ● अमृत विचार

### मुख्य अभियंता का एक्शन, अतिक्रमण पर चलेगी जेसीबी

**हल्द्वानी :** सिंचाई विभाग की नहर पर अतिक्रमण की खबर सुनकर मुख्य अभियंता संजय शुक्ल ने तुरंत एक्शन लिया। उन्होंने अधिशासी अभियंता बीसी नैनवाल को मौके पर भेजा। जांच में सिंचाई विभाग की भूमि पर अतिक्रमण पाया गया। आरोपी को सिंचाई विभाग ने नोटिस जारी किया। अधिशासी अभियंता बीसी नैनवाल ने बताया कि आरोपी ने शनिवार को खुद अतिक्रमण पर जेसीबी चलाने की बात कही है। यदि शनिवार को अतिक्रमण खाली नहीं होता तो रविवार को विभाग खुद जेसीबी से अतिक्रमण हटाएगा।

### औरों को नोटिस, इन पर रहम

**हल्द्वानी :** प्रशासन भी अवैध निर्माण पर देख समझकर ही कार्रवाई करता है। असल में चंबल पुल से लेकर चौफुला तक दमुवाढूंगा वाला हिस्सा गैर राजस्व है। यहां कई लोगों ने सड़क किनारे दुकानें बना दी हैं। इनमें से कुछ लोगों को नोटिस दिया जा चुका है। साथ ही कुछ दुकानों को बनने के बाद कार्रवाई करते हुए सील भी कर दिया गया, लेकिन सिंचाई विभाग की भूमि पर आराम से निर्माण होता रहा और नोटिस भी नही दिया गया।

### नहर पाटने से बढ़ गईं कमरों की कीमत

**हल्द्वानी :** अमृत विचार की टीम ने जब स्थानीय लोगों से इस बारे में जानकारी जुटाई तो बताया कि जिस जमीन पर कब्जा हो रहा है वैसे तो उसकी कोई खास कीमत नही थी, क्योंकि मकान और सड़क के आड़े नहर आ रही थी। नहर को पाट कर कब्जाते ही कमरों की कीमत कई गुना बढ़ गई। इस इलाके में ऐसी तमाम जमीनें हैं जो सरकारी हैं लेकिन धड़ल्ले से बेची और खरीदी जा रही हैं।

### कभी जानवर पीते थे पानी ग्रामीण धोते थे कपड़े

**हल्द्वानी :** वर्तमान से करीब 15-20 साल पहले इस इलाके में आबादी न के बराबर थी और इलाका जंगल से घिरा था। जो भी लोग यहां निवास करते थे उनकी जीविका का साधन खेती और जानवर थे। जानवर दिनभर जंगल में चरने के बाद यहां आकर अपनी प्यास बुझाते थे। तब यहां पेयजल लाइन नहीं थी और न ही सड़कें थी। तब लोग अपने कपड़े भी इस ताश पर और इसके बगल में बने तालाब में धोते थे। हालांकि अब यहां न नहर है, न ताश और न ही तालाब।

### राजनीतिक दल से जुड़े बड़े नेताओं का संरक्षण

**हल्द्वानी :** इस व्यक्ति ने दमुवाढूंगा क्षेत्र में अपनी छवि नेताओं जैसी बना रखी है। लोगों को बताता है कि उसका एक बड़े राजनीतिक दल से संबंध है। यही वजह है कि पिछले कई माह से अवैध निर्माण लगातार जारी है और अधिकारी हाथ डालने से कतरा रहे हैं।

## मुनाफे के लालच में गंवाए 7 लाख रुपये

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** शेयर मार्केट में निवेश के जरिए बड़ा लाभ कमाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक व्यक्ति से 6 लाख 88 हजार रुपए ठग लिए। पीड़ित ने शुक्रवार को साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन रुद्रपुर में मुकदमा दर्ज कराया। साइबर सेल ने जांच शुरू कर दी है।

फ्रेंड्स कॉलोनी हल्द्वानी निवासी अवधेश कुमार ने पुलिस को बताया कि बीती 27 मई को उनके व्हाट्सएप पर एक अंजान नंबर से मार्केटिंग व ट्रेडिंग सिखाने संबंधी मैसेज आया। स्वयं को शेयर मार्केट का असिस्टेंट एडवाइजर बताने वाले ने अवधेश को सोशल मीडिया ग्रुप से जोड़ दिया, जिसमें लोग शेयर मार्केट में अपने प्रॉफिट के स्क्रीन शॉट शेयर करते थे। वह झांसे में आ गया और बड़ा लाभ कमाने के लालच में अवधेश ने उनके द्वारा शेयर की गई मार्केटिंग संबंधित एक बेवसाईट पर रजिस्ट्रेशन करा लिया। मार्केटिंग ट्रेडिंग में निवेश के लिए 15 हजार रुपये पहली किश्त के तौर पर जमा करा ली।

शेयर मार्केट के एडवाइजर बताने वालों ने अवधेश से निवेश के नाम पर करीब दो माह में 6 लाख 88 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए। जब अवधेश ने ग्रुप से जुड़े अन्य लोगों से नॉर्मल व व्हाट्सएप कॉल की, तो कॉल नहीं लगी।

# आज डायवर्ट रहेंगे प्रमुख मार्ग शहर के बाहर से गुजरेंगे वाहन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** वीकेंड को देखते हुए पुलिस ने डायवर्जन प्लान जारी कर दिया है। जिसके तहत पर्यटक वाहन शहर के बाहर से होकर गुजरेंगे। डायवर्जन दो दिन लागू रहेगा और इस दौरान रामपुर रोड से नैनीताल जाने वाले पर्यटक वाहनों को थोड़ा लंबा फेरा लगाना होगा।

पुलिस के मुताबिक शनिवार और रविवार के लिए प्लान लागू किया गया है। बरेली रोड से नैनीताल, भीमताल, भवाली, कैंची धाम, अल्मोड़ा की ओर जाने वाले वाहन तीनपानी तिराहे से डायवर्ट होकर गौला बाईपास होते हुए नारीमन तिराहे से अपने गंतव्य की ओर जाएंगे। रामपुर रोड से नैनीताल जाने वालों को पंचायतघर तिराहे से डायवर्ट होकर आरटीओ रोड, हनुमान मंदिर, कालाढूंगी बाईपास रोड से वाया कालाढूंगी होते हुए नैनीताल में प्रवेश करेंगे। जबकि भीमताल, भवाली, कैंची धाम, अल्मोड़ा जाने वाले शीतल होटल तिराहे से मुड़कर तीनपानी तिराहा से गौला बाईपास होते हुए नारीमन तिराहे पर निकलेंगे।

**ट्रैफिक प्लान**

- वीकेंड को देखते हुए लागू किया गया दो दिवसीय डायवर्जन प्लान
- रामपुर रोड से नैनीताल जाने वाले पर्यटक लगाएंगे लंबा फेरा

कालाढूंगी रोड से नैनीताल, भीमताल, भवाली, कैंचीधाम, अल्मोड़ा की ओर जाने वाले लालडांठ तिराहे से डायवर्ट होकर हाइडिल गेट, कॉलटैक्स तिराहा होते हुए नारीमन तिराहे जाएंगे। वीकेंड के दौरान शनिवार व रविवार को यात्रा रूट पर भारी वाहनों का प्रवेश सुबह 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक पूर्ण रूप से वर्जित होगा।

## निदेशक ने किया बहुउद्देशीय भवन का निरीक्षण

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** समाज कल्याण विभाग के निदेशक आशीष भटगांई ने शुक्रवार को रुद्रपुर में निर्माणाधीन डॉ. भीमराव अंबेडकर बहुउद्देशीय भवन का निरीक्षण किया। 314.60 लाख रुपये में बन रहे इस भवन में ग्राउंड फ्लोर में 11 दुकानें, प्रथम तल में 4 हॉल व द्वितीय तल में प्रशिक्षणार्थियों के रुकने के लिए आवासीय कक्ष बनाए जा रहे हैं।

निरीक्षण के दौरान निदेशक भटगांई ने कार्य को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा करने निर्देश दिए। भवन के निर्मित होने के बाद नियमानुसार दुकानें आंवटित की जाएंगी। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अमन अनिरुद्ध, जेई विनोद आदि शामिल रहे।

# एसटीएच में अब रेडियोलॉजी सेवा भी पीपीपी मोड पर दी गई

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में पहले भीड़ होने पर मदद करने की बात कहकर ईसीजी सेवा को पीपीपी मोड पर दे दिया गया। अब एक्सरे, अल्ट्रासाउंड जैसी सेवाएं भी पीपीपी मोड पर दे दी गईं हैं। करीब छह माह के अंदर रेडियोलॉजी सेवा को पीपीपी मोड पर देने के लिए पर्दे के पीछे पूरा खेल खेला गया है।

सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को पीपीपी मोड पर देने का खेल चल रहा है। यह तब है जब रामनगर में अस्पताल को पीपीपी मोड पर दिए जाने से स्थानीय लोग भी नाराज हैं। साथ ही एक विधायक भी खुलेआम नाराजगी जता चुके हैं। एसटीएच में भी रेडियोलॉजी की जांचों में ज्यादातर को पीपीपी मोड में दे दिया गया है। मजे की बात यह है कि इसके लिए पूरी तरह से एक तैयारी की गई। पहले एक कंपनी को इस बात पर ईसीजी का ठेका दिया गया कि अगर अस्पताल में भीड़ बढ़ती है तब कंपनी ईसीजी करेगी। इसके बाद बीती 6 मई को कंपनी को अल्ट्रासाउंड, एक्सरे भी दे दिया गया। ऐसा तब किया जा रहा है जब अस्पताल के पास रेडियोलॉजी विभाग में पूरा स्टाफ है। बस एक और डॉक्टर की जरूरत है। डॉक्टर की नियुक्ति की जगह अस्पताल में रेडियोलॉजी विभाग की ज्यादातर सेवाओं को ही पीपीपी मोड में दे दिया गया है।

**बदलाव**

- पहले भीड़ का हवाला देकर ईसीजी सेवा दी पीपीपी मोड पर
- विभाग के पास पर्याप्त स्टाफ होने के बावजूद नई व्यवस्था शुरू

आदेश के अनुसार अस्पताल में एक्सरे और अल्ट्रासाउंड सेवा भी पीपीपी मोड में दे दी गई है। इससे पहले ईसीजी सेवा भी पीपीपी मोड में दी जा चुकी थी।
-डॉ. जीएस तितियाल एमएस, सुशीला तिवारी अस्पताल, हल्द्वानी

# न्याय संहिता के तहत पुलिस के काम की होगी समीक्षा, नजर रखेगी कमेटी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नए कानून यानी भारतीय न्याय संहिता के तहत होने वाली पुलिस कार्रवाई की समीक्षा होगी। कोतवाली सभागार में आयोजित मासिक अपराध समीक्षा बैठक में एसएसपी ने पुलिस कार्रवाई की लगातार समीक्षा के लिए कमेटी बनाने के भी निर्देश दिए। बैठक में भारतीय न्याय संहिता के नए प्रावधानों पर संयुक्त निदेशक विधि ने विस्तृत जानकारी दी।

एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने कहा, नए कानून के संबंध में सभी थाने जन जागरुकता कार्यक्रम चलाएं। स्वयं सेवी समूहों, संस्थाओं के सहयोग से पोस्टर, बैनर, नुक्कड़ नाटक आयोजित कराएं। यातायात नियमों की जागरूकता के लिए जूनियर ट्रैफिक फोर्स को भी करें। उन्होंने मॉनसून सीजन को देखते हुए थाना व एसडीआरएफ की टीमों को तैयार रहने के निर्देश दिए। रात में गश्त बढ़ाने और आगामी नगर निकाय निर्वाचन में सुरक्षा व्यवस्थाओं की तैयारी के निर्देश दिए। बैठक से पूर्व एसएसपी ने अधिकारी और कर्मियों की समस्याओं को सुना और समाधान किया। बैठक में एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, एसपी क्राइम/ट्रैफिक हरबंस सिंह, सीओ रामनगर भूपेंद्र सिंह भंडारी, सीओ लालकुआं संगीता, सीओ नैनीताल सुमित पांडे, सीएफओ गौरव किरार व सभी थाना प्रभारी और शाखा प्रभारी मौजूद रहे।

हल्द्वानी में पुलिस अधिकारियों की बैठक लेते एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा।

# रुद्रपुर रोडवेज स्टेशन में अतिक्रमण ध्वस्त करें

**निर्देश**

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** मंडलायुक्त दीपक रावत ने कैंप कार्यालय हल्द्वानी में बैठक लेते हुए रूद्रपुर शहर में आधुनिक बस स्टेशन टर्मिनल और वर्कशाप भवन के निर्माण कार्यो की समीक्षा की। पता चला कि यहां अवैध अतिक्रमण हो गया है।

समीक्षा के दौरान आयुक्त के संज्ञान मे आया कि रुद्रपुर रोडवेज स्टेशन की भूमि पर रोडवेज के कर्मचारियों ने अतिक्रमण कर भवन बना लिए हैं। जिससे रोडवेज टर्मिनल के काम में व्यवधान आ रहा है। आयुक्त ने दूरभाष पर जिलाधिकारी उधमसिंह नगर उदय राज सिंह से को अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि रुद्रपुर शहर में 80 करोड़ की लागत से 3.8 एकड में आधुनिक बस टर्मिनल बनाया जा रहा है। जिसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधा होंगी। बैठक में पेयजल निगम की महाप्रबंधक मृदुला सिंह ने बताया कि वर्तमान में कुमाऊं मण्डल में करीब 500 योजनाओं पर काम हो रहा है। पांच करोड़ की लागत से कुमाऊं मंडल में 37 काम किए जा रहे हैं। आयुक्त कहा कि जो कार्य रुके हैं, उनकी समस्या का समाधान करें जिससे काम शीघ्र हो सके।

गौलापार रेलवे स्टेशन के समीप बनने वाले आरटीओ कार्यालय और ड्राइविंग स्कूल के लिए भूमि वन विभाग ने आवंटित कर दी है लेकिन रेलवे विभाग उक्त उक्त भूमि पर काम नहीं करने दे रहा है। आयुक्त ने आरटीओ एवं सम्बन्धित अधिकारियों को रेलवे के अधिकारियों के साथ बैठक कर शीघ्र भूमि विवाद के समाधान करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि मंडल में पेयजल निर्माण निगम जो भी निर्माण कर रहा है, सबमें जल संग्रहण व्यवस्था व ग्रीन प्लान्टेशन अवश्य हो।

कैंप कार्यालय में बैठक करते कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

### कुमाऊं आयुक्त ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं

**हल्द्वानी :** कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने कैंप कार्यालय में जनता दरबार लगाया। इस दौरान तलाक, जमीन, वेतन, बेईमानी, धोखाधड़ी से संबंधित मामले आए। रितिका जोशी पुत्री चंद्र दत जोशी निवासी दो नहरिया हल्द्वानी ने बताया कि जून से नवंबर, 2023 तक ठंडी सड़क पर स्थित बॉडी पावर जिम में 10 हजार रुपये प्रति माह के वेतन पर रिसेप्शनिस्ट के पद पर काम कर रही थी। रितिका ने शिकायत की कि जिम मालिक कबीर लाल ने अक्टूबर व नवंबर 2023 माह का वेतन नहीं दिया है। इस पर दीपक रावत ने कबीर लाल को शाम तक वेतन देने के लिए निर्देशित किया। लोहाघाट निवासी स्मृति जोशी ने शिकायत की कि पड़ोसी रमेश मेहता ने उनकी भूमि पर अतिक्रमण कर लिया है। हमारे पत्थर से ही उक्त भूमि में बाउंड्री बनाई है, जिसको हटाने और पत्थर वापस करने के लिए कहने पर मेहता हमें धमका रहा है। कुमाऊं आयुक्त ने संबंधित उप जिलाधिकारी के माध्यम से अतिशीघ्र भूमि खाली कराने और पत्थर वापस दिलाने का आश्वासन दिया। अब्दुल मुस्तफा निवासी खताड़ी रामनगर ने बताया कि उनके पड़ोसी वसीम ने ग्राम उदयपुर चोपड़ा तहसील रामनगर निवासी अरुण कुमार मासीवाला, नरेंद्र मासीवाला, जगदीश मासीवाला व योगेश मासीवाला से जमीन बेचने को लेकर मिलवाया था। छह बीघा जमीन अब्दुल को खरीदनी थी जिसकी कीमत 64 लाख रुपये थी। बताया कि पूरी रकम देने के बाद भी जमीन पर कब्जा नहीं दिया जा रहा है। आयुक्त ने 10 दिन के अंदर आरोपियों को रुपये लौटाने के निर्देश दिए।

**अनदेखी** अभी तक जमरानी कॉलोनी वाली जगह का अधिकार वन विभाग के पास, सन 1980 के वन भूमि एक्ट की वजह से सिंचाई विभाग को नहीं मिला स्वामित्व

# जमरानी बांध बना रहे पर खुद के दफ्तर की भूमि का ही स्वामित्व नहीं

नरेन्द्र देव सिंह, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** जमरानी बांध बनाने वाले उत्तराखंड सिंचाई विभाग के पास जमरानी बांध के लिए बनाए गए कार्यालय और रिहाइशी भवन वाली जमीन पर भू-स्वामित्व ही नहीं है। सन 1976 में बना दिए गए कार्यालय और रिहाइशी इलाके के भू-स्वामित्व का मामला अभी तक अटका हुआ है। मामला अटकने की वजह सन 1980 में बना वन भूमि का एक्ट है।

हल्द्वानी के पास अमृतपुर में जमरानी बांध बनाए जाने की योजना पर काम करना सन 1976 में ही शुरू हो गया था। बाद में यह काम आगे नहीं बढ़ पाया। साल 2014 के बाद इस काम में गति आई। जमरानी बांध बनाने के लिए तत्कालीन उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग ने दमुवाढूंगा में पनचक्की के पास एक जमरानी बांध कॉलोनी बनाई थी। कुल 7.5 हेक्टेयर जमीन को वन विभाग से लिया गया था। यहां जमरानी बांध परियोजना के लिए कार्यालय बनाए गए थे और साथ ही कर्मचारियों और अधिकारियों के रहने के लिए सरकारी भवन भी बनाए गए थे। इसके बाद वन भूमि को सिंचाई विभाग ने हस्तांतरण के लिए कोई कार्यवाही नहीं की। बताया जाता है कि उस समय वन भूमि के नियम इतने कड़े नहीं थे अगर उस समय तुरंत ही 7.5 हेक्टेयर जमीन के भू-स्वामित्व के लिए दावा किया गया होता तो जमीन उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग को मिल जाती। इस बीच साल 1980 में वन भूमि एक्ट लागू कर दिया गया। जिस वजह से वन भूमि को हस्तांतरण किए जाने के मामलों पर कड़े नियम लगा दिए गए। उसके बाद इस भूमि को सिंचाई विभाग ने लेने की कोशिश की लेकिन काम नहीं बना। बाद में जमरानी बांध परियोजना भी ठंडे बस्ते में चली गई। साल 2000 में उत्तराखंड बना और परियोजना उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग से उत्तराखंड सिंचाई विभाग के पास आ गई। साल 2014 के बाद परियोजना में फिर से तेजी आई लेकिन अभी तक इस 7.5 हेक्टेयर भूमि को वन विभाग ने अपने पास ही रखा है जबकि जमरानी बांध के लिए आवश्यक वन भूमि को वन विभाग ने परियोजना के लिए दे दिया है। अब विडंबना यह है कि जमरानी बांध तो सिंचाई विभाग की अपनी जमीन पर बनेगा लेकिन जो कार्यालय उसे संचालित करेगा वह अपनी जमीन में न होकर एक तरह से कब्जे की जमीन पर रहेगा।

जमरानी बांध कॉलोनी काफी पुरानी बसी हुई है। हालांकि इस जमीन का स्वामित्व सिंचाई विभाग के पास नहीं है। इसके लिए पैरवी की जा रही है।
-ललित कुमार बिष्ट, उप महाप्रबंधक, जमरानी बांध परियोजना, हल्द्वानी

### हो गए अवैध निर्माण अब बन रहे दिक्कत

**हल्द्वानी :** दमुवाढूंगा के जिस हिस्से में वन भूमि पर जमरानी कॉलोनी बनाई गई है, उस भूमि के आसपास पूरी तरह से लोगों ने कब्जा कर दिया है। ऐसे में वन विभाग के लिए अब जमरानी कॉलोनी की भूमि का स्वामित्व सिंचाई विभाग को दिया जाना टेढ़ी खीर होगा क्योंकि अन्य पक्ष भी स्वामित्व की मांग कर सकते हैं।

### कोर्ट जाते हैं लेकिन कहते हैं जमीन के कागज दिखाओ

सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जमरानी कॉलोनी के आसपास हो चुके अतिक्रमण को हटाने के लिए एक-दो बार कोर्ट भी जा चुके हैं लेकिन जब हमारे पास स्वयं 7.5 हेक्टेयर जमीन का स्वामित्व नहीं है तो हमारा दावे की सुनवाई नहीं होती है।

## शिक्षक पति से कहासुनी के बाद पत्नी ने लगा ली फांसी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पति छुट्टी पर घर आया था और पत्नी ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस को सूचना दिए बिना परिजन शव अस्पताल से घर ले गए। पुलिस पहुंची तो शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। परिजन आत्महत्या की बात कह रहे हैं।

चौफुला चौराहा दमुवाढूंगा निवासी संजीत लोहिया बागेश्वर में सरकारी अध्यापक हैं। वह बागेश्वर में अपने 16 वर्षीय बेटे के साथ रहते हैं। जबकि पत्नी चंद्रकला लोहिया (38) चौफुला में अकेली रहती थी और एक मार्केटिंग कंपनी के लिए काम करती थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ दिन पहले ही संजीत एक माह की छुट्टी पर अपने बेटे के साथ घर आया था। गुरुवार शाम पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिसके बाद पति बेटे के साथ घर से बाहर चला गया। कुछ देर बाद लौटा तो पत्नी का शव दुपट्टे के सहारे कमरे में लटका था। आनन-फानन वह उसे निजी अस्पताल ले गए। मौत की पुष्टि के बाद वह शव घर ले आए। लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।

- निजी अस्पताल में मौत की पुष्टि शव लेकर वापस लौटे घर वाले
- पुलिस मौके पर पहुंची और शव को भेजा पोस्टमार्टम हाउस

### रामनगर को भतरौज खान से अल्मोड़ा-रानीखेत, नैनीताल-हल्द्वानी से रामनगर तक के सम्पर्क मार्गों का केंद्र बिंदु बनाने का आह्वान किया

# चार धाम यात्रा के लिए कुमाऊं मंडल में जगाएंगे अलख

सवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** चारधाम यात्रा को कुमाऊं से जोड़ने की अलख अब विभिन्न संगठनों ने उठाने का बीड़ा उठाया है। लगातार बातचीत में युवाओं का कहना है कि अल्मोड़ा, रानीखेत से भतरौज खान, नैनीताल, हल्द्वानी से रामनगर तक के सम्पर्क मार्गों को रामनगर का केंद्र बिंदु यदि बनाया जाए तो चार धाम यात्रा को वापसी में रामनगर से जोड़ने का मकसद सार्थक होगा।

इसके लिए कुमाऊं के लोगों को जागरूक किया जाएगा। जीवनधारा सोसाइटी से जुड़े युवाओं की सोच है कि चार धाम यात्रा वापसी में रामनगर में आकर समापन हो यह समय की मांग है। क्या कुछ कहा युवाओं ने आइये जानते हैं।

चार धाम यात्रा का प्रारम्भ हरिद्वार से किया जाता है तो उसका समापन रामनगर से किया जाना चाहिए। तभी यह पूर्ण परिक्रमा कहलाएगी। सनातन धर्म मे यही विधान है कि पूजा के बाद मंदिर की परिक्रमा की जाती है। चार धाम यात्रा की यदि परिक्रमा को देखा जाए तो यह रामनगर में आकर समाप्त होती है। पचास के दशक में यही विधान था। चार धाम यात्रा की वापसी के लिए मिलकर सरकार से आग्रह करना होगा।

**-सौरभ गोयल**, संस्थापक अध्यक्ष

चारधाम यात्रा को रामनगर से यदि जोड़ने में सरकार कदम उठाती है तो इसका नैनीताल ओर अल्मोड़ा जनपद को भी लाभ मिलेगा। अल्मोड़ा का जागेश्वर धाम, द्वाराहाट का दूनागिरी, कसार देवी, रानीखेत का झूला देवी, कालिका मन्दिर, नैनीताल का नयना देवी, रामनगर का गिरजा देवी, हनुमान धाम, सीतावनी, गूलर सिद्ध आदि धार्मिक स्थलों के महत्व को भी चार धाम यात्रा के श्रद्धालु जान सकेंगे। **-शोभित मित्तल**, अध्यक्ष

चार धाम यात्रा के दौरान मार्ग में पड़ने वाले यातायात दबाब को यदि नियंत्रण में रखना है तो सरकार चाहिए कि वह यात्रा का डायवर्जन गैरसैण होते हुए रामनगर की ओर करना जरूरी है। इससे कुमाऊं के कई स्थानों की आर्थिकी तो मजबूत होगी ही साथ ही युवाओ के लिए स्वरोजगार के द्वार भी खुल जाएंगे। गढ़वाल के साथ साथ उपेक्षित पड़े क्षेत्रों का विकास होता जाएगा, जो राज्य की खुशहाली का प्रतीक होगा।

**-मदन सिंह अधिकारी**, सचिव

बात चार धाम यात्रा को रामनगर से जोड़ा जाना अत्यंत जरूरी है। इससे कर्णप्रयाग से रामनगर तक पड़ने वाले मार्ग की दशा सुधर जाएगी। यह भी बता देना उचित है कि इससे पहले जब केदारनाथ में आपदा आयी थी तब सबसे मजबूत मार्ग रामनगर से कर्णप्रयाग वाला ही साबित हुआ था। इस मार्ग पर पड़ने वाली विधान सभाओं के विधायकों को सदन में आवाज उठानी चाहिए।

**-हरीश सिंह रावत**, उपाध्यक्ष



चार धाम यात्रा का रामनगर से जुड़ने का सवाल महत्वपूर्ण है। रामनगर से यात्रा जुड़ेगी तो बेरोजगारी, पलायन जैसी समस्याओं का स्वत: अंत होगा। लोग छोटे-छोटे कारोबार शुरू करेंगे। धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। जनप्रतिनिधियों को इस दिशा में मनन करने की जरूरत है। चार धाम यात्रा के नगर से शुरू होने से बेरोजगारों का जीवन भी सुधरेगा।

**-गजेंद्र सिंह रावत**, कोषाध्यक्ष

चार धाम यात्रा की वापसी रामनगर से शुरू करने के लिए सरकार पर दवाब बनाना बेहद जरूरी है। इसके लिए सभी को दलगत राजीनीति से ऊपर उठकर रामनगर के जनमानस को अपनी आवाज बुलंद करनी होगी। केवल रामनगर ही नहीं बल्कि कुमाऊं के लोगों को भी इस दिशा में जागरूक करना जरूरी है यह रामनगर के लिए ही नहीं कुमाऊं के लिए भी महत्वपूर्ण है। **-रितेश रावत**, कार्यकारिणी सदस्य

## अधिकांश निजी स्कूलों ने नहीं जमा किए प्रमाण पत्र

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** ब्लॉक के सभी निजी स्कूलों को राज्य सरकार की ओर से दिए गए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) और सीबीएसई मान्यता प्राप्त का प्रमाण पत्र जमा करने को कहा गया था लेकिन अधिकांश स्कूलों ने अभी तक अपने प्रमाण पत्र जमा नहीं किये हैं।

खंड शिक्षा अधिकारी अंशुल बिष्ट की ओर से समस्त संकुल प्रभारियों को शीघ्र स्कूलों के प्रमाण पत्रों की छायाप्रति जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। ब्लॉक में 38 स्कूलों ने राज्य सरकार की ओर से दी गई एनओसी और सीबीएसई की मान्यता का प्रमाण पत्र जमा नहीं किया है। जबकि 25 स्कूल अपने प्रमाण पत्र जमा कर चुके हैं। वहीं, 4 स्कूलों ने सीबीएसई मान्यता का प्रमाण पत्र तो जमा किया है लेकिन राज्य सरकार की ओर से दी जाने वाली एनओसी जमा नहीं की है।

BABA NEEM KARORI MAHARAJ
बी. एन. के. फिजियोथैरेपी एण्ड रिहैबिलिटेशन सेंटर

डॉ. पल्लवी जोशी
BPT, MPT (Neuro), DIDN, DCT
Fellowship in Chiropractor & Osteopathy
पूर्व चिकित्सक
श्री राममूर्ति मेडिकल कॉलेज बरेली,
एस.आर.एम.एस. स्टेप टू लाइफ लखनऊ
वी. श्री. कॉलेज मेडिसिटी हॉस्पिटल रुद्रपुर

## सार-संक्षेप

### 15 से पहले जमा करें कोटिकरण संशोधन की फाइल

**हल्द्वानी :** जिले के कई स्कूलों ने कोटिकरण संशोधन के लिए आवेदन किया था जिसमें जांच के बाद संबधित स्कूलों की फाइल मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय को भेजी जानी थी। जिले के खंड शिक्षा अधिकारियों ने संशोधन प्रकरणों को बिना जांचे मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय भेज दिया। इस पर मुख्य शिक्षा अधिकारी जगमोहन सोनी ने समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को 15 जुलाई तक प्रकरणों को जांचकर फाइल जमा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि उक्त तिथि के बाद प्राप्त होने वाले विद्यालय कोटिकरण से संबंधित प्रकरणों पर विचार नहीं किया जाएगा। मालूम हो कि कोटिकरण संशोधन के लिए जिलाधिकारी वंदना सिंह ने ब्लॉक स्तर पर समिति गठित की है जिसमें उप जिलाधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी शामिल हैं। अलग-अलग श्रेणी के अनुसार सुगम और दुर्गम का कोटिकरण किया जाता है। ए, बी और सी श्रेणी सुगम और डी, ई और एफ श्रेणी को दुर्गम निर्धारित किया जाता है। निर्धारित बिंदुओं के आधार पर अंक दिए जाते हैं। 2018 से पहले हुए कोटिकरण के बाद कई स्कूलों ने अपने कोटिकरण को गलत बताया था और उन्होंने अपने स्कूलों के कोटिकरण संशोधन के लिए आवेदन किया है। अब कोटिकरण संशोधित होने के बाद उन्हें दुर्गम या सुगम निर्धारित किया जाएगा।

हरिद्वार मंडी का निरीक्षण करते मंडी परिषद के अध्यक्ष डॉ. अनिल कपूर डब्बू।

### मंडी परिषद अध्यक्ष ने किया औचक निरीक्षण

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड मंडी परिषद के अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू प्रदेशभर में दौरा कर रहे हैं। इसके तहत उन्होंने हरिद्वार मंडी का औचक निरीक्षण किया। लंबे समय से मंडी के अधिकारियों की कार्यशैली को लेकर शिकायतें आ रही थीं। मंडी परिषद के अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू ने शुक्रवार को अचानक हरिद्वार मंडी परिसर में पहुंचे, जिससे अधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। उन्होंने बताया कि मंडी में गेस्ट हाउस को ठीक करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, मंडी में साफ सफाई भी ठीक नहीं थी, जिस पर उन्होंने अधिकारियों को सफाई पर खास ध्यान देने को कहा है। कहा कि मंडी के अंदर शीघ्र कोल्ड स्टोर बनाया जाएगा, जिससे किसानों की उपज को उसमें रखा जा सके। इससे उनकी उपज खराब नहीं होगी और उनकी आय में भी बढ़ोतरी होगी। मंडी की बेहतरी के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का यह लक्ष्य है कि किसानों की आय दोगुनी हो, इसको लेकर वह पूरी कर्मठता के साथ काम कर रहे हैं।

हल्दूचौड़ में कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुति देते बच्चे। ● अमृत विचार

### वार्षिकोत्सव में बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुति से मोहा मन

**हल्दूचौड़ :** एनएस टेक्नोलॉजी हल्दूचौड़ का वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। ट्रेनिंग ले रहे विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर समा बांध दिया। प्रबंधक नवीन जोशी ने बताया कि एनएस टेक्नोलॉजी की स्थापना वर्ष 2013 में की गई थी, जिसकी हल्द्वानी, बागेश्वर, दन्या में शाखाएं हैं तथा 2 वर्ष पूर्व हल्दूचौड़ में भी इसकी शाखा खोली गई। उन्होंने बताया कि टेक्नोलॉजी सेंटर की ओर से बेहद कम शुल्क में बच्चों को उच्च गुणवत्ता युक्त ट्रेनिंग दी जाती है ताकि प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्रों को स्वरोजगार से जुड़ने का अथवा रोजगार का अवसर प्राप्त हो सके। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य कमलेश चंदोला ने किया। उन्होंने कहा कि हल्दूचौड़ जैसे क्षेत्र में हाई टेक्नोलॉजी से सुसज्जित सेंटर क्षेत्र के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से मथुरा दत्त जोशी, गोविंद बल्लभ भट्ट, नवीन भट्ट, अजय उप्रेती, नारायण दत्त शर्मा, डॉ. राकेश कुमार, तारा दत्त दुमका आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन इंस्टिट्यूट के शिक्षार्थी सूरज राठौर तथा कंचन भट्ट ने संयुक्त रूप से किया।

# अस्पताल में सुविधाएं नहीं मिलने पर किया प्रदर्शन

### सुधार की मांग कर महिलाओं ने दिखाए काले झंडे, जुलूस निकाला

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** महिला एकता मंच की महिलाओं ने मालधन स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सेवाओं में सुधार की मांग को लेकर काले झंडे दिखाकर प्रदर्शन किया। उन्होंने विधायक, सांसद और अन्य जन प्रतिनिधियों पर मालधन क्षेत्र की उपेक्षा किए जाने व जनता को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। गुस्साईं महिलाओं ने काले झंडे एवं बाहों में काली पट्टी बांधकर जुलूस भी निकाला। इस दौरान सभा भी आयोजित की गई।

जन सभा में भगवती आर्य ने कहा कि अस्पताल में आवश्यक चिकित्सीय सुविधाओं की कमी होने के कारण जनता को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यह इलाका अनुसूचित जाति और ओबीसी बहुल है और यहां की आबादी 40 हजार से भी अधिक है। गीता आर्य ने कहा कि लगातार धरना प्रदर्शन एवं मुख्यमंत्री पोर्टल पर 42 से भी अधिक शिकायतें दर्ज करने के बाद मालधन के सरकारी अस्पताल में कुछ नाममात्र सुविधाएं मिलनी शुरू हुई हैं, परंतु अभी भी क्षेत्र की जनता को अस्पताल में 24 घंटे इमरजेंसी, प्रसव, ऑपरेशन, एक्स-रे व अल्ट्रासाउंड इत्यादि की सुविधा उपलब्ध नहीं है जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इन्हें उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है।

महिला एकता मंच की संयोजक ललिता रावत ने कहा कि सरकार ने जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का दावा किया है, लेकिन वास्तविकता में यहां की जनता को धोखा दिया गया है। अब वे राजनीतिक दलों के वादों पर विश्वास नहीं करेंगे और अपनी मांगों को मुकाम तक पहुंचाने के लिए संघर्ष जारी रखेंगे। ममता आर्य व सरस्वती जोशी के संयुक्त संचालक में हुई सभा को गंगा शाह, सूरज सिंह, विद्यावती, समाजवादी लोक मंच के संयोजक मुनीष कुमार, उपपा नेता आसिफ अली, विनीता दीदी, कौशल्या चुनियाल ने संबोधित किया। इस दौरान अरविंद कुमार, मुकेश जोशी, पिंकी, आनंदी देवी, ममता, सोनी, तुलसी, अल्का समेत बड़ी संख्या में महिलाओं ने भागीदारी की।

काले झंडे लेकर धरना प्रदर्शन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# महिलाओं के साथ अपराध बढ़ने पर फूंका गया पुतला

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** हरिद्वार के बहादराबाद क्षेत्र में 13 साल की बालिका के साथ हुए दुष्कर्म एवं महिलाओं के साथ बढ़ते अत्याचार के विरोध में रामनगर कांग्रेस ने रानीखेत रोड पर नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया।

निवर्तमान चेयरमैन हाजी मोहम्मद अकरम ने कहा कि सरकार का काम यह सुनिश्चित करना होता है कि जनता को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो तथा सबसे महत्वपूर्ण उनको सुरक्षा मुहैया करना होता है, जबकि प्रदेश में भाजपा के नेता, कार्यकर्ता और मंत्री ही ऐसे घिनौने अपराधों में लिप्त पाए जा रहे हैं। दुख की बात यह है कि सरकार उनको सजा दिलाने की बजाय उनको बचाने का काम कर रही है। ब्लॉक अध्यक्ष देशबंधु रावत ने कहा कि प्रदेश में चारों तरफ गुंडागर्दी का माहौल है जो की सरकार के संरक्षण में निरंतर पनप रहे हैं और बढ़ते जा रहे हैं। अभी कुछ दिनों पहले ही देहरादून में गोलाबारी में एक युवक अपनी जान गंवा बैठा। इस दौरान विमला आर्य, मोहम्मद अजमल, अजय छिमवाल, महेश चंद पांडे, वीरेंद्र सिंह लटवाल, वीरेंद्र तिवारी, राम सिंह, कमल सिंह नेगी अतुल सक्सेना, धीरज मोलिखी, कमल तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

## नलकूप खराब होने से पेयजल संकट

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** सिंचाई विभाग का नाथूपुर पाडली लामाचौड़ स्थित नलकूप खराब हो गया है। इससे सैकड़ों परिवारों के सामने पेयजल संकट गहरा गया है। पेयजल आपूर्ति करने वाले नलकूपों के खराब होने का सिलसिला नहीं थम रहा है।

शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में जल संस्थान व सिंचाई विभाग के नलकूपों से पेयजल आपूर्ति के लिए एक अहम साधन हैं। लेकिन बार-बार खराब हो रहे नलकूप के चलते कई दिनों तक पानी की दिक्कत लोगों के सामने बनी रही है। बीते गुरुवार को नाथूपुर पाडली लामाचौड़ का नलकूप खराब हुआ जिसकी मरम्मत शुक्रवार को भी जारी है। ऐसे में इससे जुड़े इलाकों में पेयजल की दिक्कत बनी हुई है। इधर सिंचाई विभाग के ईई अंचित रमन ने बताया कि नलकूप को ठीक करने का कार्य जारी है। जल्द ही नलकूप से पेयजल आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

# 15 अक्टूबर तक जवाब दे चकराता पेयजल निगम

विधि संवाददाता, नैनीताल

**सुनवाई**

**हाईकोर्ट ने की सरकारी धन के दुरुपयोग मामले पर सुनवाई**

**अमृत विचार :** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने देहरादून चकराता में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल निगम द्वारा सरकारी धन का दुरुपयोग करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने पेयजल निगम को इस मामले में 15 अक्टूबर तक जवाब दाखिल करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई के लिए कोर्ट ने 15 अक्टूबर की तिथि नियत की है।

मामले के अनुसार देहरादून चकराता निवासी पूजा नरेश गौड़ व अन्य ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि नगर निगम द्वारा जल जीवन मिशन के तहत अनियमितताएं बरती गई हैं जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ है। याचिकाकर्ता का कहना है जल जीवन मिशन के तहत ऐसे जलस्रोतों से कनेक्शन लगाए गए हैं जिसमें पानी ही नहीं है। इतना ही नहीं कई जगहों पर पुराने पानी के कनेक्शनों को उखाड़ कर वहां दुबारा पानी की पाइपलाइन बिछाई गई। नगर निगम की लापरवाही के कारण लोगों को पीने के पानी की किल्लत हो रही है पेयजल निगम द्वारा अपने चहेतों को फायदा पहुंचाने के लिए ऐसे लोगों को ठेके दिए गए जो सरकारी धन का दुरुपयोग है। इसकी जांच की जाए।

NCTE & HARIYANA BOARD & M.P. BOARD
Recognized University से मान्यता प्राप्त कॉलेजों में सीधे प्रवेश
D.El.Ed. (डी.एल.एड.)
• योग्यता 50% • NO AGE LIMIT
• प्राइमरी अध्यापक के लिए नया नियम डी.एल.एड. आवश्यक हो गया है।
DIRECT ADMISSION
B.Ed., M.Ed, B.P.Ed. Ph.D. (All Subject)
ADMISSION OFFICE
GLOBAL CAREER INSTITUTE
Add. : Canal Road, Near Durga City Centre, Haldwani
Mob. 7617632557

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिया गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

उत्तराखण्ड की पहली मशीन
High Energy Inductive Therapy
3 TESLA MAGNETIC THERAPY

पेशाब करने में होने वाली परेशानी
पेशाब खुद हो जाना या पेशाब होने का अनुभव न होना प्रोस्टेट का दर्द व अन्य यूरीन सम्बन्धित समस्याएं

पैरालाइसिस या लकवा
तंत्रिका तंत्र का पुनर्जन्म लकवाग्रस्त शरीर जैसे हाथ-पैर का लकवा होना और नसों को ठीक करना, जैसे कमर या हाथ की नस, सियाटिका
हाथों एवं घुटनों का गठिया वात (अर्थराईटिस)
हड्डियों एवं जोड़ों एवं मांस पेशियों को मजबूत करना एवं कैल्शियम अवशोषण में वृद्धि करना, हड्डी के जोड़ों में इन्फ्लेमेशन को खत्म करना जोड़ों एवं गठिया वात का इलाज, फ्रैक्चर हीलिंग
सियाटिका, कमर दर्द, नस का दर्द, कूल्हे के पीछे होने वाला दर्द
उठने-बैठने में होने वाला कमर में दर्द, पैरों में झनझनाहट, कूल्हे की हड्डी सड़ना (ANW), लम्बे समय से बना हुआ कमर में दर्द
Thirty minutes on the "emField Pro" is equivalent to doing over 10,000 Kegels!
मरीज के ठहरने की सुविधा
अन्य सुविधाऐं
• रोबोटिक न्यूरो स्पाइन रिहैब • सॉफ्ट एण्ड ऑटिज्म रिहैब • कायरोप्रैक्टिक थैरेपी • मोबिलेक थैरेपी • क्लास 4 लेजर थैरेपी • मैट्रिक्स थैरेपी • इलैक्ट्रो कॉम्बिनेशन थैरेपी • ट्राई निडलिंग • कपिंग थैरेपी (आर्द्रम, फायर, हीजामा) • कायनेजियो टेपिंग • आई.एम.टी.एम. • रोबोटिक हार्नस सिस्टम • ११ एक्टिविटी वर्क स्टेशन
समस्याऐं :
• पैरालाइसिस • चेहरे का लकवा • कमर में दर्द • स्लिप डिस्क • शरीर में घाव, बैड सोर • सर दर्द, माइग्रेन • जोड़ों का दर्द (गठिया) • कोहनी में दर्द • कंधों का जाम या दर्द • गर्दन में दर्द (जकड़न/चक्कर आना • साइटिका (कमर से पंजे तक दर्द) • घुटनों का दर्द (ऑर्थराइटिस) • बच्चों के विकास में देरी (जन्मजात बीमारी) • फ्रैक्चर एवं सर्जरी के बाद जकड़न • मांसपेशियों में खिंचाव • ऐड़ी में दर्द • हाथ-पैरों में कंपन व सुन्नपन • डिलीवरी के बाद महिलाओं को होने वाली समस्याएं (मांसपेशियों का ढीला होना, आदि)
FREE OPD
नियर टिक्कू मॉर्डन स्कूल
यूनियन बैंक के पीछे, ठंडी सड़क, हल्द्वानी
Mob. 7042450105
9458703187, 8755546873

**पहल** कैल्शियम और मैग्निशियम से भरपूर मखाने का पौधा हल्द्वानी वन अनुसंधान केंद्र से मिलेगा, दिसंबर में बोया जाता है

# मखाने की पैदावार बढ़ाने के लिए मुफ्त ले जाएं पौधा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मखाने की खेती को बढ़ावा देने के लिए वन अनुसंधान केंद्र मखाने के पौधे मुफ्त दे रहा है। हल्द्वानी वन अनुसंधान केंद्र में बिहारी मखाना बोया गया है, केंद्र के परिसर में एक्वेटिक गार्डन बनाया गया है, जहां पर विभिन्न प्रकार के जलीय पौधे शामिल हैं।

मखाना अपनी बेहतर गुणों के लिए जाना जाता है, इसमें कैल्शियम और मैग्निशियम की मात्रा पाई जाती है। मखाना सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है।

वन अनुसंधान केंद्र में बोया गया मखाना। ● अमृत विचार

मखाने को बोने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी की आवश्यकता होती है। इसके बीज दिसंबर माह में तालाब या फिर गड्ढे में बोए जाते हैं। बीज बोने से पूर्व उस गड्ढे या तालाब की अच्छी तरह से सफाई करनी होती है। इसके बाद पूरे तालाब में इस बीज की रोपाई की जाती है। बीज बोने के दौरान यह ध्यान रखना जरूरी होता है की इनके बीच दूरी ज्यादा न हो और 1 माह के अंदर यह भी सुनिश्चित करना होता है कि बीज अंकुरित हो रहे हैं या नहीं जब मखाने का फल तैयार हो जाएं तो सबसे पहले उसके ऊपर के पत्ते को काटकर हटाया जाता है। इसके बाद पानी के अंदर से निकाला जाता है। पानी से निकालने के बाद मखाने के दाने को धूप में सूखने के लिए रखा जाता है। इधर मुख्य वन संरक्षक संजीव चतुर्वेदी ने बताया कि इच्छुक लोग अपने घर में मखाना को बोने के लिए वन अनुसंधान केंद्र से मखाने के पौधे को फ्री में प्राप्त कर सकते हैं।

### बिहार में होती है 80 प्रतिशत खेती

**हल्द्वानी :** मखाने की 80 फीसदी खेती अकेले बिहार में की जाती है, क्योंकि यहां की जलवायु मखाने के लिए सबसे उपयुक्त है। इसके साथ ही असम, मेघालय और उड़ीसा में भी इसकी खेती की जाती है, बिहार के मिथिलांचल की धरती पर उपजने वाला न्यूट्रीशियन व प्रोटीन से भरपूर मखाने की मांग देश सहित विश्व में बड़े पैमाने पर है।

# प्रशासन बोला : नालों के पास रहने वाले खाली करें जगह

## कलसिया और रकसिया नाले के पास बसे लोगों को नोटिस जारी, बरसात में सिर से छत उजड़ने के डर से लोगों में मचा हड़कंप

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बारिश के दिनों में रकसिया और कलसिया नालों में आने वाले उफान के चलते आपदा आती है। पिछले कुछ सालों में नालों के पास अवैध तौर से कई लोग आकर बस गए हैं। जिस वजह से नालों का बहाव क्षेत्र छोटा हो गया है। इसको देखते हुए प्रशासन ने रकसिया और कलसिया नालों के पास बसे लोगों को जगह खाली करने के नोटिस दिए हैं।

जिला प्रशासन ने रकसिया और कलसिया नाले में आने वाले बहाव से होने वाली आपदा को लेकर बड़ा एक्शन लिया है। जिला प्रशासन ने कलसिया और रकसिया नाले के पास बसे लोगों को नोटिस दिए हैं। नोटिस के बाद यहां रहने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। लोगों को अपने सिर से छत उजड़ने का डर सता रहा है। प्रशासन से जानकारी मिली कि विगत दिनों जिलाधिकारी वंदना सिंह ने इस मामले की समीक्षा की थी। जिसमें सामने आया कि रकसिया और कलसिया नाले के पास अवैध तौर बसावट बढ़ गई है। जिस वजह से नालों का आकार छोटा हो गया है और उनका बहाव क्षेत्र सीमित हो रहा है। यह भी सामने आया कि लोगों ने कई जगह अपनी सुविधानुसार नालों के बहाव को मोड़ने का भी प्रयास किया है। साथ ही नालों के बसी बसावट की वजह से नालों में कचरा फेंका जा रहा है। बारिश के दिनों में नालों में बहाव बढ़ने पर नालों का पानी बस्तियों में घुसता है। इस वजह से आपदा आती है। उप जिलाधिकारी पारितोष वर्मा ने बताया कि बड़ी संख्या में रकसिया और कलसिया नाले के पास रहने वालों को नोटिस दिया जा चुका है। नोटिस में कहा है कि जगह को खाली कर दें। प्रशासन के इस एक्शन के बाद नोटिस पाने वाले लोगों में डर बैठ रहा है कि कहीं उनके घर न तोड़ दिए जाएं।

### साल दर साल वही कहानी

**हल्द्वानी :** विगत वर्ष अगस्त माह में कलसिया नाले में आए बहाव के बाद काठगोदाम में कई लोगों के घर ध्वस्त हो गए। इससे पहले भी रकसिया नाले के बहाव के समय भी ऐसा होता आया है। बाद में ये लोग प्रशासन से मुआवजा मांगते हैं। सबसे बड़ी दिक्कत इस बात को लेकर आती है कि अवैध तौर पर बसे लोगों को मुआवजा किस आधार पर दिया जाए।

### आंखें मूंदे रहा प्रशासन बढ़ती रही बसावट

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड बनने के बाद हल्द्वानी में जमीनों के भाव आसमान छूने लगे। जिस वजह से कई लोगों ने ऐसी जगह पर निर्माण करना शुरू कर दिए जहां निर्माण अवैध है। राजनीतिक दलों की शह से ये निर्माण और बढ़ते चले गए। इसी क्रम में रकसिया और कलसिया नाले के पास निर्माणों में काफी बढ़ोत्तरी हुई। यहां तक की कुछ प्रभावशाली लोगों ने नालों की जमीन पर कब्जा करके उसे अवैध तौर पर बेचकर लाखों रुपयों के वारे-न्यारे भी किए। शुरू में तो प्रशासन आंखें मूंदे रहा। लेकिन अब जब समस्या बढ़ी तो लोगों को नोटिस दिया जा रहा है।

# मानसून की बारिश से जमकर भीगा हल्द्वानी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** मानसून सक्रिय होने के दूसरे दिन भी हल्द्वानी में जमकर बारिश हुई। सुबह के समय हुई बारिश से मौसम पूरी तरह से सुहावना हो गया। दोपहर तक भी बादल ही छाए रहे। बाद में अपरान्ह बाद धूप निकली।

हल्द्वानी में मानसून पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। 21 जून तक पड़ी प्रचंड गर्मी के बाद लोगों को अब गर्मी से राहत मिल रही है। शुक्रवार की सुबह बारिश शुरू हो गई जो देर सुबह तक चली। बारिश की वजह से शहर में कई जगह जलभराव भी हो गया। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने अनुमान जताया है कि 29 जून को भी भारी से बहुत बारिश होगी। शहर में 33.9 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। हल्द्वानी में अधिकतम तापमान सामान्य से कम चल रहा है। सामान्य तौर पर इन दिनों अधिकतम तापमान 34.3 डिग्री रहता है। 25 जून के बाद गर्मी से लोगों को काफी राहत मिली है। उधर मुक्तेश्वर में भी बारिश हो रही है। बारिश होने की वजह से वहां पारा 26.3 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र ने अनुमान जताया है कि इस बार मानसून की सामान्य से अधिक बारिश होने का अनुमान है। जून माह में ही मानसून सक्रिय होने से खेती को भी काफी लाभ मिलेगा।

# सांप के डसने से बहन के बाद भाई ने भी तोड़ा दम

संवाददाता, रामनगर

देव और नित्या। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पीरूमदारा में जहरीले सांप के डसने से श्रमिक परिवार की साढ़े तीन साल की बेटी नित्या की गुरुवार को ही मौत हो गयी थी। जबकि उसके बड़े भाई छह वर्षीय देव ने भी शुक्रवार को सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी में दम तोड़ दिया। एक ही परिवार के दो बच्चों की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

पीरूमदारा के पार्वती कुंज कालोनी में पिछले हफ्ते ही सुनील रैकवार पुत्र तुलसीदास मध्य प्रदेश के गुनौर जिला पन्ना से मजदूरी के लिए परिवार के साथ यहां आया। सुनील के साथ पत्नी वर्षा, तीन बच्चे देव (6) नित्या (3.5) और दीप भी आए। वह दो अन्य परिवारों के साथ पार्वती कुंज में बन रहे एक व्यावसायिक कॉम्पलेक्स में राजमिस्त्री और मजदूरी का कार्य कर रहे हैं। निर्माणस्थल के पास ही अस्थायी झोपड़ी बनाकर सभी वहां रहते हैं। सुनील ने बताया कि बुधवार की रात के खाना खाकर पूरा परिवार सो गया था। रात करीब 12 बजे देव और नित्या की चीख से नींद खुल गई। परिजनों ने उठकर देखा, तो बच्चों के बराबर में एक सांप भी रेंगता दिखा। देव और नित्या के हाथ की उंगलियों में सांप डस चुका था। परिवार के लोग उन्हें तुरंत रामनगर अस्पताल ले गए। बच्चों की बेहोशी की स्थिति देख डॉक्टरों ने उन्हें एचटीएच हल्द्वानी रेफर कर दिया। गुरुवार दोपहर नित्या ने दम तोड़ दिया, जबकि देव (6 वर्ष) ने भी शुक्रवार को दम तोड़ दिया।

### दुखद

- रात में सोते समय दोनों मासूम बच्चों को डस लिया था
- रामनगर से डॉक्टरों ने हल्द्वानी किया था रेफर

# ट्रैप कैमरा में दिखी गुलदार की मूवमेंट, सतर्क रहने की सलाह

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** बच्चे को अपना निवाला बनाने वाले गुलदार की मूवमेंट ट्रैप कैमरा में देखने को मिली है। वन विभाग की टीम ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है और रात में घर से बाहर नहीं निकलने को कहा गया है लेकिन गुलदार के फिर से घटनास्थल में आने का भय बना हुआ है। गुलदार के मुंह में इंसानी खून लग चुका है जिस कारण उसके फिर से इंसान पर हमला करने की आशंका है।

बीते बुधवार देर रात काठगोदाम के पास रेलवे ट्रैक से सटी झुग्गी के बाहर से गुलदार 7 साल के शिवा को उसके पिता के सामने उठा ले गया था। अगली सुबह बच्चे का अधखाया शव वन विभाग की टीम को घर से कुछ दूर झाड़ियों में पड़ा मिला। इसके बाद शव मिलने के स्थान पर गुलदार की मूवमेंट देखने के लिए वन विभाग ने ट्रैप कैमरे लगाए थे।

> ट्रैप कैमरे में मूवमेंट दिखी है। कुछ दिनों तक गुलदार की मूवमेंट पर नजर रखी जाएगी। लोगों को रात में बाहर नहीं निकलने, बाहर लाइट जलाने और कुत्तों को बाहर नहीं बांधने को कहा है।
> **-आरसी कांडपाल,** डीएफओ, छकाता रेंज

शुक्रवार को ट्रैप कैमरा की रिकॉर्डिंग देखने पर विभाग को गुलदार गुरुवार रात को जंगल में झाड़ियों के आसपास टहलता हुआ दिखाई दे रहा है। स्थानीय लोगों में गुलदार के फिर से झुग्गियों के पास आने का भय बना हुआ है। इससे पहले भी गुलदार कई बार हल्द्वानी के आबादी क्षेत्र में आ चुका है। पिछले फरवरी को छड़ायल स्थित आबादी के बीच दिनदहाड़े गुलदार दिखा जिस पर रेस्क्यू के दौरान उसने वन विभाग की टीम के दो कर्मचारियों पर हमला कर दिया जिसमें वह घायल हो गए।

बाद में बड़ी मुश्किल से उसे ट्रेंकुलाइज किया गया और पिंजरे में डालकर रेस्क्यू सेंटर ले गए। इसी तरह फतेहपुर में 2020 में गुलदार ने 15 साल की किशोरी और 10 महीने के बच्चे पर भी हमला किया था। इसके अलावा भी इस तरह की अन्य घटनाएं हो चुकी हैं जिसमें गुलदार आबादी क्षेत्र में पहुंचा।

# पोर्टल पर अपलोड करें दैनिक सूचना

**हल्द्वानी :** जिले के समस्त विद्यालयों को रियल टाइम मॉनीटरिंग के लिए पोर्टल पर दैनिक सूचना अपलोड करनी है। स्कूलों में पीएम पोषण योजना भी चलाई जा रही है। योजना से लाभान्वित छात्र-छात्राओं की संख्या रियल टाइम बेसिस पर ऑटोमेटिक मॉनीटरिंग सिस्टम पोर्टल पर अपडेट की जाएगी।

मुख्य शिक्षा अधिकारी जगमोहन सोनी ने समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों व उप शिक्षा अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी स्कूल मासिक व दैनिक सूचना पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की लापरवाही और देरी होने पर पूरी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी। मालूम हो कि 1 जुलाई से स्कूल खुल रहे हैं जिस पर स्कूलों के लिए निर्देश जारी किये हैं।

# शीतलाहाट प्लांट से पानी की आपूर्ति ठप

### संकट

- फिल्टर प्लांटों से जल शोधन में 40 फीसदी तक की आई गिरावट
- नदी में सिल्ट आने से लोगों के घरों में पहुंच रहा गंदा पानी

संवाददाता, हल्द्वानी

शीशमहल फिल्टर प्लांट में बारिश के बाद पहुंच रही सिल्ट। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पहाड़ों पर हो रही बारिश के चलते गौला नदी में सिल्ट आना जारी है। इसके चलते पुराने हो चुके फिल्टर प्लांट पानी को लिफ्ट नहीं कर पा रहे हैं। इसके चलते करीब 15 हजार की आबादी को पेयजल आपूर्ति नहीं हो सकी।

शुक्रवार को शीतलाहाट फिल्टर प्लांट में सिल्ट व गाद आने के चलते पानी पंप नहीं हो सका। इससे लोगों को सुबह के समय होने वाली पेयजल आपूर्ति से लोगों को वंचित होना पड़ा। इसमें काठगोदाम, नई बस्ती, वार्ड एक, दो चांदमारी, नरीमन चौक और रानीबाग के घरों में शीतलाहाट फिल्टर प्लांट से पानी की आपूर्ति बाधित रही। वहीं शीशमहल फिल्टर प्लांट से भी इन दिनों सिल्ट आने के चलते पेयजल आपूर्ति पर असर पड़ रहा है। इसके चलते नैनीताल रोड, बाजार का इलाका, इंदिरानगर, लालडांठ, कुसुमखेड़ा, कठघरिया और अंतिम छोर के इलाकों तक पानी का संकट बढ़ रहा है। विभाग की ओर से गौला के पानी में सिल्ट बढ़ने पर सफाई के लिए फिटकरी की मात्रा बढ़ा दी है। सामान्य दिनों में सिल्ट व गाद की सफाई में 1 घंटे में फिटकरी की 2 सिल्लियां डाली जाती हैं, लेकिन अब सिल्ट बढ़ने के चलते 1 घंटे में 6 सिल्लियां खप जा रही हैं। इधर जल संस्थान के ईई आरएस लोशाली ने बताया कि शीतलाहाट फिल्टर प्लांट में सिल्ट आने के चलते सुबह के वक्त पेयजल आपूर्ति बाधित रही। सिल्ट की सफाई में कर्मी लगे हुए हैं, शाम तक पेयजल आपूर्ति फिर से सुचारू हो जाएगी।

### फिल्टर प्लांटों से 40 फीसदी जल शोधन कम

**हल्द्वानी :** पुराने हो चुके फिल्टर प्लांटों से जल शोधन में 40 फीसदी तक कमी आई है। शीतलाहाट फिल्टर प्लांट से मौजूदा समय में 60 फीसदी तक ही जल शोधन हो पा रहा है। वहीं शीशमहल स्थित फिल्टर प्लांट से 60 से 70 फीसदी तक ही जल शोधन किया जा रहा है। बारिश के दिनों में सिल्ट आने के चलते दूषित पेयजल की समस्या गहरा जाती है, लेकिन पुराने हो चुके फिल्टर प्लांटों से पूरी तरह से जल शोधन नहीं हो पा रहा है।

उपखनिज की नाप जोख करते खान विभाग व वन कर्मी। ● अमृत विचार

### छापे के दौरान बाजपुर के दो स्टोन क्रशर सील

**रामनगर, अमृत विचार :** तराई पश्चिमी वन प्रभाग एवं भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की संयुक्त टीम ने बाजपुर क्षेत्र के दो स्टोन क्रशरों में अचानक छापामार कार्रवाई किए जाने से हड़कम्प मचा रहा। जांच के दौरान दोनों क्रशरों में आवश्यकता से अधिक स्टॉक पाया गया। टीम ने मै. आशा स्टोन क्रेशर ग्राम बेंतखेड़ी बाजपुर एवं मै. ओंमकार इंफ्राटेक लिमिटेड ग्राम रत्नपुरी, बाजपुर को स्टॉक से अधिक उप खनिज का भंडारण किए जाने पर दोनों को सील कर दिया। उधर प्रभागीय वनाधिकारी प्रकाश चंद्र आर्य ने कहा कि नदियों में अवैध खनन रोकने के लिए जहां वन कर्मी पूरी तरह से मुस्तैद हैं वहीं सभी स्टोन क्रशर स्वामियों को भी आगाह किया गया है कि वह अपने यहां स्टॉक किए उपखनिज के स्टॉक को सही रखें। यदि आवश्यकता से अधिक स्टॉक क्रशरों में पाया गया तो जुर्माने के साथ-साथ उसे सीज करने की कार्रवाई भी अमल में लायी जा सकती है। कार्रवाई के दौरान खान अधिकारी अमित गौरव व खान विभाग की टीम, वन विभाग के एसडीओ संदीप गिरी, रेंजर जितेंद्र डिमरी व अन्य वनकर्मी शामिल रहे।

# युद्ध स्तर पर चल रहा गिरिजा देवी मंदिर का सुरक्षा कार्य

संवाददाता, रामनगर



गिरिजा देवी मन्दिर के टीले की मरम्मत करते श्रमिक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कुमाऊ गढ़वाल के प्रवेश द्वार रामनगर में स्थित मां गिरिजा देवी मंदिर में चल रहा सुरक्षा कार्य तीव्र गति से जारी है। बता दें कि सुरक्षा कार्यों के चलते प्रशासन व मन्दिर समिति, प्रधान पुजारी की सहमति से देवी मंदिर को 10 मई से लेकर 30 जून तक श्रद्धालुओं के प्रवेश पर पूरी तरह रोक लगाई गई थी। माता के मंदिर कोसी नदी के बीचों-बीच एक ऊंचे टीले पर स्थित है।

साल 2010 में आई बाढ़ आपदा के चलते मंदिर के टीले में दरारें आ गई थीं, जिसके बाद से लगातार ये दरारें बढ़ रही थीं, इससे जहां एक ओर माता के मंदिर को खतरा उत्पन्न हो गया था तो वहीं मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी एक बड़ा खतरा हो सकता था, जिसको देखते हुए सिंचाई विभाग द्वारा शासन को टीले की मरम्मत का कार्य किये जाने को लेकर प्रस्ताव बनाकर लगातार भेजे जा रहे थे। जिस क्रम में मई 2024 में इसके प्रथम चरण के कार्य के लिए सिंचाई विभाग को लगभग 5 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम जारी हुई थी। बता दें कि मंदिर में आई दरारों की मरम्मत के लिए सरकार की ओर से साढ़े पांच करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी कर दी गई है। मंदिर के टीले का कार्य दो फेज में किया जा रहा है। पहले फेज की धनराशि 5 करोड़ 50 लाख है। मंदिर के पुजारी मनोज पांडे ने बताया कि मंदिर का कार्य संस्था द्वारा युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।

# विधायक कैड़ा ने किया पुल का लोकार्पण

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने शुक्रवार को भीमताल में 24 मीटर स्पान स्टील गार्डर पैदल पुल का लोकार्पण किया। क्षेत्र के लोगों ने विधायक कैड़ा का फूल मालाओं से स्वागत किया। कैड़ा ने कहा कि अब ग्रामीणों को आवागमन में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

भीमताल क्षेत्र के रामगढ़, तल्ला रामगढ़, नैकाना आदि गांव को जोड़ने वाला पुल बीते साल आई आपदा के दौरान बह गया था। जिस कारण ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अंकित पांडे, जिला पंचायत सदस्य कमलेश बिष्ट, देवेंद्र बिष्ट, मोहन बिष्ट, लक्ष्मण सिंह मेवाड़ी, बाली राम, मनोज दानी, संजय सनवाल, हरीश चंद्र, गोविंद रावत, पूरन सुयाल, महेश मेहता, देवेंद्र दर्मवाल, कुंदन चिलवाल, गणेश गौड, योगेश कबडवाल आदि मौजूद रहे।

# जल संरक्षण कीजिए प्रशासन करेगा मदद

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सामूहिक प्रयास से जल संरक्षण के लिए काम करने वालों की प्रशासन मदद करेगा। यह बात जिलाधिकारी वंदन सिंह ने कैंप कार्यालय में हुई भालूगाड़ वाटरफॉल समिति की बैठक में कही। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयास से जल संरक्षण करना बेहद आवश्यक बताया है और भालूगाड़ जलप्रपात सामुदायिक सहभागिता का एक सुंदर उदाहरण है। इस जलागम क्षेत्र में तीन चरणों में जल संरक्षण किया जाएगा।

बता दें कि पिछले माह जिलाधिकारी ने भालूगाड़ का दौरा कर जल संरक्षण की कार्ययोजना और विस्तृत सर्वे के निर्देश दिए थे। जिस पर हिमालय ग्राम विकास समिति के माध्यम से भालूगाड़ जलप्रपात समिति के लोगों ने इसका अध्ययन किया। जिसकी रिपोर्ट लेकर समिति के सदस्य और स्थानीय ग्रामीणों ने जिलाधिकारी के साथ बैठक की। ग्रामीणों ने बताया कि तीन चरणों में होने वाले जल संरक्षण के काम में प्रथम चरण में तीन झील, लगभग 50 ट्रेंच और 28 चाल-खाल और द्वितीय चरण में नौ गधेरों के हर गधेरे में 10 चेक डेम तथा तृतीय चरण में 80 रेन वॉटर हार्वेस्टिंग का काम किया जाना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्षा जल संरक्षण के साथ प्राकृतिक स्रोतों और वर्षा जल संरक्षण की पुरानी पद्धतियों के जरिये भालूगाड़ जलप्रपात में भूजल स्तर बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे। बैठक में सरपंच गजार भवान सिंह, प्रधान राजेंद्र बिष्ट, संरक्षक बिष्ट आदिथे।

### व्यवस्था ध्वस्त

गौजाजाली उत्तर, वार्ड-59 में शनि बाजार स्थित नाला बारिश के कारण चोक हो गया, घरों में कचरा भरने के कारण लोगों को करना पड़ा परेशानियों का सामना

# पहली बारिश में खुली नगर निगम की पोल, घरों में घुसा गंदा पानी

संवाददाता, हल्द्वानी

वार्ड 59 स्थित जोशी विहार में नाले के उफनाने से हुआ जलभराव।

**अमृत विचार :** शहर की नालियों गूलों आदि की साफ-सफाई करने का दावा करने वाले नगर निगम की पोल मानसून की पहली बारिश में ही खुल गई। शुक्रवार सुबह बारिश से कई स्थानों पर नालियां ओवरफ्लो हो गईं और कई जगह जलभराव हो गया।

नालियां ओवर फ्लो होने से गंदा पानी व कचरा सड़कों व लोगों के घरों में घुस गया। गौजाजाली उत्तर, वार्ड-59 में शनि बाजार स्थित नाला बारिश के कारण चोक हो गया, जिससे नाली का गंदा पानी जोशी कॉलोनी, जोशी विहार, यूनिक कॉलोनी, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी आदि कॉलोनियों की सड़कों व गलियों में बहने लगा। जोशी विहार के महेश चंद्र जोशी व विजय सिंह अधिकारी ने बताया कि घरों में गंदा पानी घुस आया, जिसकी सफाई में घंटों लगे। अभी यह पहली ही बारिश है, तब यह हाल है। पूरे मानसून सीजन में हमें इसी तरह की दिक्कत झेलनी पड़ेंगी।

इंदिरानगर दक्षिण, वार्ड 30 में भी भैरव गढ़ी में नाले का गंदा पानी सड़कों पर आने से लोगों को आवागमन में दिक्कतें हुईं। निवर्तमान पार्षद जाकिर हुसैन ने बताया कि नगर निगम अभी तक नालियों की सफाई नहीं करवा पाया है। मानसून आ गया है लेकिन कर्मचारी अभी भी नालियों की सफाई कर रहे हैं। ऐसे में सफाई ठीक से नहीं हो पाएगी।

इन क्षेत्रों में यहां वहां फैले गंदे पानी व कूड़े से उठ रही गंध से लोगों का सांस लेना तक दूभर हो गया। कई लोग खुद नाले में उतरकर उसकी सफाई करते दिखे। इसके अलावा, शहर में जेल रोड चौराहा आदि स्थानों में जलभराव रहा।

### बोले अधिकारी

> बीते सालों में शहरीकरण बढ़ा है लेकिन ड्रैनेज सिस्टम पुराना है। जहां से भी जलभराव की शिकायतें आ रही हैं, हमारी टीम वहां पहुंच रही है। नालियों की सफाई के बाद जो लोग इसमें कूड़ा डाल रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है।
> - विशाल मिश्रा, आयुक्त, नगर निगम

शुक्रवार की सुबह हुई बारिश के बाद जगह-जगह खाली प्लॉट व खेतों में हुआ जलभराव।

### चौपाल में उठा था मुद्दा, फिर भी नहीं हो पाई नाले की सफाई

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** नगर निगम की ओर से बीते दिनों गौजाजाली उत्तर, वार्ड-59 में चौपाल लगाई गई थी, जिसमें लोगों ने शनि बाजार स्थित नाले के बरसात में चोक होने व उसका गंदा पानी लोगों के घरों में घुस जाने का मुद्दा उठाया था। चौपाल में नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने जल्द नाले की सफाई कराने की बात कही थी लेकिन नाला मानसून की पहली बारिश में ही ओवर फ्लो हो गया। निवर्तमान पार्षद रईस अहमद गुडडू ने बताया कि चौपाल में अधिकारियों ने बड़े बड़े दावे किए गए, जो अब खोखले साबित हो रहे हैं।

### डहरिया में जलभराव विधायक मौके पर पहुंचे

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** डहरिया के शिवाजी कॉलोनी में पानी की निकासी नहीं होने से शुक्रवार को हुई बारिश से जलभराव हो गया, जिसके बाद कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को तत्काल भरान करके सड़क को ऊंचा करने व पानी निकासी के लिए नाली निर्माण करने के निर्देश दिए। विधायक भगत ने बताया कि कॉलोनी में पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं है। इससे निपटने के लिए पूर्व में नगर निगम को कॉलोनी की सड़कों में सोख्ता निर्माण करने को कहा गया था, जिसके बाद प्रत्येक गली में 8-8 सोख्तों का निर्माण करवाया गया। इस दौरान खजान ग्याल, हरेंद्र बिष्ट, कृष्ण पाल मौर्य, भूप राम राठौर, अंकित पाल, नारायण दास, प्रेम राज, लोनिवि के अपर अभियंता ललित तिवारी, कनिष्ठ अभियंता सुरेश मर्तोलिया आदि मौजूद रहे।

# निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में कई मरीजों की जांच

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय बजरंग दल ने ग्राम बजवालपुर, रामपुर रोड में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों की जांच की गई। साथ ही रक्तचाप, मधुमेह, गठिया, मोटापा, कॉलेस्ट्रॉल आदि से बचने के लिए स्वस्थ्य जीवन शैली अपनाने की सलाह दी गई। ताकि उनका जीवन स्वस्थ रह सके।

संगठन के जिला महामंत्री करण सिंह ने बताया कि शिविर का आयोजन डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया के नेतृत्व में इंडिया हेल्थ लाइन के माध्यम से किया गया है। शिविर के आयोजन में मोहन सिंह और मदन सिंह नेगी ने भी भूमिका निभाई।

## एक नजर

### दिल्ली एयरपोर्ट में हादसे के चलते सभी उड़ानें रद्द

**पंतनगर :** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट दिल्ली में बृहस्पतिवार को टर्मिनल बिल्डिंग की छत का एक हिस्सा गिर गया था। इसके चलते शुक्रवार को दिल्ली से पंतनगर आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की दोनों उड़ानों को रद्द कर दिया गया। साथ ही देहरादून से पंतनगर वाया पिथौरागढ़ आने वाली फ्लाई बिग की फ्लाइट को भी खराब मौसम के चलते रद्द कर दिया गया। जिसके चलते इन फ्लाइटों में पहले से सीट बुक कराए यात्रियों को निराश होना पड़ा। जबकि देहरादून से वाराणसी वाया पंतनगर फ्लाइट का शुक्रवार को शेड्यूल ही नहीं था।

### दो जुलाई तक रोजाना हल्की से मध्यम बारिश के आसार

**पंतनगर :** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त आंकड़ो और जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह के अनुसार तराई में आगामी दो जुलाई तक हल्की से मध्यम (20-30 मिमी) बारिश का दौर जारी रहेगा। इस दौरान अधिकतम तापमान 30 से 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24-25 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। साथ ही बारिश के दौरान 8-22 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से हवा चलने का अनुमान है। 29 जून से दो जुलाई तक अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। डॉ. सिंह ने बताया कि इस दौरान अलग-अलग स्थानों पर बिजली चमकने/तेज हवाओं/तेज बारिश के संबंध में येलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

# बैगुल नदी के किनारे 101 और अतिक्रमणकारी किए चिह्नित, नोटिस

## विगत दिवस 35 अतिक्रमणकारियों को सौंपा था नोटिस, नगर निगम की टीम 3 जुलाई से हटाना शुरू करेगी अतिक्रमण, नोटिस के बाद लोगों में हड़कंप

सख्ती

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी के निर्देश के बाद नगर निगम, सिंचाई विभाग और राजस्व विभाग की टीम का कल्याणी और बैगुल नदी में संयुक्त सर्वे जारी है। इसी क्रम में टीम ने बैगुल नदी पर 101 और अतिक्रमणकारियों को चिह्नित कर नोटिस सौंप दिया है। अब तक कुल 136 लोगों को नोटिस सौंपे गए हैं। वहीं टीम 4 जुलाई से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर देगी। वहीं टीम के नोटिस के बाद नदी किनारे रह रहे लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने जगतपुरा, अटरिया पुलिया, आवास विकास पुलिस चौकी, किच्छा बाईपास रोड, खेड़ा पुलिया के पास नदी के निरीक्षण के बाद बरसात से पूर्व नदी में बने अतिक्रमण को चिन्हित करते हुए नोटिस जारी कर हटाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद निगम, सिंचाई विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने पहले दिन बैगुल नदी के किनारे बसे लोगों का सर्वे किया। इस दौरान टीम ने 35 अतिक्रमण को चिह्नित किया और नोटिस थमाया। वहीं शुक्रवार को सर्वे के दौरान टीम ने 101 और अतिक्रमण चिह्नित कर नोटिस थमाया। नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त दीपक गोस्वामी ने बताया कि संयुक्त टीम की सर्वे की कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी रही। उन्होंने बताया कि अब तक बैगुल नदी के किनारे 136 अतिक्रमण चिह्नित कर नोटिस थमाया गया है। उन्होंने बताया कि टीम का सर्वे आगे भी जारी रहेगा। इसके लिए अलावा जिन लोगों को गुरुवार को नोटिस थमाया है अगर उन लोगों ने 3 जुलाई तक अतिक्रमण नहीं हटाया तो टीम खुद अतिक्रमण ध्वस्त करेगी। इस अवसर पर सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता विजय पाल, नगर निगम के मानचित्रकार शारिक अली, निगम कार्मिक हेम उनियाल, दीपक श्रीवास्तव, शुभम श्रीवास्तव, किशोर, नीरज, धीरेंद्र आदि उपस्थित रहे। उधर, प्रशासन की इस कार्रवाई से लोगों में हड़कंप मच गया है। उन्होंने प्रशासन पर बरसात के दिनों में जबरन बेघर करने का आरोप लगाया है।

खेड़ा के पास बैगुल नदी किनारे बने मकानों की नापजोख करती नगर निगम, सिंचाई विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम।

नदी किनारे बसे लोगों की समस्या सुनते विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

## नोटिस के बाद विधायक के पास पहुंचे लोग

संवाददाता, रुद्रपुर

- बोले-वर्षों से रह रहे हैं नदी किनारे, घर में लगाए गए हैं बिजली के कनेक्शन

**अमृत विचार:** बैगुल नदी और कल्याणी नदी में नगर निगम, सिंचाई विभाग और राजस्व विभाग की टीम की चिह्नीकरण की कार्रवाई और नोटिस देने के बाद अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा हुआ है। इसको लेकर नदी किनारे बसे लोगों ने विधायक शिव अरोरा से मुलाकात की और मदद की गुहार लगाई।

शुक्रवार को बैगुल नदी और कल्याणी नदी के किनारे बसे लोगों से मुलाकात के दौरान लोगों ने कहा कि वे पिछले कई वर्षों से नदी के किनारे रह रहे हैं। उनके घरों में बिजली के कनेक्शन भी हैं और नगर निगम की रसीद भी है। इस दौरान विधायक अरोरा ने लोगों को बताया कि हमको यह नहीं भूलना चाहिए कि रुद्रपुर शहर हर वर्ष बरसात के समय जलभराव की समस्या झेलता है। वर्ष 2021 मे आई भीषण बाढ़ जिसके चलते पुरा रुद्रपुर जलमग्न हो गया था और कई बस्तियों में पूरे घर पानी में डूब गये थे और काफी नुकसान हुआ था। हमको जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान भी निकलना है।

उन्होंने कहा कि उनकी इस समस्या को लेकर वे स्वयं प्रशासन से वार्ता करेंगे और एक संतुलन बनाकर समाधान निकलने का प्रयास करेंगे। अगर कोई नदी के जद में आ रहे होंगे तो पहले उनके पुनर्वास की व्यवस्था कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जलभराव के स्थायी हल निकालने के लिये पानी निकासी के लिए सर्वे भी आरंभ कराया है। जो अपनी रिपोर्ट देगा जिसके आधार पर रुद्रपुर का ड्रेनेज प्लान तैयार किया जाएगा। इस मौके पर भाजपा नेता केके दास, सुरेश कोली, निवर्तमान पार्षद सुनील वाल्मीकि, राधेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# अवैध खनन पर अंकुश लगाएं राजस्व व खनन अधिकारी

बैठक

- रॉयल्टी से अधिक खनिज ले जाने वाले वाहनों पर करें कार्रवाई
- डीएम ने बैठक के दौरान दिए अधिकारियों को निर्देश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने अवैध खनन एवं परिवहन पर पूरी तरीके से अंकुश लगाने के निर्देश राजस्व व खनन अधिकारियों को दिए। साथ ही कहा कि ऐसे वाहन जो अवैध खनन व बिना रॉयल्टी के संचालित किये जा रहे हैं या अस्पष्ट नंबर प्लेट के चल रहे हैं या जो वाहन रॉयल्टी से अधिक खनिज, उपखनिज एवं मिट्टी के परिवहन में पकड़े जाते हैं उन पर कार्रवाई करते हुए संबंधितों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुए खनन अधिनियम व अन्य नियमों के तहत चालान की कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने यह निर्देश शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान दिए। उन्होंने उपजिलाधिकारियों व उपनिदेशक खनन को सरकार द्वारा अधिकृत संस्था कैलाश रिवर बेड मिनरल एलएलपी की ओर से अवैध खनन परिवहन को रोकने के लिये जा रहे चेकिंग कार्यवाही में पूर्ण सहयोग करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि अवैध खनन परिवहन के कारण कानून व्यवस्था बिगड़ने पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। किसी भी दशा में राजस्व की हानि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि संस्था को अवैध खनन परिवहन को रोकने के लिये जो भी सहयोग की आवश्यकता होगी इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा पूरा सहयोग किया जाएगा। हाइवे पर अनाधिकृत रूप से बने कट को बंद करने और खनन वाहन हाईवे पर सर्विस रोड से ही प्रवेश करेंगे। उन्होंने एनएच, एसडीएम, खनन अधिकारी व कंपनी के प्रतिनिधियों की संयुक्त टीम बनाकर खनन मार्ग का निरीक्षण करने के साथ ही अनाधिकृत रास्तों का निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्र में अवैध खनन से पारिस्थितिकी पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसलिए सभी उपजिलाधिकारी व खनन विभाग, प्रभागीय वनाधिकारियों से समन्वय बनाकर वन क्षेत्र में भी अवैध खनन को रोकने के लिए अभियान चलाएं।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, पंकज उपाध्याय, ओसी खनन मनीष बिष्ट, उपजिलाधिकारी गौरव पांडे, उपनिदेशक खनन अमित गौरव, कैलाश रिवर बेड मिनरल एलएलपी के प्रतिनिधि सुरेश कुमार मेंडिकोंडा सहित वर्चुअल माध्यम से सभी उपजिलाधिकारी व एनएच के अधिकारी जुड़े थे।

अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

पुस्तकों का विमोचन करते कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान व अन्य।

### पहाड़ के लोगों की प्रगति औद्यानिक खेती से ही संभव

**पंतनगर :** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के प्रसार शिक्षा निदेशालय की 12वीं प्रसार सलाहकार समिति की बैठक का शुक्रवार को कृषि विज्ञान केंद्र लोहाघाट (चंपावत) में आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विवि के अधिष्ठाताओं-निदेशकों को पहाड़ की समस्याओं से अवगत कराना और शोध को किसानों तक पहुंचाना है। कुलपति की अध्यक्षता में आयोजित इस दो दिनी बैठक में निदेशालय, केवीके एवं महाविद्यालयों में चल रहे प्रसार कार्यों की समीक्षा और कृषकों की मांग के अनुरूप उन्हें सुदृढ़ करने की रणनीति तय की जाएगी। समिति की अगली बैठक जाखधार में होगी। कुलपति डॉ. एमएस चौहान ने आईवीआरआई मुक्तेश्वर का पशुओं की विभिन्न बीमारियों के लिए टीका तैयार करने में दिए महत्वपूर्ण योगदान की सराहना करते हुए कहा कि केवल एफएमडी के टीके से 12 हजार करोड़ रुपये की बचत होती है। कहा कि पहाड़ के किसानों को उनकी जरूरत के अनुसार तकनीकी उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। पहाड़ के लोगों की प्रगति और शिक्षा औद्योनिक फसलों की खेती से ही संभव है। उन्होंने मत्स्य बीज के अधिक से अधिक वितरण पर बल देते हुए केवीके लोहाघाट की प्रभारी डॉ. दीपाली तिवारी के प्रयासों की सराहना की। आईटीबीपी की 36वीं बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर धरमपाल सिंह रावत ने केवीके की सभी गतिविधियों में सहयोग देने की बात कही। आईवीआरआई मुक्तेश्वर के संयुक्त निदेशक डॉ. यशपाल सिंह मलिक ने कहा कृषि तकनीकें प्रयोग करने वाला असली हितधारक किसान ही है।

### सुरक्षा कर्मियों के पंजीकरण के लिए शिविर एक से

**रुद्रपुर :** जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल ने बताया कि जिलाधिकारी उदयराज सिंह के निर्देशानुसार एसआईएस इंडिया लिमिटेड देहरादून की ओर से सुरक्षा कर्मियों के पंजीकरण के लिए 1 से 14 जुलाई तक जनपद के सभी विकासखंडों में किया जाएगा। 1 व 2 जुलाई को जसपुर में शिविर लगेगा।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

**सूचना**

मेरी एक भारतीय डाक विभाग में बीमा पॉलिसी आरपीएलआई के खाता संख्या R/UA/DN/EA/43584 में मेरा नाम भूलवंश विपिन चंद्र अंकित हो गया है मेरा सही व वास्तविक नाम सुरेश चंद्र है जो कि मेरे आधार कार्ड में भी अंकित है मेरी आरपीएलआई बीमा पॉलिसी में भी अंकित कर दिया जाय। - **सुरेश चंद्र पुत्र श्री बाला दत्त ग्राम व पोस्ट हल्दियानी (बेतालघाट) जिला नैनीताल पिन 263134**

# यूपी में चोरी कर रहा जसपुर का युवक पकड़ा, दो फरार

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** ठाकुरद्वारा उत्तर प्रदेश के ग्राम भायपुर में चोरी करते जसपुर का युवक पकड़ा गया, जबकि उसके दो साथी फरार हो गए।

मुकेश सिंह निवासी ग्राम भायपुर ठाकुरद्वारा ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा कि 25 जून 2024 सुबह 5:00 बजे उनकी आंख खुली तो देखा कि प्रिंस चौहान, बिट्टू चौहान चोखड़ात तथा राहुल चौहान निवासी मोहल्ला पट्टी चौहान अब्दुल आजाद पार्क जसपुर घर से मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर, कुछ मोबाइल तथा नगद 50000 साथ ही भाई बृजपाल सिंह के घर से एक सोने की कंठी, एक सोने का मंगलसूत्र चुराकर भाग रहे थे। गांव वालों ने मिलकर इनका पीछा किया तो प्रिंस को पकड़ लिया गया। उसके पास से चोरी की मोटरसाइकिल कुछ मोबाइल तथा 6 हजार नकद बरामद हुए। बाकी दो साथी राहुल चौहान निवासी मोहल्ला पट्टी चौहान तथा बिट्टू मौके से चोरी किया गया सामान लेकर भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी का चालान कर दिया। दो आरोपियों की तलाश की जा रही है।कोतवाल ठाकुरद्वारा राजीव चौधरी ने बताया कि तीनों ने चोरी कर सामान आपस में बांट लिया था। उसके पड़ोसी जसपुर के ही रहने वाले दो साथी फरार चल रहे हैं। उन्हें भी शीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# यूपी के दरोगा की इलाज के दौरान मौत

संवाददाता, रुद्रपुर

हंगामा

- परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लगाए गुमराह करने के आरोप
- बिजनौर के रेहड़ चौकी प्रभारी थे दरोगा नरेश

**अमृत विचार:** ग्राम फौजी मटकोटा के रहने वाले यूपी के दरोगा की निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। अस्पताल प्रबंधन पर गुमराह करने का आरोप लगाते हुए परिजनों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रेहड़ यूपी के चौकी प्रभारी की मौत की खबर मिलते ही यूपी पुलिस के आलाधिकारी भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

ग्राम फौजी मटकोटा भूरारानी निवासी नरेश कुमार का परिवार गांव में रहता है।

दरोगा नरेश कुमार।

वह बिजनौर यूपी के रेहड़ चौकी प्रभारी के पद पर तैनात थे। बताया कि गुरुवार की सुबह दरोगा की अचानक तबीयत खराब होने पर सिविल लाइंस स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने दरोगा को भर्ती कर लिया और देर रात्रि उपचार के दौरान मौत हो जाने की खबर परिवार को दी। इससे नाराज परिजनों ने हंगामा करना शुरू कर दिया और अस्पताल प्रबंधन पर गुमराह करने का आरोप लगा दिया। आरोप था कि सुबह ही मरीज की मौत हो गई थी और अस्पताल प्रबंधन पैसा जमा कराते रहे। इसकी जानकारी अस्पताल कर्मी द्वारा दी गई। सूचना मिलने पर बाजार चौकी प्रभारी पंकज मेहर और पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी के बाद परिवार को समझाकर मामला शांत करवाया। पुलिस ने दरोगा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शुक्रवार की सुबह दरोगा की मौत की खबर मिलते ही बिलासपुर-रामपुर के सीओ भी पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और घटना की जानकारी लेने के बाद परिवार को ढांढस बंधाया। उधर, अस्पताल के प्रमुख चिकित्सक ने बताया कि दरोगा डायबिटीज व हृदय रोग से ग्रसित थे और गुरुवार की सुबह बेहद ही गंभीर हालत में अस्पताल लाए गए थे। जहां डॉक्टरों की टीम ने बचाने की कोशिश की, लेकिन स्थिति ज्यादा नाजुक होने के कारण मौत हो गई। इसमें अस्पताल प्रशासन की कोई लापरवाही नहीं है।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।

साइज व रेट

| | | |
|---|---|---|
| साइज | 4x5 सेमी | 600/- रु. |
| साइज | 4x6 सेमी | 720/- रु. |
| साइज | 4x7 सेमी | 840/- रु. |

स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15

अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रुद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 7906999205, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

कार्रवाई | एडीएम ने पार्किंग स्थल का निरीक्षण कर कार्यदायी संस्था को दिए निर्देश

# पार्किंग स्थल का कार्य जल्द शुरू किया जाए

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** एडीएम पंकज उपाध्याय ने जेल रोड स्थित नव निर्माणाधीन पार्किंग का निरीक्षण किया। जहां कार्य में देरी होने पर उन्होंने नाराजगी जताई। कार्यदायी संस्था को शीघ्र काम शुरू करने के आदेश दिए हैं। साथ ही निर्माण कार्य के बीच में आ रहे अवरोधों को 15 दिन के अंदर दूर करने का आश्वासन भी दिया है।

काशीपुर के पुरानी जेल परिसर में बहुमंजिला पार्किंग के निर्माण के लिए शासन ने 19.82 करोड़ की धनराशि को स्वीकृति दी थी, जिसका काम एक साल में पूरा किया जाना था। संबंधित कार्य ग्रामीण निर्माण विभाग को आवंटित किया गया था। जिसका भूमि पूजन भी 13 मार्च 2024 को संपन्न हो चुका है, लेकिन निर्माण कार्य तक प्रारंभ नहीं हो पाया है, जबकि इस कार्य को पूरा कराने की समय सीमा एक वर्ष तय की गई है। ग्रामीण निर्माण विभाग इसमें एसपी ऑफिस के शिफ्टिंग को कारण बताकर अपना काम शुरू नहीं कर पा रहा था। मामले में विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने डीएम को पत्र लिखकर कार्य जल्द शुरू कराए जाने की मांग की थी। जिसके क्रम में एडीएम पंकज उपाध्याय ने साइट का निरीक्षण करने अधिकारियों के साथ पहुंचे। इस दौरान उन्होने निरीक्षण के बाद बताया कि संबंधित को शीघ्र पार्किंग निर्माण शुरू करने के निर्देश दिया गया है।

वहीं पुलिस विभाग की कार्यालय को जरूरत पड़ा तो शिफ्ट भी करा लिया जाएगा। इसमें प्रशासन अपनी तरफ से पूरा सहयोग करेगी।

जेल रोड पर बनने वाली पार्किंग स्थल का निरीक्षण करते एडीएम।

## अपनी मांगों को लेकर पीड़ित ने दी भूख हड़ताल की चेतावनी

**काशीपुर:** एक किसान ने नाले की हदबंदी को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी है। साथ ही एक मामले में मुकदमा दर्ज करने के बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर रोष जताया। मामले में किसान ने अधिकारियों पर भी परेशान करने का आरोप लगाया है। दोनों मामलों के निस्तारण के लिए पीड़ित ने एसडीएम को ज्ञापन दिया है।

ढकिया नंबर एक निवासी राजकुमार गिरी ने एसडीएम को दिए ज्ञापन में बताया कि 30 मार्च 2022 को उसके द्वारा गांव के एक व्यक्ति पर धारा 307 व 506 में मुकदमा दर्ज कराया था। उसकी आज तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। वहीं दूसरे मामले में बताया कि उसके खेत के पास सरकारी नाला है, जो चकबंदी अधिकारी द्वारा पूर्व में बंद कर दिया गया था। इसके कारण नाले की दीवार टूटने से उसके खेतों में पानी आ रहा है और उसे नुकसान हो रहा है। इसलिए नाले की हदबंदी जरूरी हो गई है। पीड़ित किसान ने मांग की दोनों मामले में शीघ्र कार्रवाई की जाए। पीड़ित ने 30 जून तक दोनों मामलों का निस्तारण नहीं होने पर परिवार सहित धरने पर बैठने व बाद में भूख हड़ताल करने की चेतावनी दी है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार

साइज व रेट

| | |
|---|---|
| साइज --------5cmX8cm | / 1000 with GST |
| साइज --------10cmX8cm | / 1800 with GST |
| साइज --------15cmX8cm | / 2500 with GST |

अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### पानी की मोटर से करंट लगने पर महिला की मौत

**काशीपुर :** पानी भरने के लिए विद्युत मोटर का स्विच दबाते समय करंट लगने से एक महिला की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव उसके परिजनों को सौंप दिया है। गुरुवार देर रात मोहल्ला थाना साबिक निवासी मदन लाल यादव की पत्नी अनीता उर्फ नन्ही (55) पानी भरने के लिए विद्युत मोटर चालू कर रही थी। अर्थिंग के कारण वह अचानक विद्युत करंट की चपेट में आ गई। वहां मौजूद अनीता के भतीजे ने किसी तरह तार काटकर उसे वहां से हटाया। परिजन उसे मरणासन्न स्थिति में अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर बांसफोडान चौकी प्रभारी सुनील सुतेड़ी ने शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक महिला का पति मदन यादव एमपी चौक पर चाय का ठेला लगाता है। जबकि पुत्र की तीन माह पूर्व बीमारी के चलते मौत हो चुकी है।

### वार्ड वासियों ने विद्युत विभाग से की मुआवजे की मांग, विधायक और बिजली अफसरों के बीच हुई वार्ता में 4 लाख रुपये मृतक के परिजनों को देने पर बनी सहमति

# करंट से झुलसे युवक ने दम तोड़ा, भड़के ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार:** सिनेमा रोड पर 33 केवीए विद्युत लाइन से घर में करंट आने से बुरी तरह झुलसे युवक ने दिल्ली में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। शव के पहुंचने पर सैकड़ों लोग युवक के घर पहुंचे और विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। सूचना पर विधायक अरविंद पांडे और विद्युत विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। वार्ता के दौरान युवक के परिजनों को 4 लाख रुपये देने पर ग्रामीण शांत हुए। दोपहर बाद युवक का अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में कर दिया गया।

सिनेमा रोड वार्ड नंबर 3 निवासी मेवाराम के घर के ऊपर से 33 केवीए की लाइन निकल रही है। बीते शनिवार को मेवाराम का पुत्र विशेष करीब 9 बजे नहाने के लिए बाथरूम में गया। इस दौरान बाथरूम में करंट आने से वह उससे चिपक गया। करंट इतना तेज था कि उसके कपड़ों में आग लग गई। चीख पुकार सुन आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह आग पर काबू पाया। विशेष की गंभीर हालत को देखते हुए परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां से चिकित्सकों ने उसे रुद्रपुर के लिए रेफर कर दिया। परिजन उसे रुद्रपुर के निजी अस्पताल में ले गए वहां से उसे दिल्ली के लिए रेफर कर दिया गया। गुरुवार को दिल्ली में इलाज के दौरान विशेष की मौत हो गई। देर रात विशेष का शव घर लेकर परिजन पहुंचे। शव को देख परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। शुक्रवार को विशेष की मौत की खबर सुनते ही सैकड़ों लोग उसके घर पहुंचे और विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। सूचना पर पूर्व कैबिनेट मंत्री और विधायक अरविंद पांडे, थानाध्यक्ष जसवीर चौहान मृतक विशेष के घर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। परिजनों और वार्ड वासियों ने विद्युत विभाग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए मुआवजा दिए जाने की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए विधायक अरविंद पांडे ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को मौके पर तलब किया। सूचना पर जेई मेहताब अली मौके पर पहुंचे।

गदरपुर के वार्ड नंबर तीन निवासी विशेष की मौत पर रोते बिलखते परिजन।

मृतक के घर पर विद्युत विभाग के अधिकारियों से वार्ता करते विधायक अरविंद पांडे।

विधायक अरविंद पांडे, पूर्व पालिकाध्यक्ष सुरेश कंबोज, वार्ड वासियों, परिजनों और विद्युत विभाग के बीच वार्ता के दौरान मृतक विशेष के परिजनों को चार लाख रुपये मुआवजा दिए जाने पर सहमति हुई। विधायक अरविंद पांडे ने बताया कि 80 हजार रुपये अंतिम संस्कार और अन्य खर्च के लिए आज ही दिए जाएंगे। शेष बचे रुपये भी जल्द परिजनों को दे दिए जाएंगे। इस दौरान विधायक अरविंद पांडे ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को विधायक निधि से जल्द से जल्द हाईटेंशन लाइन हटाने के लिए कहा। दोपहर बाद मृतक विशेष का अंतिम संस्कार मुक्तिधाम घाट पर किया गया।

मृतक विशेष पांच भाइयों में सबसे छोटा था। इस मौके पर भाजपा नेता सुरेश कंबोज, राजेश गुंबर, संतोष गुप्ता, अभिषेक वर्मा, रवि पाल, मनोज गुंबर, राकेश भुडडी, राजेश सक्सेना, राजीव पपनेजा, परमजीत पम्मा, परमजीत कौर, राजेंद्र सिंह, वेद राम सिंह, सोमवती, प्रीति, सुमन, गोमती आदि मौजूद थे।

# पुलिस मीडिया ग्रुप में चला मैसेज, भड़क उठे विधायक

### डीजीपी को भेजा स्क्रीन शॉट, जांच का मिला भरोसा, विधायक बेहड़ ने दिया दो दिन का अल्टीमेटम, उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** इंस्पेक्टर की अश्लील ऑडियो को लेकर विधायक किच्छा बेहड़ आक्रामक होते जा रहे हैं। किच्छा के पूर्व विधायक के पुलिस कार्यालय आकर एसएसपी से इंस्पेक्टर प्रकरण में वार्ता किए जाने का मैसेज पुलिस मीडिया ग्रुप में चल रहा है। इसकी जानकारी मिलते ही बेहड़ का पारा चढ़ गया। उन्होंने पुलिस पर बचाव की बिसात बिछाने का आरोप लगाते हुए कहा कि सत्ताधारी नेता व पुलिस पीड़िता पर दबाव की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि दो दिन के अंदर इंस्पेक्टर के खिलाफ मुकदमा व निलंबन की कार्रवाई नहीं हुई तो पुलिस कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा।

तिलकराज बेहड़।

शुक्रवार की सुबह करीब 12 बजे यूडीएन पुलिस मीडिया ग्रुप पर मैसेज आया कि किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला अश्लील ऑडियो प्रकरण में एसएसपी से वार्ता करेंगे और सभी पुलिस कार्यालय पहुंचे। जब इसकी भनक विधायक तिलकराज बेहड़ को लगी तो उन्होंने मैसेज का स्क्रीन शॉट तत्काल डीजीपी को भेजा और प्रकरण में प्रेस वार्ता की। उनका कहना था कि डीजीपी ने आश्वासन दिया कि शिकायती पत्र के आधार पर मैसेज की भी जांच कराई जाएगी। कारण सरकारी मीडिया ग्रुप में प्रकरण को लेकर व्यक्तिगत मैसेज करना गलत है।

बेहड़ ने कहा कि 24 घंटे से अधिक का समय बीत चुका है और अभी तक एसएसपी द्वारा आरोपी इंस्पेक्टर पर कोई कार्रवाई नहीं की है। महिला के शिकायतकर्ता पत्र पर कार्रवाई कर मुकदमा दर्ज होता है। सलाह दी कि यदि जिले के एसएसपी खाकी की छवि को बेदाग करना चाहते हैं तो वह तत्काल आरोपी इंस्पेक्टर पर मुकदमा व निलंबन की कार्रवाई करें। वरना दो दिन बाद पुलिस कार्यालय पर हजारों की भीड़ के साथ अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया जाएगा। इसके अलावा सदन में भी यह मुद्दा गूंजेगा।

## ऑडियो प्रकरण को लेकर एसएसपी से मिले पूर्व विधायक

**मुखर**

- शुक्ला ने निलंबन व जांच का उठाया मुद्दा
- इंस्पेक्टर के अश्लील ऑडियो का मामला

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिले के इंस्पेक्टर की अश्लील ऑडियो प्रकरण का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। कोतवाल के निलंबन और ऑडियो प्रकरण के सभी पहलुओं की जांच की मांग को लेकर किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने समर्थकों के साथ एसएसपी मंजूनाथ टीसी से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि कोतवाल की शर्मनाक हरकत से जहां पुलिस और सरकार की छवि धूमिल हुई है वहीं ऑडियो एक वर्ष पुराना होने के कारण इसकी जांच भी बेहद जरूरी है।

शुक्रवार को एसएसपी से मुलाकात के दौरान पूर्व विधायक शुक्ला ने बताया कि थाना पंतनगर इलाके में एक युवती द्वारा आत्महत्या का मामला सामने आया था। इसमें शिकायतकर्ता महिला का पिता व बड़ी बहन जेल गए थे। उसी मामले में छोटी बहन मुकदमा दर्ज करने की पैरवी कर रही थी। चूंकि मामला एक वर्ष पुराना है ऐसे में एक साल बाद अचानक इंस्पेक्टर की अश्लील वीडियो का वायरल होना चौंकाने वाला है। गरिमामय पद पर रहने के दौरान किसी फरियादी से अश्लील वार्ता कर जबरन संबंध बनाने का दबाव प्रदेश की धामी सरकार बर्दाश्त नहीं करेगी।

उन्होंने कोतवाल से आरोपी इंस्पेक्टर को तत्काल निलंबित करने और ऑडियो सहित प्रकरण के सभी पहलुओं पर विस्तृत जांच करने की मांग की है। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के आदेश आते ही जिले की महिला आईपीएस द्वारा 24 घंटे के अंदर प्रारंभिक जांच रिपोर्ट प्रेषित कर दी गई है और जल्द ही विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा मामले की विस्तारपूर्वक जांच के लिए टीम का गठन किया जाएगा और सभी पहलुओं को जनता के सामने लाया जाएगा। इस अवसर पर राजेश तिवारी, धीरेंद्र मिश्रा, मोहन तिवारी, मनीष शुक्ला, सनी शुक्ला, दलजीत खुराना, बंटी खुराना, चंद्रसेन कोली, सत्य प्रकाश कोली आदि मौजूद रहे।

एसएसपी को ज्ञापन देते पूर्व विधायक राजेश शुक्ला व उनके समर्थक। ● अमृत विचार

**फॉलोअप**

- कोतवाली पुलिस ने डिबडिबा गांव में डाला डेरा
- चिह्नित कर जल्द की जा सकती है आरोपियों की गिरफ्तारी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** गुरुवार को दिनदहाड़े अधिवक्ता को गोली मारकर घायल करने के दो बाइक सवार हमलावरों के ठिकाने का पुलिस ने पता कर लिया है। इसके बाद कोतवाली पुलिस की टीम ने यूपी के गांव डिबडिबा में डेरा डाल लिया है। दावा किया है कि जल्द ही पहचान कर गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

गुरुवार की दोपहर साढ़े तीन बजे अधिवक्ता एवं आईलाइट्स संचालक सुनार गली गदरपुर निवासी प्रशांत सिंह उर्फ मनी अपने भाई सत्यम सिंह के साथ दुर्गा मंदिर गली स्थित दुकान पर स्टाम्प बनाने आया था। इस बीच फोन पर वार्ता करने के दौरान आए बाइक सवार दो युवकों में से एक युवक नीचे उतरा और पिस्टल से ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। दो गोलियां प्रशांत के पैर को चीरती हुईं बाहर निकल गईं और युवक लहूलुहान होकर नीचे गिर गया। जब पुलिस ने मौका मुआयना किया तो मौके से दो खाली खोखे भी बरामद हुए। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि अधिवक्ता पर जानलेवा हमले के दोनों आरोपी कोतवाली सीमा से सटे गांव डिबडिबा यूपी के हैं। कोतवाली पुलिस की एक टीम ने गांव में डेरा डाल दिया है। जल्द ही आरोपियों के नामों की पहचान होने पर उन्हें पकड़ लिया जाएगा।

# अधिवक्ता पर गोली चलाने के आरोपी यूपी के निकले

### अमेरिका में बैठे युवक ने किया गोलीकांड पर पोस्ट

**रुद्रपुर :** अधिवक्ता एवं आईलाइट्स संचालक पर गुरुवार को गोली कांड की घटना के बाद सोशल मीडिया पर अमेरिका में बैठे एक युवक ने पोस्ट कर धमकी भरा मैसेज भेजा। अमेरिका में बैठे एक युवक ने गोलीकांड की जिम्मेदारी लेते हुए लिखा कि प्रशांत बार-बार किस्मत साथ नहीं देती है। तेरे जैसे कई लोगों से फिर जल्द मुलाकात होगी। मैसेज की भनक लगते ही पुलिस ने गोली कांड की तफ्तीश में मैसेज को भी शामिल कर लिया है और पता लगाने की कोशिश कर रही है कि युवक ने मैसेज क्यों और किस उद्देश्य के लिए भेजा है। पुलिस ने मैसेज की भी जांच शुरू कर दी है।

# वेतन के लिए बीट वाचरों का धरना

संवाददाता, शक्तिफार्म/खटीमा

**अमृत विचार:** एक साल से वेतन नहीं मिलने पर वन विभाग के बाराकोली रेंज के तीन दर्जन बीट वाचरों ने शक्तिफार्म रेंज कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया।

उन्होंने कहा कि बाराकोली रेंज के करीब तीन दर्जन बीट वाचरों को एक साल से वेतन नहीं मिला है। वेतन नहीं मिलने से वे गंभीर आर्थिक परेशानी से गुजर रहे हैं। बीट अफसर भावेश पांडे ने मामले से विभाग के उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। धरना प्रदर्शन की सूचना पर रेंजर जीवन चन्द्र उप्रेती बाराकोली रेंज पहुंचे और बीट वाचरों से बात की। इस संबंध में उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर समस्या का समाधान का आश्वासन दिया।

बाराकोली रेंज कार्यालय में वेतन की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन करते बीट वाचर।

प्रदर्शन करने वालों में दिलीप सिंह, राजेश कुमार, महेंद्र सिंह, मंगल सिंह, चंदन राणा, दीपक आचार्य, सोनू सिंह, हरदेव सिंह, चेतराम कश्यप, सुखदेव सिंह, गुरमेश सिंह, अरविंद विश्वास, मृणाल विश्वास, कन्हैया हाजरा, अश्विनी दुर्गापाल आदि शामिल थे। उधर, खटीमा में भी बीट वाचरों ने वेतन न मिलने को लेकर उप प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय पर धरना दिया। उप प्रभागीय वनाधिकारी संचिता वर्मा ने उन्हें आश्वस्त किया कि उन्हें जल्द ही वेतन मिल जायेगा। इस अवसर पर आनंद राव, सुभाष चंद, प्रह्लाद सिंह, निर्मला भंडारी, अनीता देवी, विशेष सिंह राणा, नवीन कुमार चंद, भरत राम, पूरन राम, गोपाल राम, उमेश सिंह सामंत, त्रिलोक सिंह, पूरन सिंह आदि थे।

## पति सहित छह लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**काशीपुर:** दहेज की मांग को लेकर विवाहिता ने पति समेत छह लोगों के खिलाफ मारपीट करने और घर से निकालने के आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

आईटीआई पुलिस को दी तहरीर में क्षेत्र निवासी एक महिला ने कहा कि वह ग्राम टांडा प्रभापुर, जसपुर की रहने वाली है। उसकी शादी आईटीआई थाना क्षेत्र के ग्राम खाई खेड़ा निवासी हरजिंदर सिंह से हुई थी। 21 जून की शाम 4 बजे पति हरजिंदर सिंह व ससुरालियों ने उससे अपने घर से ढाई लाख रुपये लाने की मांग की। मना करने पर आरोपियों ने लात घूसों और लाठी डंडों से पीटा। महिला का आरोप है कि गले में रस्सी डालकर जान से मारने का प्रयास भी किया।

# नशे के लिए गैस सिलेंडर चुराए, पकड़ा गया

**सफलता**

- पुलिस ने एक युवक को किया गिरफ्तार, सात सिलेंडर व बाइक बरामद

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** गुलजारपुर क्षेत्र से चोरी हुए सात घरेलू गैस सिलेंडरों के साथ पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस ने सात घरेलू सिलेंडर, मोबाइल व एक बाइक बरामद की है। साथ ही आरोपी के पास से पुलिस ने एक नाजायज चाकू भी बरामद किया है। आरोपी नशे की लत को पूरा करने के लिए चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

शुक्रवार सुबह कुंडेश्वरी पुलिस टीम कुंडेश्वरी-ढकिया रोड पर पथरी मंदिर के पास पुलिया पर चेकिंग कर रही थी कि तभी ढकिया की तरफ से एक बाइक सवार व्यक्ति आता दिखा। जिसे रोकने का प्रयास किया तो वह रुकने के बजाय भगाने लगा, जिसे घेरकर पुलिस ने पकड़ लिया। उसके कब्जे से गुलजारपुर क्षेत्र से चोरी किया गया एक इंडेन कंपनी का सिलेंडर तथा थाना बाजपुर क्षेत्र से चोरी किया गया एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम बब्बू सिंह निवासी ग्राम ब्रहमनगर कुण्डेश्वरी बताया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर 6 अन्य घरेलू सिलेंडर भी बरामद किए। साथ ही आरोपी के पास से पुलिस ने एक नाजायज चाकू भी बरामद किया, जो वह चोरी के समय अपनी सुरक्षा के लिए पास रखता था। पुलिस के अनुसार आरोपी नशे का आदी है और नशे की लत को पूरा करने के लिए रात में चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार सिंह, एसएसआई सतीश कुमार शर्मा, उपनिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद, संतोष देवरानी, हेड कांस्टेबल किशोर कुमार, कांस्टेबल मुकेश कुमार, किशोर फर्त्याल, जगदीश पपने, जगदीश प्रसाद व सुरेन्द्र सिंह शामिल रहे।

पुलिस टीम के साथ पकड़ा गया सिलेंडर चोरी का आरोपी। ● अमृत विचार

**लामबंद** धामी सरकार का पुतला फूंका, सीएम से की इस्तीफे की मांग, आंदोलन की दी चेतावनी

# प्रदेश में बढ़ते अपराधों से कांग्रेसियों में आक्रोश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** प्रदेश में बढ़ते अपराध को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। इसके विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डीडी चौक पर प्रदेश की धामी सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर पुतला दहन किया। साथ ही मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग की। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जल्द अपराध पर अंकुश नहीं लगने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

शुक्रवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा व महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा सहित कार्यकर्ता डीडी चौक पर एकत्रित हुए। इस दौरान उनका कहना था कि प्रदेश में संगीन अपराधों के अलावा घिनौने अपराधों का ग्राफ बढ़ा है। आरोप लगाया कि सत्ताधारी नेता अपराधियों को संरक्षण दे रहे हैं। जहां प्रदेश में अफसरशाही, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। वहीं अंकिता भंडारी हत्याकांड, हेमा नेगी हत्याकांड, नाबालिग दुष्कर्म प्रकरण के अलावा हत्या व लूट की वारदातें हो रही है। इसके अलावा न्याय दिलाने वाले भी अश्लील वीडियो प्रकरण में फंस रहे हैं। जिस पर पुलिस प्रशासन भी लीपापोती लगाने पर जुट जाती है।

डीडी चौक पर धामी सरकार का पुतला दहन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

उन्होंने कहा कि प्रदेश में धामी सरकार कानून व्यवस्था मजबूत बनाने में असफल रही है। इस मौके पर सतीश कुमार, सुनील आर्या, अर्जुन विश्वास, बाबू विश्वकर्मा, योगेश चौहान, हरिंदर पाल, उमा सरकार, रिंकी कुमार गुप्ता, पप्पू जोशी, राजेश कुमार, सुरेश यादव, वीरेंद्र कोली, भूपेश कुमार, परवेश कुरैशी, राजीव राठौर, विकास विश्वास, आसिम पाशा आदि मौजूद रहे।

# राजस्थान से किया गया था एयरपोर्ट को उड़ाने का ईमेल

संवाददाता, रुद्रपुर

- 11 मई को आई थी मेल, जल्द रवाना हो सकती है पुलिस

**अमृत विचार:** पंतनगर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरे ई-मेल प्रकरण में पुलिस ने अपनी तफ्तीश को आगे बढ़ाते हुए भेजे गए ईमेल का वाईफाई कोड का पता निकाल लिया है। इसके बाद पुलिस की एक टीम जल्द ही राजस्थान के लिए रवाना हो सकती है।

11 मई को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण पंतनगर की ई-मेल आईडी पर एक मैसेज आया। इसमें मैसेज भेजने वाले ने पंतनगर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी थी। ई-मेल आईडी पर धमकी भरा मैसेज आने के बाद जहां पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। वहीं विमानपत्तन प्राधिकरण भी धमकी को लेकर चिंतित हो गया। प्रकरण को लेकर थाना पंतनगर पुलिस ने मामले की तफ्तीश शुरू कर दी थी। मामले को लेकर एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि पुलिस की साइबर टीम ने यह पता लगा लिया कि 11 मई को एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले शख्स ने राजस्थान के वाईफाई का इस्तेमाल किया था। तकनीक से पता चला कि ई-मेल भेजने के लिए जिस इंटरनेट का प्रयोग किया गया वह राजस्थान वाईफाई का कोड दिखा रहा है। ऐसे में प्रबल संभावना है कि राजस्थान में रहकर वहां का वाईफाई उपयोग कर शरारती तत्व ने मैसेज भेजकर धमकी देने का कार्य किया है। उन्होंने बताया कि कोड का पता चलने के बाद जल्द ही पुलिस की एक टीम राजस्थान के लिए रवाना होगी। पता करने की कोशिश करेगी कि वाईफाई का कोड किस इलाके और कितने रेंज तक प्रयोग हो सकता है। उसके बाद पुलिस टीम मेल करने वाले आरोपियों की तलाश में जुट जाएगी।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिवा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

### सुबह जब खिलाड़ी पहुंचे तो शराब की बोतलें, मांस के टुकड़े बिखरे मिले, रात्रि में इंडोर स्टेडियम में बाहरी लोगों का रहता है आना-जाना

# इंडोर स्टेडियम में दी शराब की पार्टी, पीआरडी जवान का ट्रांसफर

**जिला युवा कल्याण विभाग बेखबर, तैनात कर्मचारी मस्त**

संवाददाता, दिनेशपुर

दिनेशपुर इंडोर स्टेडियम के कमरे में शराब व बियर की खाली बोतलें एवं मांस -मछली के बिखरे टुकड़े। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** इंडोर स्टेडियम में रात्रि ड्यूटी में तैनात कर्मचारी को अपने मित्रों को शादी की पार्टी देना महंगा पड़ा। शिकायत पर आरोपी कर्मचारी का ट्रांसफर कर दिया गया है।

शुक्रवार की प्रातः बैडमिंटन खिलाड़ी रोज की तरह खेलने स्टेडियम पहुंचे। स्टेडियम हाल में कुर्सियां न होने से उन्होंने रात्रि में ड्यूटी में तैनात कर्मचारी से जानकारी ली। कर्मचारी ने बताया कि रात्रि में कुछ अधिकारी आए थे। कुर्सियों को दोमंजिल वाले कक्ष में ले गए हैं। खिलाड़ियों ने मौके पर कक्ष में जाकर देखा तो वहां शराब व बियर की खाली बोतलों के साथ मांस एवं मछलियों के टुकड़े बिखरे हुए थे। इस पर खिलाड़ी भड़क उठे। मौके पर पहुंचे बैडमिंटन कोच रजत अरोरा ने इसकी जानकारी जिला कार्यालय में तैनात क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विक्रम चौधरी को दी। चौधरी ने जिला युवा कल्याण अधिकारी भूपेंद्र सिंह रावत को घटना के बारे में बताया। इस पर जिला युवा कल्याण अधिकारी रावत ने विक्रम चौधरी को घटना की जांच के आदेश दिए। जिला कार्यालय में तैनात क्षेत्रीय कल्याण अधिकारी चौधरी ने बताया कि रात्रि में ड्यूटी में तैनात पीआरडी जवान अजय सिंह के कुछ मित्र खटीमा से आए थे। उन लोगों ने आपस में अजय सिंह की शादी की पार्टी की थी। अजय सिंह को दोषी पाए जाने पर अधिकारियों ने उसका तत्काल स्थानांतरण कर दिया। खिलाड़ियों ने आरोप लगाया कि इंडोर स्टेडियम में रात्रि में अक्सर बाहरी लोगों का आना-जाना रहता है और पार्टी चलती रहती है। उन्होंने जिला युवा कल्याण अधिकारी भूपेंद्र सिंह रावत से हुई घटना पर नाराजगी जताते हुए भविष्य में नशा न करने वाले कर्मचारी की नियुक्ति की मांग की। घटना से क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों ने अधिकारियों से अपनी नाराजगी जाहिर की।

# आईटीआई में प्रवेश के लिए 5 तक करें आवेदन

संवाददाता, खटीमा

**30 प्रतिशत सीटें छात्राओं के लिए**

**अमृत विचार :** महाराणा प्रताप राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में नए शिक्षा सत्र के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। प्रवेश के लिए निर्धारित सीटों में 30 प्रतिशत सीटें छात्राओं के लिए आरक्षित हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 5 जुलाई शाम पांच बजे तक है।

संस्थान के अधीक्षक वीरेंद्र कुमार ने बताया कि संस्थान में फिटर के 20, विद्युतकार के 20, डीजल मैकेनिक 48, कोपा के 24, सिलाई के 24 पद हैं। यह भी बताया की अबतक 451 बच्चों ने आवेदन प्राप्त किया है और 359 ने आवेदन जमा कर दिया है। उन्होंने कहा कि निर्धारित सीटों में 30 प्रतिशत सीटें छात्राओं के लिए निर्धारित हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के रहने, खाने, वस्त्र, स्टेशनरी निशुल्क मुहैया कराई जाती है। उन्होंने आवेदन के इच्छुक छात्र-छात्राओं से पांच जुलाई शाम पांच बजे से पहले आवेदन प्राप्त कर जमा करने की अपील की है।

## एक नजर

### बाइक सवार दो युवक कार से टकराकर घायल

**बाजपुर।** तेज रफ्तार बाइक सवार दो युवक पीछे से कार में टकराकर घायल हो गए। दोनों युवक नशे ही हालत में बताए जा रहे हैं। नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग पर ग्राम दियोहरी के नजदीक बरहैनी से बाजपुर की ओर जा रही बाइक अनियंत्रित होकर आगे जा रही कार में पीछे से टकरा गई। इसमें कार का पिछला हिस्सा व बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। साथ ही बाइक पर सवार ग्राम दियोहरी निवासी हरविंदर सिंह व हल्दूचौड़ हल्द्वानी निवासी रवींदर सिंह घायल हो गए। दौड़कर पहुंचे आसपास के लोगों व राहगीरों द्वारा घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को गंभीरावस्था में हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

### घर में रखा सामान चोरी

**बाजपुर।** चोरों ने जमनी फॉर्म, मुंडिया पिस्तौर में घर में रखा सामान चुरा लिया पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जमनी फॉर्म, मुंडिया पिस्तौर निवासी रविंद्र सिंह ने तहरीर देकर कहा कि बीती रात्रि को चोर घर से एक गैस सिलेंडर व काले रंग का ओप्पो ए54 मोबाइल चुरा ले गए।

### किसान विकास क्लब की बैठक आज

**काशीपुर।** किसान विकास क्लब (उत्तराखंड) की मासिक बैठक शनिवार 29 जून को अनाज मंडी काशीपुर के गेस्ट हाउस में होगी। जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान एवं काशीपुर क्षेत्र में नई चीनी मिल लगाने के लिए शासन एवं प्रशासन से मांग की जाएगी। क्लब के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार शर्मा ने उक्त जानकारी देते हुए अधिक से अधिक किसानों को बैठक में सम्मिलित होने का आह्वान किया है।

### प्रकाश बने पत्रकार प्रेस परिषद के अध्यक्ष

**काशीपुर।** पत्रकार प्रेस परिषद (इंडिया) के कुमाऊं मंडल प्रभारी अशोक गुलाटी ने काशीपुर के वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश चंद जोशी को पत्रकार प्रेस परिषद (इंडिया) का काशीपुर नगर अध्यक्ष नियुक्त किया है। साथ ही उन्हें एक सप्ताह के भीतर कार्यकारिणी गठित करने को निर्देशित किया है। गुलाटी का आभार व्यक्त करते हुए पत्रकार प्रकाश जोशी ने कहा कि वे काशीपुर में संगठन को मजबूत बनाये रखते हुए समाज एवं पत्रकार हितार्थ कार्य करेंगे। जोशी के नगर अध्यक्ष नियुक्त होने पर पूर्व सांसद केसी सिंह बाबा, अनुसूचित जाति आयोग अध्यक्ष मुकेश कुमार, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री राजेश कुमार, अनमोल फाउंडेशन के सतीश चौहान, बीडीसी मेंबर धर्मपाल, मंडी परिषद डायरेक्टर परविंदर विर्क, विमल गुड़िया ने बधाई दी है।

# फाइनल मुकाबलों में 31वीं पीएसी ने दिखाया जलवा

### डीआईजी कुमाऊं ने विजेता खिलाड़ियों को प्रदान की ट्रॉफी, 23वीं पुलिस-वाहिनी प्रतिस्पर्धा का हुआ समापन, मार्चपास्ट कर दी सलामी

विजेता टीम को ट्रॉफी देते डीआईजी व एसएसपी। ● अमृत विचार

**पुलिस लाइन में आयोजित हुईं थीं प्रतिस्पर्धाएं**

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** पुलिस लाइन में चल रही अंतर्जनपदीय पुलिस वाहिनी खेलकूद प्रतिस्पर्धा का समापन हुआ। जहां कुमाऊं डीआईजी योगेंद्र सिंह रावत व एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी दी, वहीं खिलाड़ियों ने मार्चपास्ट कर अतिथियों को सलामी दी।

शुक्रवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में कुश्ती प्रतिस्पर्धा पुरुष में 31वीं पीएसी प्रथम, आईआरबी प्रथम द्वितीय, 40वीं पीएसी तृतीय, महिला वर्ग में 31वीं पीएसी प्रथम, हरिद्वार द्वितीय, 40वीं वाहिनी पीएसी तृतीय स्थान पर रही। इसके अलावा बॉक्सिंग पुरुष वर्ग में 31वीं पीएसी, ऊधमसिंह नगर द्वितीय, 40वीं पीएसी तीसरे स्थान पर रही।

वहीं महिला वर्ग में ऊधमसिंह नगर, अल्मोड़ा तृतीय स्थान पर रहे। वहीं आर्म रेसलिंग पुरुष वर्ग में 31वीं पीएसी प्रथम, आईआरबी द्वितीय, ऊधमसिंह नगर तृतीय, महिला वर्ग में 31वीं पीएसी प्रथम, 40वीं पीएसी द्वितीय और हरिद्वार तीसरे स्थान पर रही। बॉडी बिल्डिंग प्रतिस्पर्धा में 31वीं पीएसी प्रथम, पिथौरागढ़ द्वितीय और हरिद्वार तीसरे स्थान पर रहा। इस दौरान डीआईजी योगेंद्र रावत और एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने सभी विजेता टीमों को विजेता ट्रॉफी देकर प्रोत्साहित किया। इस मौके पर एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके, एसपी सिटी मनोज कत्याल, एसपी सिटी काशीपुर अभय प्रताप सिंह, सीओ निहारिका तोमर, सीओ पंतनगर ओमप्रकाश शर्मा, सीओ संचार रेवाधर मठपाल, प्रतिसार निरीक्षक मनीष शर्मा आदि मौजूद रहे।

### रुद्रपुर में व्हीलचेयर बास्केटबॉल प्रशिक्षण शिविर शुरू

**रुद्रपुर :** रुद्रपुर के स्टोन ब्रिज इंटरनेशनल स्कूल में व्हीलचेयर बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं डिसेबल्ड स्पोर्टिंग सोसायटी की ओर से तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आगाज हो गया है। इसका शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी सौरभ अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ एवं प्रधानाचार्य संजीव स्टीफन ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। शुक्रवार को शिविर के शुभारंभ के दौरान समाजसेवी सौरभ अग्रवाल ने कहा कि दिव्यांगता अभिशाप नहीं है। यह एक हमारी मानसिक सोच है। शहर के दिव्यांग खिलाड़ियों ने पहले भी अपनी प्रतिभाग का लोहा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनवाया है। आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा। आज खेलों में कैरियर की अपार संभावनाएं हैं। एवं डिसेबल्ड स्पोर्टिंग सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि धामी सरकार लगातार खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। पूरे प्रदेश में ब्लॉक स्तर से लेकर राज्य स्तर तक खेल महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। जिससे हजारों खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है। इस अवसर पर व्हीलचेयर बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण अहलावत, सचिव लुईस जॉर्ज, कोषाध्यक्ष मुकेश योगी, प्रदेश सचिव हरीश चौधरी, अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी शरद जोशी, सत्य प्रकाश, सीमा नेगी, हर्षित, वैभव, साक्षी चौहान, रेखा मेहता, प्रेम विश्वास, मनोज परमार, मोहित कुमार, आलोक तिवारी, सुनील शर्मा, गुरजीत कैमरा, सुबोध कुमार, आसिफ, निर्मला मेहता, भुवन चंद गुणवंत आदि उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण शिविर में अतिथियों के साथ दिव्यांग खिलाड़ी। ● अमृत विचार

# कविता, बबीता, और अंकित हॉकी चैंपियनशिप में खेलेंगे

**काशीपुर।** द्वितीय हॉकी इंडिया जूनियर महिला-पुरुष नॉर्थ जोन चैंपियनशिप 2024 में स्पोर्ट्स स्टेडियम के तीन खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। तीनों खिलाड़ी 30 जून को रवाना होंगे। एक से आठ जुलाई तक राष्ट्रीय प्रतियोगिता झांसी में आयोजित होगी। इसके लिए पिछले महीने चयन प्रक्रिया हल्द्वानी के इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में रखी गई थी।

उत्तराखंड की टीम में काशीपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम से जूनियर महिला वर्ग में कविता यादव और बबीता यादव का चयन हुआ है। वहीं अंकित सैनी का चयन जूनियर पुरुष टीम में हुआ है। हॉकी प्रशिक्षक मोहित सिंह ने बताया कि तीनों खिलाड़ी 30 जून को झांसी के लिए रवाना होंगे। जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी जेपी यादव, हॉकी उत्तराखंड के कोषाध्यक्ष योगेश जोशी, साई काशीपुर सेंटर प्रबंधक ज्योति साह, पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी अब्दुल जब्बार व रईस अहमद और स्टेडियम के सभी प्रशिक्षक एवं स्टाफ ने खिलाड़ियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।

# राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत से मिले बाजपुर के किसान

संवाददाता, बाजपुर

मुजफ्फरनगर में भाकियू नेता राकेश टिकैत से मुलाकात करते कर्म सिंह पड्डा।

**अमृत विचार :** बहुचर्चित बाजपुर के बीस गांव की 5838 एकड़ भूमि के मामले को लेकर किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत से उत्तर-प्रदेश के मुजफ्फरनगर स्थित उनके आवास पर पहुंचकर मुलाकात की। उन्होंने पिछले करीब एक वर्ष से तहसील परिसर में चल रहे भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन के बारे में जानकारी दी।

प्रतिनिधि मंडल ने टिकैत से बाजपुर आंदोलन स्थल पर आकर आंदोलनकारियों को समर्थन देने का अनुरोध किया। राकेश टिकैत ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वह जल्द ही बाजपुर आंदोलन स्थल पर पहुंचेंगे और इस लड़ाई को आगे बढ़ाएंगे। एक अगस्त 2023 से बाजपुर तहसील में 20 गांवों की 5838 एकड़ भूमि पर भूमिधरी अधिकार वापस पाने के लिए तहसील परिसर में भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन चला रहे हैं। इसमें लगातार क्रमिक अनशन का क्रम जारी है, लेकिन अभी तक शासन-प्रशासन से उन्हें केवल आश्वासन ही मिलते रहे हैं। आंदोलन के आयोजक रजनीत सिंह सोनू ने बताया कि शुक्रवार को भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मुजफ्फरनगर पहुंचा और उन्होंने भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत से मुलाकात कर आग्रह किया है कि वह बाजपुर के गंभीर मुद्दे पर कुछ करें और हजारों भूमि पीड़ितों को उनका हक दिलाएं। प्रदेश कोषाध्यक्ष दलजीत सिंह रंधावा, कुमाऊं मंडल अध्यक्ष विक्की रंधावा, रजनीत सिंह सोनू, संदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# शिक्षा की बेहतरी पर मंथन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** शिक्षा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से आरएएन स्कूल में एक दिवसीय कला एकीकरण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय ग्रुप के सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया।

कार्यशाला का शुभारंभ गोल्डन गेट ग्लोबल मुरादाबाद की अंग्रेजी विषय की शिक्षिका रिचा बंसल और प्रधानाचार्य भावना भनोट ने किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में शिक्षा को बेहतर व सृजनात्मक व प्रभावी बनाने की जिम्मेदारी विद्यालय के शिक्षक प्रबंधन पर होती है। ऐसे में चित्रकला, संगीत और नृत्य जैसी कलाओं का सृजन कर विद्यार्थियों को सिखाने का प्रयास करना चाहिए। इस गतिविधि की सक्रियता से ही विद्यार्थियों के साथ ही बेहतर शिक्षा हो सकती है। वहीं छात्रों को भी सीखने की प्रक्रिया आनंददायक होगी।

आरएएन स्कूल में कार्यशाला के बाद शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

बाजपुर में करंट से झुलसे युवक का उपचार करते स्वास्थ्य कर्मी।

### धान की रोपाई करते वक्त किसान को लगा करंट

**बाजपुर।** खेत में धान रोपाई करते वक्त करंट की चपेट में आकर एक व्यक्ति बुरी तरह झुलस गया, जबकि उसकी पत्नी बाल-बाल बच गई। ग्राम खंबारी निवासी शंकर सिंह (35) पुत्र देवी सिंह शुक्रवार को अपनी पत्नी सरस्वती के साथ खेत में धान की रोपाई कर रहा था। बताया जाता है कि इसी बीच दोपहर करीब तीन बजे खेत की सिंचाई के लिए लगी विद्युत मोटर की तार को सही करने लगा। इसके चलते अर्थिंग होने पर वह करंट की चपेट में आ गया, जबकि पास में मौजूद पत्नी बाल-बाल बच गई। पत्नी के चीखे-चिल्लाने पर नजदीक ही खेत में काम रहे राजकुमार ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह उसे छुड़ाया। घटना में बुरी तरह झुलसे शंकर सिंह को सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। उसकी हालत काफी नाजुक बताई जा रही है।

### श्रीराम कॉलेज के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल को लेकर चर्चा

**काशीपुर।** श्रीराम इंस्टीट्यूट काशीपुर के सहायक प्राध्यापक दिनेश गिनवाल ने हाल ही में एसोसिएट प्रोवोस्ट ऑबर्न मोंटगोमरी यूनिवर्सिटी यूएसए के डॉ. समीर पांडे से मुलाकात की। इस मुलाकात का उद्देश्य संस्थान के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण और विकास के सम्बन्ध में विचार विमर्श करना था। डॉ. समीर पांडे कुमाऊं यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. डॉ. डीएस रावत से मुलाकात करने के लिए नैनीताल आए हुए थे। चर्चा में वेबिनार के माध्यम से छात्र-छात्राओं के प्लेसमेंट, प्रशिक्षण एवं व्यक्तित्व विकास पर सहयोग शामिल था। संस्थान के सहायक प्राध्यापक दिनेश गिनवाल को प्रशिक्षण और विकास के क्षेत्र में 22 वर्षों से अधिक का औद्योगिक अनुभव है। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष रविंद्र कुमार, निदेशक प्रो. डॉ. योगराज सिंह तथा प्राचार्य डॉ. एसएस कुशवाहा ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।

### बरसाती रोगों से बचाव को जागरुकता रैली निकालेंगे

**बाजपुर।** अथर्व यूथ क्लब के सक्रिय सदस्यों की बैठक में बरसाती रोगों से बचाव के लिए जागरुकता रैली निकालने का निर्णय लिया गया। बैठक में कहा गया कि इंदिरा नगर, राजीव नगर, चकरपुर, मलेरिया रोड, ब्लॉक रोड आदि मोहल्लों में जलभराव की समस्या से संचारी रोगों के संक्रमण होने की संभावना रहती है। ऐसे में अथर्व यूथ क्लब द्वारा त्वरित जरूरत के आधार पर एक्शन प्लान और क्रियान्वयन सुनिश्चित करने, संचारी रोगों की रोकथाम के उपाय करने के साथ ही हरेला पर्व पर पौधरोपण अभियान शुरु करेगा। साथ ही जागरूकता रैली भी निकालेगा। बैठक में राम विजय पांडे, विश्वेष पांडेय, रवि बिष्ट, विवेक कुमार आदि मौजूद रहे।

### पीएम आवास योजना के लिए डेढ़ एकड़ भूमि का चयन

**बाजपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बरहैनी में भूमिहीनों के 30 आवास बनेंगे। इसके लिए शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी बसंत बल्लभ जोशी की अगुवाई में खंड विकास विभाग एवं राजस्व विभाग ने संयुक्त रूप से करीब डेढ़ एकड़ भूमि का चयन किया गया है। बताया गया कि जरूरी प्रक्रियाएं पूर्ण होने के पश्चात इस भूमि में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत 30 भूमिहीनों को पट्टा उपलब्ध करवा आवास बनाकर दिए जाएंगे जिन्हें लाभार्थियों को सौंपा जाएगा।

**चुनाव** केजीसीसीआई की वार्षिक आमसभा में सर्वसम्मति से चुना गया अध्यक्ष, औद्योगिक विकास के लिए राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने का होगा प्रयास

# अशोक बंसल को फिर से बनाया गया केजीसीसीआई का अध्यक्ष

संवाददाता, काशीपुर

केजीजीसीआई के नवनियुक्त पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कुमाऊं गढ़वाल चेंबर ऑफ कॉमर्स (केजीसीसीआई) की 35 वीं वार्षिक आम सभा में वर्ष 2024-25 के लिए सर्वसम्मति से अशोक बंसल को एक बार फिर से अध्यक्ष चुन लिया गया। बंसल इससे पूर्व आठ बार चेंबर के अध्यक्ष रह चुके हैं। नवनियुक्त अध्यक्ष बंसल ने कहा कि औद्योगिक विकास के लिए राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने के लिए प्रयास किया जाएगा। साथ ही नए उद्योगों के लिए कामकाजी वातावरण बनाने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे।

शुक्रवार को बाजपुर रोड स्थित चेंबर हाउस में केजीसीसीआई की वार्षिक आमसभा का शुभारंभ चेंबर के अध्यक्ष अशोक कुमार बंसल, विनीत कुमार संगल, पवन अग्रवाल व आशीष गुप्ता ने किया। आमसभा के दौरान वर्ष 2024-25 के लिए नई कार्यकारिणी के लिए अशोक बंसल को पुनः अध्यक्ष चुन लिया गया। जबकि आरके गुप्ता महासचिव, आलोक कुमार गोयल वरिष्ठ उपाध्यक्ष व आशीष गुप्ता कोषाध्यक्ष चुने गए। नवनियुक्त अध्यक्ष बंसल ने चेंबर सदस्यों का आभार जताया। उन्होंने बताया कि केजीसीसीआई की स्थापना 1987 में की गई थी।

स्थापना के समय से ही चेंबर कुमाऊं और गढ़वाल मंडल के पर्वतीय क्षेत्रों और तराई में औद्योगिक विकास में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। कहा कि अभी भी दीर्घकालिक औद्योगिक विकास के लिए कुछ और ठोस कदम उठाने होंगे। राज्य में उद्योगों के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार कराया जाए, ताकि यहां पर नए उद्योग स्थापित हो सकें।

बैठक में विनीत कुमार सिंघल, नितिन अग्रवाल, रमेश मिड्ढा, भास्कर शर्मा, मयंक अग्रवाल, अतुल असावा, संजीव जिंदल, विनीत अजीत सरिया आदि मौजूद रहे।

### बैठक में चुनी गई नई कार्यकारिणी

अशोक बंसल।

**काशीपुर।** कुमायूं-गढ़वाल चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री की 35 वीं वार्षिक आम सभा का भव्य आयोजन बाजपुर रोड औद्योगिक आस्थान स्थित चैम्बर हाउस में किया गया गया। इस अवसर पर चैम्बर की वर्ष 2024-25 हेतु नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर अशोक बंसल को चुना गया। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर आलोक कुमार गोयल और कोषाध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता बने। सदस्य के रूप में नितिन अग्रवाल, विकास अग्रवाल, भास्कर शर्मा, पुष्पेन्द्र मोहन सिंघल, कृष्ण पाल सिंह, बीवी श्रीधर, विकास सिंह, अमित गर्ग, अक्षत मिड्ढा, नरेश कुमार घई, संजय कुमार अदलखा, रमेश मिड्ढा, रामकुमार अग्रवाल, आरबी बिरादर और संजय कुमार सिंह को नामित किया गया।

### एजीएम में उद्योगों को राहत देने के मुद्दे छाए

**काशीपुर।** केजीसीसीआई की वार्षिक आम सभा में उद्योगों को बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराने और उद्योगों पर सरकार की ओर से लगाए गए विभिन्न करों को लेकर चर्चा की गई। एजीएम में सदस्यों ने इस बात पर संतोष जताया कि चेंबर की कार्यकारिणी के प्रयासों से सर्किल रेट जैसी कई जटिल समस्याओं का समाधान हुआ है। इससे उद्योगों को को राहत मिली है। एजीएम में दुर्गेश मोहन, सिडबी, रुद्रपुर के एजीएम ज्ञानेश कुमार व ईएसटीसी, कानिया के दिनेश चन्द्र ने विचार रखे।

## सार-संक्षेप

नहर में डूबे युवक की तलाश करती जल पुलिस ● अमृत विचार

### नहाते समय नहर में डूबा युवक, तलाश जारी

**खटीमा** : सूखी नहर में नहाते समय एक युवक डूब गया। शोर मचाने पर आसपास के लोग और सूचना पर पहुंची पुलिस व जल पुलिस देर शाम तक तलाश करती रही। लेकिन पता नहीं चल सका। बानूसी निवासी राहुल खोलिया (26) पुत्र बहादुर सिंह खोलिया गांव के ही युवक ललित भाटिया के साथ बाइक की सर्विस कराने खटीमा आए थे। बाद में उन्होंने नहाने का प्रोग्राम बनाकर सूखी नहर बाईपास पर नहाने चले गए। नहाते समय राहुल खोलिया तेज बहाव में फंसकर बह गया। इस पर ललित भाटिया ने शोर मचाया तो आसपास के लोग वहां पहुंच गए लेकिन राहुल का पता नहीं चला। सूचना पर थाना झनकईया के थानाध्यक्ष अनिल जोशी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल जल पुलिस को सूचना दी जिसने एक घंटे तक राहुल की तलाश की जाती रही लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। राहुल की पत्नी निकिता का रो रोकर बुरा हाल है। राहुल का एक पुत्र है। थानाध्यक्ष अनिल जोशी ने कहा कि पुलिस और जल पुलिस द्वारा शनिवार को पुन : तलाश की जाएगी।

आयुर्वेदिक अस्पताल में स्थानांतरण रद्द करने की मांग करते मरीज व तीमारदार।

### महिला चिकित्साधीक्षक का स्थानांतरण रद्द करने की मांग

**जसपुर** : मरीजों एवं तीमारदारों ने आयुर्वेदिक चिकित्सालय जसपुर में तैनात महिला चिकित्साधीक्षक का स्थानांतरण रद्द करने की मांग की। आयुर्वेदिक चिकित्सालय जसपुर में एकत्र मरीजों व तीमारदारों ने चिकित्साधीक्षक मंजू पाल के स्थानांतरण को रद्द करने की मांग की। मरीजों ने कहा कि डॉ. मंजू पाल द्वारा महिला संबंधी बीमारियों का इलाज संतोषजनक किया जा रहा है। उनका स्थानांतरण किया जाना उचित नहीं है। स्थानांतरण से लोगों में रोष है। चिकित्साधीक्षक डॉ. मंजू ने बताया कि राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा सेवा संघ ऊधम सिंह नगर द्वारा मुझे 23 जुलाई 2022 को अधीक्षक पद पर मनोनीत किया गया था। 2024- 25 में स्थानांतरण सत्र के लिए मेरे द्वारा न कोई आवेदन और न ही कोई विकल्प दिया गया था। फिर भी जानबूझ कर कर उनका स्थानांतरण कर दिया गया। कार्यालय निदेशक आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवायें उत्तराखंड देहरादून द्वारा डॉक्टर मंजू का स्थानांतरण राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय लक्ष्मी नगर जसपुर से अल्मोड़ा कर दिया गया है। जहां से डॉ. संदीप कुमार को राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय जसपुर भेजा गया है। डॉ. संदीप ने बताया कि उनका दुर्गम का कार्यकाल पूर्ण हो गया है। इस कारण निदेशालय ने मुझे जसपुर भेजा है। इस मौके पर आरजू, नफीसा, मैहसल, केला देवी, रेखा, शाहजहां, राशिद, मेहरीन, रजिया, रईसा, सनाह, रूही, हाजी अब्दुल मजीद, फैजान, जाकिर हुसैन, जावेद, आबिद हुसैन, नाजिम, मुकीम, अरविंद राजपाल आदि मौजूद रहे।

खटीमा के सिटी कान्वेंट स्कूल में आयोजित कार्यशाला में उपस्थित शिक्षक।

### सिटी कॉन्वेंट में नई शिक्षा पद्धति पर शिक्षक कार्यशाला

**खटीमा** : सिटी कॉन्वेंट स्कूल में नई शिक्षा पद्धति पर आयोजित दो दिवसीय शिक्षक कार्यशाला के दूसरे दिन टीएलएम का प्रयोग और तकनीकी समस्या का समाधान किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यशाला में लीड सिटी कोऑर्डिनेटर देशदीप तथा सुभाष कुमार ने शिक्षकों को शिक्षा से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया। द्वितीय दिवस पर शिक्षकों को बताया गया कि कैसे टीएलएम का प्रयोग किया जाए और शिक्षकों को शिक्षा से संबंधित आने वाली तकनीकी समस्या का समाधान करते हुए बताया कि वह कैसे तकनीकी का प्रयोग कर बच्चों को उच्चतम शिक्षा दे सकते हैं। एजुकेशनल डायरेक्टर तिलक उपाध्याय ने कहा कि एक्टिविटी बेस्ड लर्निंग एक एक्टिव टीचिंग लर्निंग मैथेडोलॉजी है। लर्निंग मैथेडोलाजी का इस्तेमाल प्राइमरी एवं सेकेंडरी वर्ग के विद्यार्थियों की समझने की शक्ति को बढ़ाने के लिए किया जाता है। प्रधानाचार्य अमित रोनाल्ड चौहान ने कहा कि एक्टिविटी बेस्ड लर्निंग से विद्यार्थियों में स्किल्स डेवलप होती है जो कि उनके सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। इस अवसर पर सभी शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में श्रमिक लापता

**बाजपुर** : फार्म हाउस पर कार्यरत श्रमिक रहस्यमय ढंग से लापता हो गया। काफी तलाशने के बाद भी जब वह नहीं मिला तो पीड़ित परिजनों ने कोतवाली में गुमशुदगी तहरीर देकर मदद की गुहार लगाई है। महतोष मोड़ थाना व तहसील गदरपुर निवासी चिरंजीत मंडल ने पुलिस को बताया कि वइ अपने भाई अजीत मंडल व कुछ साथियों के साथ बाजपुर स्थित एक फार्म पर धान लगाने के लिए आए हुए हैं और रात में भी फार्म हाउस पर ही रहते हैं। 25 जून की रात वह अपने भाई अजीत मंडल को खाना खाने के लिए बुला रहा था तो वह अभी आता हूं कहकर फार्म से बाहर निकल गया। करीब आधा-एक घंटे तक इंतजार करने के बाद भी नहीं लौटा। उसकी आसपास खोजबीन की गई, परंतु उसका कुछ पता नहीं चल पाया है।

# वेंडिंग जोन में प्राथमिकता के आधार पर बसाने की मांग

## जी-20 सम्मेलन के दौरान बस अड्डे के सामने से उजाड़े गये व्यापारियों ने प्रभारी नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन, प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाए

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जी-20 सम्मेलन के दौरान बस अड्डे के सामने से उजाड़े गये लोहिया समोसा मार्किट के व्यापारियों ने प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल महामंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राव के साथ एक प्रतिनिधिमंडल के रूप में नगर निगम की प्रभारी नगर आयुक्त शिप्रा जोशी से मुलाकात की। इस दौरान व्यापारियों ने वेंडिग जोन मे ही प्राथमिकता के आधार पर बसाने की मांग की।

शुक्रवार को प्रभारी नगर आयुक्त से मुलाकात के दौरान व्यापारियों के शिष्टमंडल ने कहा कि जी-20 के दौरान नेशनल हाईवे की जद में आने के कारण रोडवेज के सामने बसी लोहिया मार्किट व समोसा मार्किट को हटा दिया गया था, लेकिन उसके बाद उनका पुनर्वास के लिए शिवनगर मोड़ के पास बसाये जाने की कवायद शुरू की गयी थी। जिसमें प्रशासन के अधिकारियों द्वारा विधायक शिव अरोरा के साथ स्थलीय निरीक्षण कर भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव बनाने की कार्यवाही को आगे बढ़ाया गया था, लेकिन जब राष्ट्रीय राजमार्ग पर नगर निगम के सामने बनाये जा रहे वेंडिग जोन में लोहिया मार्किट व्यापारियों ने पुनर्वास किये जाने की बात की तो शिवनगर मोड़ का प्रस्ताव ठंडे बस्ते में चला गया है।

उन्होंने कहा कि लोहिया मार्केट के व्यापारियों को उनके पुराने स्थान गांधी पार्क की दीवार के साथ ही जगह दे दी जाये जो प्रशासन व नगर निगम के लिये संभव नहीं होगा। इसलिए सभी को वेंडिग जोन में ही प्राथमिकता के आधार पर बसाया जाए और दुकान अलॉटमेंट की प्रकिया को आगे बढ़ाया जाये। इस अवसर पर व्यापारी नेता सुनील ठुकराल, सोनू अनेजा, लोहिया मार्केट व्यापारी आशु ग्रोवर, व्यापारी नेता राजेश कामरा, मनोज मदान, परवेज खान, हर्ष रावल, महेंद्र सिंह, श्याम ढींगरा, हरीश जुनेजा, अनिल कक्कड़, नरेंद्र चावला, जुल्फीकार, अशोक छाबड़ा, सोनू मदान, चंदन तिवारी, राजेंद्र जुनेजा, हरिओम, चिरंजी लाल, श्याम सुंदर मौजूद रहे।

प्रभारी नगर आयुक्त शिप्रा जोशी को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। ● अमृत विचार

# डीडीए के उपाध्यक्ष के समक्ष भी रखी मांग

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जी-20 सम्मेलन के दौरान उजाड़े गये राम मनोहर लोहिया व समोसा मार्केट के व्यापारियों ने जिला विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अभिषेक रुहेला व सचिव पंकज उपाध्याय से मुलाकात की। इस दौरान व्यापारियों के साथ पहुंचे पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल और व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने दोनों अधिकारियों से उजाड़े गये व्यापारियों के शीघ्र पुनर्वास की मांग की।

शुक्रवार को व्यापारियों से मुलाकात के बाद जिला विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष और सचिव ने स्पष्ट रूप से कहा कि उजाड़े गये व्यापारियों का पुनर्वास कराना उनके कार्य क्षेत्र में नहीं आता है। इसके लिए वह जिलाधिकारी से वार्ता कर सकते हैं। उनका कहना था कि विकास प्राधिकरण राष्ट्रीय राजमार्गों के चौड़ीकरण के साथ ही सड़क के दोनों ओर सर्विस लेन व नाला निर्माण की व्यवस्था देखता है। साथ ही मुख्य मार्ग के दोनों ओर जिन दुकानों को हटाया गया है वहां पर भविष्य में निश्चित रूप से मार्गों का चौड़ीकरण किया जाएगा।

इस दौरान व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने कहा कि व्यापारियों की इस मांग को लेकर शनिवार को जिलाधिकारी से मुलाकात करेंगे। इस अवसर पर इंद्रजीत सिंह, नवीन कुमार नंद किशोर, हरीश कालड़ा, नवीन जोशी, गुरविंदर सिंह, अजीत सिह, हर्ष रावल, राजीव जोशी, श्याम सुंदर, दीपक कुमार, जसवीर सिंह, अमरजीत सिंह, देवेंद्र बोरा, भगवान दास कालरा, इंद्रसेन अरोरा, जगीर सिंह, हरीश कुमार, रामलाल बठला, महेंद्र, रामकिशन ग्रोवर, मोनी जल्होत्रा, कमलजीत सिंह, सुनील कुमार, सतीश छावड़ा, चिरोंजीलाल, नरेंद्र चावला सहित तमाम व्यापारी मौजूद थे।

जिला विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष व सचिव से वार्ता करते व्यापारी। ● अमृत विचार

# शांतिपुरी में ट्रेन से कटकर ट्रैक्टर चालक की मौत

**शांतिपुरी:** शांतिपुरी के समीप ट्रेन की चपेट में आने से जवाहरनगर नगला निवासी ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। शुक्रवार प्रातः स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए रुद्रपुर भेज दिया।

बीते गुरुवार की रात को करीब 8:10 बजे लालकुआं बरेली डाउन एक्सप्रेस संख्या 15062 लालकुआं से बरेली को जा रही थी। तभी शांतिपुरी के समीप रेलवे लाइन पार कर रहा जवाहरनगर नगला निवासी 33 वर्षीय उमाकांत पुत्र पुट्टू सिंह मूल निवासी उत्तर प्रदेश पीलीभीत की ट्रेन के चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे के बाद उसका क्षत विक्षत शव दूर झाड़ियों में छटकने के कारण रेलवे कर्मियों को नहीं दिखा। शुक्रवार प्रातः स्थानीय पुलिस ने रेलवे पटरी के पास झाड़ियों से शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक विवाहित था और यहां स्थायी रूप से रह कर ट्रैक्टर ट्रॉली में ड्राइवरी का काम करता था।

# नवीन अनाज मंडी में निर्माण कार्यों का जायजा लिया

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने व्यापारियों के साथ नवीन अनाज मंडी में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को कार्यों को मानसून से पहले पूरा करने के निर्देश दिए।

गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा नवीन अनाज मंडी पहुंचे। यहां उन्होंने आढ़ती एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल गगनेजा और व्यापारियों के साथ बैठक की। बैठक के बाद जिलाध्यक्ष सुखीजा ने नवीन अनाज मंडी में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष सुखीजा ने नवीन अनाज मंडी में चल रहे निर्माण कार्यों शेड, शौचालय एवं दुकानों का आवंटन जैसे कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों हितों के लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके पर महामंत्री आलोक सरना, कोषाध्यक्ष मुकेश भुसरी, उपाध्यक्ष सतीश छाबड़ा, राजेश अग्रवाल, लेखराज कम्बोज, सुभाष खुराना, धीरज पोपली, सतीश खुग्गर, केवल फुटेला, अनमोल बजाज, एई विनोद कुमार, मंडी सचिव योगेश तिवारी, रजत गाबा, टीकम खेड़ा आदि मौजूद थे।

नवीन अनाज मंडी में निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते भाजपा जिलाध्यक्ष सुखीजा।

# साईं फार्मेसी में अभिषेक ने पाया प्रथम स्थान

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** साईं फार्मेसी के अंतिम सेमेस्टर के परीक्षाफल में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया।

साईं फार्मेसी कॉलेज, महुवाडाबरा के डी फार्मेसी अंतिम सेमेस्टर के छात्र अभिषेक गुप्ता ने 82.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। नूर मोहम्मद 80.26 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे। प्रथम सेमेस्टर की छात्रा रूपाली जोशी ने 77.14 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। संजय सिंह राजपूत 76.95 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे तथा हेमलता 76.76 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। कॉलेज प्रबंधक ने बताया कि कॉलेज के डी.फार्मेसी का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। कॉलेज के प्रबंधक राजकुमार सिंह एवं निदेशक अवनीश चौहान ने सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

# डीफार्मा में कनिका सैनी ने किया टॉप

**बाजपुर:** उत्तराखंड प्राविधिक शिक्षा परिषद द्वारा डी फार्मा प्रथम वर्ष का परीक्षाफल घोषित कर दिया गया है। भारत कॉलेज आफ फार्मेसी के डी फार्मा प्रथम वर्ष का रिजल्ट 88 प्रतिशत रहा, जिसमें 23 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। छात्रा कनिका सैनी ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया है। दूसरे नंबर पर 83 प्रतिशत अंकों के साथ छात्रा कामना रानी तथा छात्र अरुण कुमार ने 82 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया है। वहीं विद्या ज्योति कॉलेज ऑफ फार्मेसी बाजपुर के विद्यार्थियों ने अच्छे अंक अर्जित किए हैं। अंजू बाला ने 876/1050 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है, केशव सिंह ने 792/1050 अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं मनतशा ने 764/1050 अंक प्राप्त कर तृतीया स्थान प्राप्त किया है।

## वर्ग पहेली-115

**बाएं से दाएं**

4. विचारधारा; विचारसरणी; सोचने का ढंग।

6. 1. संपूर्ण गणना करना 2. किसी विशेष उद्देश्य से किसी स्थान पर स्थित वस्तुओं की गणना 3. विधि तथा निषेधशास्त्र का विशेष रूप से कथन।

7. 1. किसी वस्तु को बाँटना या वितरण करना 2. अंश या भाग लगाना; विभक्त करना।

**ऊपर से नीचे**

1. दुबला-पतला; छरहरा।

2. प्राय : झुंड में रहने वाला तथा लोमड़ी से मिलता-जुलता एक जानवर।

3. संभोग; मैथुन; रतिक्रीड़ा।

5. गोलियों के चलने की आवाज़।

6. बेसन



## वर्ग पहेली -114 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 मा | नो | | 2 पि | | | |
| सां | | | छ | | | |
| त | | | ड़ा | | 3 चु | |
| | 4 सें | | 5 प | नौ | टी | |
| 6 गं | ध | ही | न | | ला | |
| | मा | | | | | |
| | री | | 7 छु | त | हा | |

**सुडोकू -28**

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 9 | | | 1 | | 7 |
| 8 | | 7 | 2 | | | | 3 | |
| | 3 | | 5 | | 8 | | | |
| 7 | | | 6 | | 1 | | | 9 |
| | | 4 | | | | 3 | | |
| 6 | | | 3 | | 5 | | | 8 |
| | | | 8 | | 7 | | 4 | |
| | 5 | | | | 3 | 9 | | 2 |
| 3 | | 2 | | | 9 | | 6 | |

## सुडोकू -27 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 7 | 6 | 4 | 8 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 4 | 5 | 9 | 7 | 2 | 8 | 1 | 6 |
| 6 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 3 | 9 | 5 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 2 | 8 | 1 | 6 | 9 | 3 |
| 8 | 9 | 3 | 5 | 6 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 7 | 3 | 2 | 8 | 1 | 4 | 9 | 6 | 5 |
| 4 | 6 | 8 | 3 | 9 | 5 | 2 | 7 | 1 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 2 | 6 | 4 | 3 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 जून शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अष्टमी 14.19 तक तत्पश्चात नवमी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 08.49 तक तत्पश्चात रेवती।

**मेष** — आज आपका मन अशांत हो सकता है। लोग आपके ऊपर जिम्मेदारियों का बोझ डालने का प्रयास करेंगे। महंगे उत्पादों की ख़रीदारी के कारण परेशान हो सकते हैं। नकारात्मक लोगों की संगत से दूर रहें।

**वृष** — आज आप काफी व्यस्त रहेंगे। घर के लोग आपसे काफी प्रसन्न और संतुष्ट रहेंगे। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। व्यापार से जुड़े लोगों की बिक्री बढ़ सकती है। सभी कार्य योजनानुसार ही होते चले जायेंगे। फाइनेंस संबंधी कार्यों के लिए दिन बेहद अनुकूल है।

**मिथुन** — आज कार्यक्षेत्र की आंतरिक व्यवस्था में कुछ बदलाव करना पड़ सकता है। नए लक्ष्यों को निर्धारित कर सकते हैं। आपका व्यवहार काफी संयमित और लोगों की नजर में आदर्श रहेगा। अपनी बातों को प्रभावी ढंग से रखेंगे।

**कर्क** — आज वही कार्य करें जिसको लेकर आपकी योजना स्पष्ट हो। परिश्रम का उचित परिणाम न मिलने से मन उदास हो सकता है। परिजनों के साथ बैर या किसी तरह का मनमुटाव आज दूर होगा। वैवाहिक जीवन के लिए समय अवश्य निकालें।

**सिंह** — आज नए व्यापारिक समझौते करने से बचें। व्यवसाय में प्रतिद्वंदियों के कारण नुकसान उठाना पड़ सकता है। निजी रिश्तों के बीच अहम् की भावना न आने दें। बारिश में भींगने से बचें। वायरल बुखार की चपेट में या सकते हैं। इंश्योरेंस आदि में निवेश करने के लिए दिन शुभ है।

**कन्या** — आज आपका मन काफी हर्षित रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव बढ़ेगा। उधार दिया हुआ धन आपको मिल सकता है। व्यापार में काफी अच्छा धन लाभ हो सकता है। घर में प्रसन्नता व खुशहाली का माहौल रहेगा। महत्वपूर्ण अनुबंध के लिए दिन शुभ है।

**तुला** — आज रुके हुए कार्यों को पूरा करने का दिन है। कार्यक्षेत्र में परेशानियों का अनुभव होगा। जल्दबाज़ी व भावुकता में कोई निर्णय न लें। कानूनी अड़चनों को दूर कर सकते हैं। युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा में शुभ परिणाम मिलेंगे। दूसरे व्यक्तियों के मामलों में ज्यादा हस्तक्षेप करना उचित नहीं है।

**वृश्चिक** — आज घर में शुभ प्रसंग हो सकते हैं। प्रेम संबंध काफी रोमांटिक रहने वाला है। धार्मिक विचारों का आपके ऊपर काफी प्रभाव रहेगा। अपनी जिम्मेदारियों से पीछे न हटें। कार्यस्थल में सब कुछ सामान्य रहेगा। अपनी बातों को दूसरों पर न थोपें।

**धनु** — आज आय के अनुपात में धन खर्च अधिक हो सकता है। शरीर में जल की कमी के कारण पैरों में दर्द की शिकायत हो सकती है। घर के लोगों की सलाह पर विचार अवश्य करें। वैवाहिक संबंध रोमांटिक रहेंगे। आज आपके घर के किसी विवाह योग्य सदस्य के विवाह की चर्चा हो सकती है।

**मकर** — आज किसी आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है। तय लक्ष्यों को समय पर पूरे कर लेंगे। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर काफी गम्भीर रहेंगे। जीवनसाथी को आज कुछ उपहार दे सकते हैं। व्यवसाय में अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा।

**कुंभ** — आज परिजनों से किसी गंभीर विषय पर चर्चा कर सकते हैं। पेट में गैस और जलन की शिकायत हो सकती है। आज गरिष्ठ भोजन का सेवन न करें। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को अपनी प्रतिभा को सिद्ध करने का नया मंच मिल सकता है। आर्थिक समस्याओं का निवारण होगा।

**मीन** — आज कार्यक्षेत्र में कुछ महत्वपूर्ण व ठोस निर्णय लेने पड़ेंगे। आप किसी सार्वजनिक समारोह में सम्मिलित हो सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आज यात्रा पर जाने की योजना बना सकते हैं। पहले हुए व्यापार घाटे से आज निजात मिल सकती है।

## आज की फिल्में

**नो प्रॉब्लम**
सुबह : 08.18

**ड्रीम गर्ल**
रात : 09.41

**अपरिचित**
सुबह : 11.06

**वेलकम बैक**
रात : 07.30

**सुपर मैन**
सुबह : 09.20

**व्हाइट हाउस डाउन**
शाम : 06.36

**कृष**
सुबह : 09.23

**सूर्या एस 3**
रात : 07.30

**अजब प्रेम की गजब कहानी**
सुबह : 11.54

**भेड़िया**
शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बीवी ने पति को मैसेज किया - आपको पड़ोसन कैसी लगती है...?
बीवी को खुश करने के लिए पति ने रिप्लाई किया- एकदम बंदरिया जैसी...!
बीवी - ठीक है तो आते समय मेरे लिए दो साड़ी लेते आना, नहीं तो ये मैसेज पड़ोसन को दिखा दूंगी।

भिखारी- भाई एक रुपया दे दो, तीन दिन से भूखा हूं।
राहगीर- तीन दिन से भूखा है तो एक रुपये का क्या करेगा?
भिखारी- वजन देखना है कि कितना घटा!

अमृत विचार
www.amritvichar.com

आक्रोशपरिवादाभ्यां विहिंसन्त्यबुधा बुधान्।
वक्ता पापमुपादत्ते क्षममाणो विमुच्यते॥

मुर्ख लोग ज्ञानियों को बुरा-भला कहकर उन्हें दु:ख पहुंचाते हैं। इस पर भी ज्ञानीजन उन्हें माफ कर देते हैं। माफ करने वाला तो पाप से मुक्त हो जाता है और निंदक को पाप लगता है।

## संपादकीय

# बढ़ती विदेशी कमाई

हाल ही में आई विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, विप्रेषण के मामले में भारत अग्रणी देश बना हुआ है। विदेशों में कार्यरत भारतीयों ने 2023 में 120 अरब डॉलर की कमाई देश में भेजी थी। उसके बाद मेक्सिको, चीन, फिलीपींस और पाकिस्तान हैं, जिन्हें क्रमशः 66, 50, 39 और 27 अरब डॉलर मिले हैं। गौरतलब है कि कुशल भारतीय कामगारों का सबसे बड़ा गंतव्य अमेरिका है। अन्य विकसित देशों के अलावा खाड़ी देशों में भी बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी काम कर रहे हैं। विश्व बैंक का अनुमान है कि भारत में आने वाले विप्रेषण में 2024 में 3.7 प्रतिशत और 2025 में चार प्रतिशत बढ़ने की संभावना है। दुनिया में सबसे अधिक प्रवासी भारतीय हैं। वे विभिन्न देशों के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, जिसका एक संकेत हमें 7.5 प्रतिशत की दर से बढ़ती विप्रेषण राशि से मिलता है। अमेरिका के बाद सबसे अधिक कमाई संयुक्त अरब अमीरात से आई है, जो कुल विप्रेषण का 18 प्रतिशत है। इसके बाद सऊदी अरब, कुवैत, ओमान और कतर का स्थान है। संयुक्त अरब अमीरात और भारत के बीच अपनी मुद्राओं में लेन-देन की व्यवस्था होने से औपचारिक माध्यमों से अब अधिक विप्रेषण भेजा जा रहा है। अमीरात और सिंगापुर में यूपीआई भुगतान प्रणाली के चालू होने से कमाई भेजने का खर्च भी कम होगा और समय भी कम लगेगा। विप्रेषण के मामले में एक आशंका यह लगी रहती है कि बाहरी घटनाओं से इसमें कमी आ सकती है। प्रवासन और विप्रेषण आर्थिक और मानवीय विकास के महत्वपूर्ण कारक हैं। प्रवासी कामगार एक ओर अपनी प्रतिभा एवं परिश्रम से दूसरे देशों के विकास को गति देते हैं, वहीं दूसरी ओर वे अपने देश के विदेशी मुद्रा भंडार को समृद्ध बनाते हैं तथा अपने परिवार की उन्नति का आधार बनते हैं।

वैश्विक स्तर पर जहां कई देशों में श्रम की उपलब्धता का अभाव है, वहीं कई देशों में बेरोजगारी और कौशल की कमी है। भारत के अधिकतर कुशल कामगार अमेरिका और अन्य विकसित देशों में कार्यरत हैं तथा कम कुशल प्रवासी खाड़ी देशों में हैं। इस वितरण से बाहरी घटनाओं का असर कम होगा, इसलिए वैसी स्थिति में भी विप्रेषण में स्थिरता बनी रहेगी। बहुत से देश प्रबंधित प्रवासन को बढ़ावा दे रहे हैं। इसका लाभ भारत जैसे देशों को मिल रहा है। विप्रेषण बढ़ना निश्चित ही उत्साहजनक है, पर हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि हमारे कामगारों को जोखिम, शोषण, भेदभाव आदि का भी सामना करना पड़ता है। हाल ही में कुवैत में एक इमारत में आग लगने से कई भारतीय कामगारों की मौत हो गई। वहीं इटली में एक भारतीय श्रमिक को सड़क पर मरने के लिए छोड़ दिया गया। इस संबंध में हमारे दूतावास और उच्चायोगों के सक्रिय हस्तक्षेप की आवश्यकता है।

# क्या संभव है संविधान को बदलना

डॉ. शैलेश सिंह
गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

**स्पेशल मेजॉरिटी बनाम सिंपल मेजॉरिटी। बिल पास करने के लिए संसद के दोनों सदनों में सिंपल मेजॉरिटी से काम चल जाता है। सिंपल मेजॉरिटी यानी बिल पर वोटिंग के दौरान लोकसभा और राज्यसभा में जितने मेंबर मौजूद हैं, उनमें से 50 प्रतिशत से ज्यादा लोग इसके पक्ष में वोट कर दें तो बिल पास।**

संविधान को बदलना और संविधान में संशोधन करना दोनों में बहुत बड़ा अंतर है। लोकसभा में 400 सीटें मिलें तो एनडीए सरकार संविधान बदल देगी, प्रतिपक्ष इस मुद्दे के साथ चुनाव में गया और एक बड़ा विमर्श पूरे देश में खड़ा भी कर दिया, विपक्ष को इसका अत्यधिक लाभ भी हुआ। हालांकि बीजेपी ने इसका काउंटर करने का प्रयास किया, लेकिन चुनाव परिणाम के आधार पर कह सकते है वे इस विमर्श को तोड़ने में नाकाम रहे। भाजपा के कुछ उम्मीदवारों के बयान भी वायरल हुए, जिसका सार ये था कि "राज्य सभा और लोक सभा दोनों में बहुमत मिला तो भाजपा के पास संविधान में संशोधन करने की ताकत आ जाएगी।" इन बयानों के इतर भी पिछले कई सालों से कांग्रेस और विपक्ष के कई दल भाजपा पर संविधान विरोधी होने का आरोप लगाते रहे हैं। क्या संविधान में संशोधन किया जा सकता है और किया जा सकता है तो करने की शर्तें क्या हैं?

368 संविधान का एक आर्टिकल है। इसमें संविधान के संशोधन का हिसाब किताब है। इसके हिसाब से संशोधन करने के लिए दो तरह की स्पेशल मेजॉरिटी चाहिए, लेकिन इसको समझने के लिए "फेडरलिज्म" का कॉन्सेप्ट भी समझना होगा। "फेडरलिज्म" यानी केंद्र और राज्य के बीच शक्तियों का बंटवारा। माने केंद्र राज्य के कामों में दखल न दे और राज्य केन्द्र के कामों में दखल न दे। भारत एक फेडरल देश है, लेकिन शक्तियों का बंटवारा बराबर नहीं है, यहां केंद्र के पास थोड़ी ज्यादा शक्तियां हैं। वैसे तो संविधान का ज्यादातर हिस्सा केंद्र अकेले संशोधित कर सकता है, पर कुछ हिस्सों को संशोधित करने के लिए राज्यों की अनुमति भी चहिए तो अब आपने फेडरलिज्म समझ लिया, ये आगे काम आएगा।

**368 संविधान का एक आर्टिकल है। इसमें संविधान के संशोधन का हिसाब किताब है। इसके हिसाब से संशोधन करने के लिए दो तरह की स्पेशल मेजॉरिटी चाहिए, लेकिन इसको समझने के लिए "फेडरलिज्म" का कॉन्सेप्ट भी समझना होगा। "फेडरलिज्म" यानी केंद्र और राज्य के बीच शक्तियों का बंटवारा। माने केंद्र राज्य के कामों में दखल न दे और राज्य केन्द्र के कामों में दखल न दे। भारत एक फेडरल देश है, लेकिन शक्तियों का बंटवारा बराबर नहीं है, यहां केंद्र के पास थोड़ी ज्यादा शक्तियां हैं। वैसे तो संविधान का ज्यादातर हिस्सा केंद्र अकेले संशोधित कर सकता है, पर कुछ हिस्सों को संशोधित करने के लिए राज्यों की अनुमति भी चहिए तो अब आपने फेडरलिज्म समझ लिया, ये आगे काम आएगा।**

अब वापस चलते हैं दो तरह की स्पेशल मेजॉरिटी वाली बात पर। स्पेशल मेजॉरिटी बनाम सिंपल मेजॉरिटी। बिल पास करने के लिए संसद के दोनों सदनों में सिंपल मेजॉरिटी से काम चल जाता है। सिंपल मेजॉरिटी यानी बिल पर वोटिंग के दौरान लोकसभा और राज्यसभा में जितने मेंबर मौजूद हैं, उनमें से 50 प्रतिशत से ज्यादा लोग इसके पक्ष में वोट कर दें तो बिल पास। जैसे लोकसभा में कुल 543 सीट हैं, लेकिन मान लीजिए जिस दिन बिल पर वोटिंग हुई उस दिन सिर्फ 350 सांसद ही उपस्थित हों। ऐसा क्यों? जैसे स्कूल के क्लासरूम की टोटल स्ट्रेंथ 50 बच्चों की होती है, पर कोई न कोई अनुपस्थित हो जाता है। वैसा ही संसद में भी होता है। ऐसा बहुत रेयर होता है कि सारे के सारे सांसद उपस्थित हों। अब इन 350 सांसद में से अगर 176 या उससे ज्यादा सांसदों ने बिल के पक्ष में वोट कर दिया तो ये बिल लोकसभा में पास हो जाएगा। ऐसा ही राज्यसभा में भी होगा। ये तो हुई सिंपल मेजॉरिटी, लेकिन संविधान संसोधन के लिए स्पेशल मेजॉरिटी की जरूरत होती है। इसमें क्या होता है?

यहां गणित थोड़ी बदल जाती है। कैसे? मान लीजिए एक संविधान संशोधन बिल पेश हुआ अब ये बिल तभी पास होगा जब मौजूद सांसदों में से कम से कम दो तिहाई सासंद पक्ष में वोट डालेंगे और पक्ष में वोट डालने वाले सांसदों की संख्या लोकसभा में 272 और राज्यसभा में 123 से ज्यादा होगी। ये स्पेशल मेजॉरिटी है। इस मेजॉरिटी के जरिए, फंडामेंटल राइट्स, डायरेक्टिव प्रिंसिपल्स ऑफ स्टेट पॉलिसी। जैसे संविधान के कई हिस्सों को संशोधित किया जा सकता है। हालांकि हमारे संविधान के कुछ हिस्से ऐसे हैं, जिन्हें स्पेशल मेजॉरिटी से भी संशोधित नहीं किया जा सकता। अब यहां सवाल उठता है कि अगर ऐसे संविधान बदला जा सकता है तो क्या कोई सरकार जिसके पास स्पेशल मेजॉरिटी हो और राज्यों में भी उनकी सरकार हो, वो क्या पूरा का पूरा संविधान बदल सकती है? जवाब है नहीं, नहीं, नहीं।

"शिप ऑफ थीसीस" का नाम सुना होगा आपने, एक जहाज के सारे पुर्जे निकालकर अगर दूसरे पुर्जे लगा दिए जाएं, तो क्या वो तब भी वही जहाज रहेगा। विदित है कि इमरजेंसी के दौरान इंदिरा गांधी सरकार ने संविधान की प्रस्तावना में 42 वां संशोधन कर 1976 में सोशलिस्ट शब्द जुड़वां दिया था। ये संभव हुआ 42 वें संविधान संशोधन से। हालांकि इस संशोधन से ये इकलौता बदलाव नहीं हुआ। 42 वें संशोधन के जरिए इतने बदलाव किए गए कि लोगों ने इस संशोधन को ही एक मिनी कांस्टीट्यूशन का नाम दे दिया। इनमें शामिल थे कुछ बदलाव, जैसे सुप्रीम कोर्ट के जुअरिस्डिक्शन यानी अधिकार दायरे को कम करना। इस संशोधन के हिसाब से सुप्रीम कोर्ट किसी भी संवैधानिक संशोधन के मामले में सुनवाई नहीं कर सकता था। (अगर सरकार ने कोई ऐसा संशोधन किया, जिससे देश के नागरिकों को समस्या है तो भी वो सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा नहीं खटखटा सकते हैं) इमरजेंसी की प्रॉसेस को आसन बनाया गया। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट की ज्यूडिशियल रिव्यू की ताकत को कम किया गया। इमरजेंसी के बाद 1978 में जनता पार्टी की सरकार बनी। इस सरकार ने 44 वां संविधान संशोधन बिल पेश किया और इस संशोधन के जरिए 42 वें संशोधन की सभी गैर संविधानिक बातों को बदला गया। हालांकि इस कदम से ज्यादा महत्वपूर्ण है सुप्रीम कोर्ट का एक निर्णय जो इस 42 वें संशोधन से पहले आया था और इस निर्णय ने कई बार असंवैधानिक संशोधन से संविधान को बचाया। क्या था इस निर्णय में? एक बेहतरीन नियम। संविधान की मूल भावना से छेड़छाड़ करने वाला कोई भी संशोधन मान्य नहीं होगा। मूल भावना क्या है? डॉक्ट्रिन ऑफ बेसिक स्ट्रक्चर- साल 1973, देश का सबसे प्रसिद्ध संविधानिक केस, केशवनंदा भारती केस 13 जजों की बेंच और कुछ बेहतरीन जजमेंट्स। इसी केस से जन्म हुआ डॉक्ट्रिन ऑफ बेसिक स्ट्रक्चर का।

इसका मतलब है कि अगर सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के किसी भी हिस्से को बेसिक स्ट्रक्चर घोषित किया तो उस हिस्सा का संशोधन नहीं किया जा सकता। समय के साथ सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के कई अलग-अलग हिस्सों को बेसिक स्ट्रक्चर घोषित किया। जैसे- फंडामेंटल राइट्स, सेकुलरिज्म, जुडिशल रिव्यु आदि। इसने संविधान को बदलने का स्कोप खत्म कर दिया, क्योंकि इसके कई सारे हिस्से बेसिक स्ट्रक्चर का हिस्सा हो गए हैं। बात बची संशोधन की वो भी आसान काम नहीं है। सबसे पहले तो बहुमत का नंबर जुटाना एक बहुत मुश्किल प्रक्रिया है और उसके बाद सुप्रीम कोर्ट की एक पैनी नजर से बचना भी असंभव है।

अगर 2024 के चुनावों में बीजेपी की लोकसभा में 400 सीट आ भी जाती तब भी वो राज्य सभा में स्पेशल मेजॉरिटी के नंबर से बहुत दूर है और कुछ संशोधन के मामलों में तो 50 प्रतिशत से ज्यादा राज्यों की मंजूरी भी चाहिए होती है। यानी दूसरे दलों का सहयोग जरूरी होगा। अगर ये सब हो भी जाए तब भी सुप्रीम कोर्ट में इस मामले पर सुनवाई की जा सकती है और सुप्रीम किसी भी संशोधन को असंवैधानिक घोषित कर सकता है।

## प्रसंगवश

# गलत है भौतिकतावादी सोच

भौतिकतावादी सोच वह मानसिकता है,जिसमें व्यक्ति भौतिक वस्त्रों, संपत्ति और धन को अपने जीवन में सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। फिर यह सोच उन पर इतनी हावी हो जाती है कि यही लोग अक्सर व्यक्तिगत सुख, संतोष और सामाजिक प्रतिष्ठा को भौतिक संपत्ति के माध्यम से प्राप्त करने का भरसक प्रयास करने लगते हैं। ऐसे लोग हमारे आसपास ही जीते जागते हम रोज मिल जाएंगे। इनकी संग्रह की मानसिकता इन्हें संपत्ति का संग्रह करने को विवश करने लगती है। इन्हें लगता है कि भौतिक वस्त्रों का संग्रह और उनकी बढ़ती संख्या से खुशी प्राप्त होगी और पूरा जीवन उसी के संग्रह पर लगा देतें हैं। ऐसी मानसिकता वाले लोगों में धन का महत्व इतना ज्यादा होता है कि पैसे को जीवन का मुख्य लक्ष्य मान ये कमाने के लिए किसी भी हद तक जाने की इच्छा रखने लगते हैं। सामाजिक प्रतिस्पर्धा और दूसरों को नीचा दिखाने की होड़ में,दूसरों से बेहतर दिखने और उनसे अधिक संपत्ति रखने की होड़ में ये अपना सब कुछ बर्बाद कर देतें हैं। ऐसे लोगों में संतोष की कमी इतनी ज्यादा होती है कि इनके लिए भावनाएं दोयम दर्जे की हो जाती हैं। अधिक संपत्ति और धन के बावजूद भी आंतरिक संतोष और खुशी की कमी इनके जीवन को नारकीय बना देती है। ऐसा नहीं है कि इस मानसिकता के चलते अपने भौतिकतावादी सोच के चलते इनकी हानि न हो रही होती है, पर ऐसे लोगों को पता ही नहीं चलता कि उनके मानसिक तनाव का कारण उनकी अपनी सोच है, उनकी अधिक संपत्ति और धन पाने की होड़ मानसिक तनाव और अवसाद की संभावना को बढ़ा देती है।

डॉ. सुधा मिश्रा
लखनऊ

समाज भी इसे अछूता नहीं रहता। समाज पर इसका प्रभाव बहुत ही हानिकारक होता है। समाज में असमानता बढ़ती है और लोगों के बीच ईर्ष्या और प्रतिस्पर्धा का माहौल बनता है। हम अगर सच में मानव होने का कर्तव्य पूरा करना चाहते हैं तो हमें भौतिकतावादी सोच के विपरीत, आध्यात्मिक और संतोषजनक जीवनशैली को अपनाना चाहिए, जिससे व्यक्ति आंतरिक शांति और वास्तविक खुशी प्राप्त कर सके। हम एक सुंदर माहौल वाले समाज की संरचना कर सकते हैं। जहां सबके बीच में समान भाव हो एक-दूसरे को नीचा दिखाना न हो।

# नेता विपक्ष का पद तय करेगा राहुल का सियासी भविष्य

16 वीं और 17 वीं लोकसभा में नबंरों के लिहाज से कांग्रेस बीते 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में इतना पिछड़ गई थी कि उन्हें नेता प्रतिपक्ष का पद भी नसीब नहीं हुआ। नेता विपक्ष पद की बात तो दूर, पार्टी का भविष्य और अस्तित्व भी खतरे में पड़ गया था। कम नंबर संख्या के कारण ही संसद में नेता विपक्ष की सीट भी रिक्त रही लेकिन, कहते हैं कि सियासत में चमत्कार की संभावनाएं अन्य क्षेत्रों के मुकाबले ज्यादा रहती हैं। किसके सितारे बुलंद हो जाए और किसके अचानक बुझ जाएं? इसका दामोदर सब कुछ जनता-जर्नादन के मूड और विचारों पर निर्भर रहता है?

बीते 2024 के आम चुनाव में हुआ भी कमोबेश कुछ ऐसा ही? भाजपा 400 पार के नारे के साथ फिर से प्रचंड बहुमत में आने को पूरी तरह आश्वस्त थी, लेकिन जनता ने अस्वीकार कर दिया। मौका जरूर दिया, लेकिन आधा-अधूरा? हालांकि, कांग्रेस ने इस बार उम्मीद से कहीं बढ़कर बेहतरीन प्रदर्शन कर खुद को लड़ाई में बरकरार रखा। कांग्रेस हो या भाजपा प्रचंड जीत से बौराने की प्रवृति से सभी दलों को तौबा करना होगा। 2024 का जनादेश सभी के लिए सीख जैसा है। कांग्रेस को जनता ने नया जीवनदान दिया है। पिछली बार मात्र 52 सांसद ही जीतकर संसद पहुंचे थे, पर ये आंकड़ा इस दफे 99 तक पहुंचा है। तभी कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष के लिए दावेदार हुई है। अच्छे नंबरों से पास होने का ही नतीजा है कि नेता विपक्ष के लिए राहुल गांधी के नाम पर ताजपोशी होनी विपक्षी धड़े की ओर से मुकर्रर हुई है,पर जनता का संदेश पक्ष और विपक्ष दोनों के लिए बराबर है? बहरहाल गठबंधन राजनीति में नेता विपक्ष के पद को पूरे पांच वर्ष तक सुचारू रूप से यथावत रखना भी किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं होगा? पद पर आसीन होने वाले औहदेदार के लिए भी चुनौतियों की भरमार रहेंगी। उन्हें हर घड़ी अग्निपरीक्षा से गुजरना होगा।

डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

**नेता विपक्ष का पद राहुल गांधी की सियासी समझ की भी कठिन परीक्षा लेगा? क्योंकि सत्तापक्ष और देश की एक बड़ी आबादी अभी तक उन्हें सियासत का 10 वीं पास छात्र ही समझती रही है।**

नेता विपक्ष का पद राहुल गांधी की सियासी समझ की भी कठिन परीक्षा लेगा? क्योंकि सत्तापक्ष और देश की एक बड़ी आबादी अभी तक उन्हें सियासत का 10 वीं पास छात्र ही समझती रही है। दरअसल समझने के कई ताजा उदाहरण भी सामने मुंह खोले जो खड़े हैं। राहुल गांधी कई बार अपने सियासी प्रयोगों में विगत वर्षों में असफल हुए हैं इसलिए भी लोगों को थोड़ा बहुत संदेह अब भी है? उनके सियासी इतिहास के पन्ने खोले तो सामने एक विफलता भरी तस्वीर उभरती है कि वह कांग्रेस अध्यक्ष का पद भी अच्छे से निर्वाह नहीं कर सके,जिसके चलते उन्हें पद छोड़ना पड़ा था। अमेठी से चुनाव भी हारे और अपनी अगुआई में पार्टी को चुनाव लड़ाकर से ज्यादा कुछ नहीं कर सके। कुल मिलाकर उनके हिस्से में सियासी असफलता की भरमार है,लेकिन इन गुजरे वर्षों में अच्छी बात ये रही कि लगातार हारने के बावजूद भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी, सियासी मैदान में डटे रहे? खुद को साबित करने के लिए भारत जोड़ो यात्रा निकाली,जिसमें लोगों का समर्थन हासिल किया। यही कारण है, जनता ने उन पर थोड़ा भरोसा जताया है।

खैर, राजनीति में असफलता ज्यादा मायने नहीं रखती,कोई भी हार सकता है। इसलिए ये पुरानी और बेजान बातें ही हैं। अपने राजनीतिक करियर में राहुल गांधी पहली मर्तबा कोई संसदीय औहदा संभालने जा रहे हैं। 18 वीं लोकसभा में वह नेता विपक्ष की भूमिका में होंगे,जिसे इंडिया गठबंधन के तकरीबन सभी प्रमुख नेताओं ने अपनी स्वीकृति प्रदान की है। नेता विपक्ष का पद कांग्रेस को दस साल बाद नसीब होगा। राहुल नेता विपक्ष बनने वाले गांधी परिवार से तीसरे सदस्य होंगे। उनके पहले उनके पिता तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी और सांसद माता सोनिया गांधी रह चुकी हैं।

प्रतिपक्ष भारतीय संसद के दोनों सदनों में, प्रत्येक में आधिकारिक विपक्ष का नेतृत्वकर्ता होता है। इसलिए नेता विपक्ष का औहदा अपने आप में बहुत मायने रखता है। प्रधानमंत्री जैसी एक तिहाई शक्तियां उन्हें प्रदान होती हैं। सुविधाएं केंद्रीय मंत्री से कहीं बढ़कर दी जाती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब अपने तीसरे कार्यकाल में जो भी बड़े निर्णय लेंगे या संवैधानिक नियुक्तियां करेंगे उसमें नेता विपक्ष की भूमिका रहने वाले उस नेता की राय लिया करेंगे, जिन्हें चुनाव में उन्होंने ये भी कह दिया था कि 'कौन राहुल'? इसलिए इस बार की संसदीय प्रक्रिया बहुत दिलचस्प और टकराव भरी होने वाली है। इसमें चुनौती राहुल गांधी के समझ सबसे ज्यादा रहेंगी, क्योंकि जनता उनके दमखम को नेता विपक्ष के तौर पर परखेगी और भविष्य की राजनीति में उनके कद को तय करेगी।

## सोशल फोरम

# तानसेन की कविताई

ग्वालियर के मुहम्मद गौस और वृंदावन के स्वामी हरिदास के शिष्य, सम्राट अकबर के दरबारी गायक और उनके नवरत्नों में से एक संगीत सम्राट तानसेन हमारे भारतीय शास्त्रीय संगीत के शिखर पुरुषों में एक रहे हैं। मध्यकालीन ऐतिहासिक दस्तावेज उनकी गायन प्रतिभा के उल्लेखों से भरे पड़े हैं। 'आईने अकबरी' के लेखक इतिहासकार अबुल फजल ने उनके बारे में कहा है-'पिछले एक हजार सालों में उनके जैसा गायक नहीं हुआ।' उनके गहरे मित्र और प्रशंसक भक्त कवि सूरदास ने उनके बारे में लिखा है-भलो भयो विधि ना दिए शेषनाग के कान/धरा मेरू सब डोलते तानसेन की तान! तानसेन का सांगीतिक व्यक्तित्व कुछ इतना बड़ा था कि उसके पीछे उनके व्यक्तित्व के दूसरे तमाम पहलू ओझल हो गए। बहुत कम लोगों को पता है कि ग्वालियर के पास एक छोटे से गांव बेहट के चरवाहे से सम्राट अकबर के दरबार के प्रमुख गायक के ओहदे तक पहुंचे तानसेन अपने समय के एक बेहतरीन कवि भी थे। रसखान की तरह कृष्ण की भक्ति में आकंठ डूबे हुए कवि। ज्यादातर इतिहासकार तानसेन के बहुआयामी व्यक्तित्व को उद्घाटित करने के बजाय उनकी धार्मिक आस्था के विवाद में ही उलझे रहे हैं। उनके कवि व्यक्तित्व के बारे में इतिहासकारों और साहित्य के आलोचकों द्वारा भी नहीं के बराबर लिखा गया। इसकी एक वजह शायद यह है कि कविकर्म तानसेन की महत्वाकांक्षाओं में शामिल नहीं रहा था।

ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत, आईपीएस

वे स्वांतः सुखाय ही लिखते थे और आमतौर पर अपनी ही लिखी बंदिशें ही गाते थे। उनकी कविताओं का विषय उस दौर के दूसरे कवियों की तरह भक्ति होती थी। कृष्ण उनके प्रिय पात्र थे। कृष्ण के प्रति उनकी श्रद्धा और समर्पण को उस काल के अन्य कृष्णभक्त कवियों के समकक्ष रखकर देखा जा सकता है। उनकी काव्य कृतियों के नाम थे-रागमाला, संगीतसार और गणेश स्त्रोत्र। तानसेन द्वारा रचित ज्यादातर पद और दोहे अब विलुप्त प्रायः हैं,लेकिन उनके कुछ पद संगीत की पुरानी किताबों में अब भी सुरक्षित हैं। **- फेसबुक वॉल से**

# अमन पसंद इंसान

1980 का मुरादाबाद का सांप्रदायिक दंगा रुकने का नाम नहीं ले रहा था। मंडल में दो बड़े कस्बे चंदौसी और धामपुर ही थे, जो दंगे से अप्रभावित थे, दोनों हिंदू बहुल थे। 19 या 20 अगस्त की रात्रि 9 बजे एक मिश्रित मोहल्ले में एक हिंदू के घर में धमाका हुआ, जिसमें तीन लोग हल्के घायल हुए। हम तत्काल फोर्स के साथ घटनास्थल पहुंचे। वहां घायल परिवार तथा पड़ोसी हिंदू पास के मुसलमानों पर बम फेंकने का आरोप लगा रहे थे तथा मुसलमान अपनी सफाई दे रहे थे।

भीड़ बढ़ रही थी। साथ ही सांप्रदायिक तनाव बढ़ रहा था। हमने पाया कि वह देशी बम था। मौके पर मुजम्मिल खां, राजेन्द्र कुमार जैन, हरिओम अग्रवाल, हंसराज बतरा तथा अन्य कई नेता आ गए या हमने बुलवा लिए। मौके पर कुछ स्थानीय पुलिस को छोड़कर हम घायल तथा कुछ नेताओं को लेकर थाने आकर जब रिपोर्ट लिखाने को कही तो उपस्थित हिंदू नेताओं ने वादी को समझाकर कहा कि जब उसने बम फेंकने वाले को देखा ही नहीं तो शंका पर गलत नामजदगी उचित नहीं। वादी ने अज्ञात मुलजिमों के विरुद्ध मुकदमा लिखाया। हमने उनकी मरहम पट्टी कराकर उन्हें घर भेज दिया। हम मुलजिम का पता लगा रहे थे कि इसी तरह की कई घटनाएं रातों में मोहल्ला बदल-बदल कर कभी हिंदू के घर कभी मुसलमान के घर होने लगीं। हर घटना में दोनों पक्षों की भीड़ जुटती,जबानी युद्ध और दूसरे संप्रदाय पर दोषारोपण होता। दोनों पक्षों के नेताओं की सहायता से मामला शांत कराया जाता। किसी मुकदमें में कोई नामजद नहीं हुआ और पुलिस झूठे मुल्जिम को गिरफ्तार करने से बच गई। हर घटना में देशी बम का प्रयोग हो रहा था और हम मुलजिम ढूंढ़ नहीं पा रहे थे। हमें डर था कि यदि इन बमबारी में कभी कोई मरा, तो दंगा अवश्य हो जाएगा। इन मामलों में मुजम्मिल खां तथा कुछ अन्य का महत्वपूर्ण योगदान था। वह हर मौके पर पहुंचकर अन्य के साथ दोनों पक्षों को समझाते व गलत नामजदगी से बचाते रहे। 15-20 दिन बाद एक दोपहर एक साधारण से व्यक्ति ने मेरे कार्यालय आकर बताया कि वह अमरोहा का मूल निवासी है व मुरादाबाद में रहता है। उसका एक पुराना मकान कोट मुहल्ले में है उसमें कोई नहीं रहता। जब वह ताला खोलकर घर में गया तो एक आलमारी में कुछ तंबाकू के डिब्बे वाले बम देखे। मैं उछल पड़ा। आज तक पुलिस एक भी बम बरामद नहीं कर सकी थी। मैं फोन पर निरीक्षक कोतवाली को उस स्थान पर बुलाकर उस व्यक्ति के साथ उसके मकान पर पहुंचकर देखा, मकान जीर्णशीर्ण था तथा ऊपरी छत कुछ टूटी थी। हमें उस आलमारी में 35 तंबाकू के डिब्बे वाले बम मिले, लेकिन किसने रखा, यह पता नहीं चल सका। बाद में पता चला मोहल्ले के हिंदुओं की जानकारी में बम आत्मसुरक्षा हेतु चोरी से रखा गया था।

बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

**प्रतिदिन की तरह ही एक रात 12 बजे मुजम्मिल खां अपने सहयोगियों के साथ रात्रि गस्त कर कोतवाली आए और हमारे साथ बातकर अपनी जीप से घर चले गए।**

हमनें प्रभावशाली व्यक्तियों की गोष्ठी कर यह बात समझाई कि बम रखना व फेकना बंद कराएं, कोई पक्ष दूसरे पक्ष पर आक्रमण नहीं कर पाएगा। तब तक हमें एक कंपनी सीमा सुरक्षा बल तथा फौज की एक टुकड़ी मिल चुकी थी, जिसका फ्लैग मार्च भी हो चुका था। तब से बमबारी बंद हुई, लेकिन हम सही अभियुक्त नहीं ढूंढ़ सके, यह हमारी बड़ी विफलता थी। मुरादाबाद के ईदगाह की घटना के विरोध में कुछ खुराफाती मुस्लिम नेताओं ने जुमे की नमाज के बाद किसी मस्जिद से शहर में विरोध मार्च निकालने के लिए योजना बनाई, जिसमें तय हुआ कि अमुक मस्जिद से दोपहर की जुमे की नमाज के बाद विरोध मार्च निकालकर एसडीएम को ज्ञापन दिया जाए। मीटिंग में शामिल मुजम्मिल खां ने वहां से लौटकर यह सूचना मुझे फोन से दे दी तथा नेताओं के नाम भी बता दिए। मैंने उन नेताओं को फोन कर बताया कि अमुक मस्जिद से कल नमाज बाद जुलूस निकालने की योजना है, जिससे कुछ गड़बड़ हो सकता है, आप जुमे की नमाज वहीं पढ़िएगा और सुनिश्चित करिएगा कि जुलूस न निकले। उन नेताओं के जुमे की नमाज में शामिल होने से तथा वहां पुलिस प्रबंध होने से जुलूस नहीं निकल सका। यह प्रयास अगले दो जुमा में भी हुआ, लेकिन मुजम्मिल खां की सूचना के कारण हम हर बार सतर्क रहे और जुलूस नहीं निकल सका। बाद की उनकी मीटिंग में लोगों ने यह प्लान लीक करने का आरोप मुजम्मिल खां पर लगाया। मुजम्मिल खां ने आरोप स्वीकार करते हुए कहा कि वह किसी भी ऐसी योजना का साथ नहीं देंगें, जो शहर में अशांति पैदा करे। खां प्रभावशाली व साहसी व्यक्ति थे,उनका सामने से कोई विरोध न कर सका।

प्रतिदिन की तरह ही एक रात 12 बजे मुजम्मिल खां अपने सहयोगियों के साथ रात्रि गस्त कर कोतवाली आए और हमारे साथ बातकर अपनी जीप से घर चले गए। आधे घंटे बाद एक व्यक्ति दौड़ता हुआ कोतवाली आकर बताता है कि मुजम्मिल खां तथा विधायक खुर्शीद अहमद के भाई में झगड़ा हो रहा है। मैं निरीक्षक मय फोर्स के वहां पहुंचे तो पाया कि उस मुस्लिम मुहल्ले में लगभग 150 व्यक्ति एकत्र हैं और खां अपनी रायफल ताने विधायक के भाई को गाली दे रहे थे। पूछने पर बोले कि यह गरीब मुसलमानों को बरगला कर झगड़ा कराने की बात कर रहा था। मेरे समझाने पर मुझे कौम का गद्दार कहा। उन्होंने उपस्थित मुस्लिमों को बताया कि दंगें होने पर वही लोग मरेंगे, पुलिस मुकदमा भी करेगी और यह विधायक का भाई बच जाएगा। हमने लोगों को समझाकर घर भेजकर खां साहब को भी घर भेजा। ऐसे थे मुजम्मिल भाई।

# शासन के दबाव में न लागू हो धारा

सीआरपीसी एक प्रक्रिया संहिता है, जिसमें लोक व्यवस्था और शांति बनाए रखने के लिए पुलिस और कार्यपालक मजिस्ट्रेट को कुछ शक्तियां दी गई हैं। इन शक्तियों का प्रयोग कर पुलिस और कार्यपालक मजिस्ट्रेट अपराध होने की आशंका मात्र पर उसे रोकने के लिए कार्यवाही कर सकते हैं।

सीआरपीसी की एक ऐसी ही बहुचर्चित धारा है, धारा-144। इस धारा के अंतर्गत उपताप या आशंकित खतरे के अत्यावश्यक मामलों में जिला मजिस्ट्रेट या अन्य कार्यपालक मजिस्ट्रेट स्थिति के शीघ्र उपचार के लिए आदेश जारी कर सकता है। आदेश जारी करने का आधार विधिपूर्वक कार्यरत किसी व्यक्ति को बाधा या क्षति की आशंका या मानव जीवन, स्वास्थ्य को खतरा हो, लोक शांति भंग की आशंका हो या के दंगे या बलवे की स्थितियां हो तो उनका निवारण हो जाए, हो सकता है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

सामान्य जन धारा-144 को इस रूप में जानते हैं कि इसके लागू होने के बाद चार से अधिक लोग किसी लोक स्थान पर एकत्र नहीं हो सकते। यदि लोक शांति को खतरा हो, दंगे या बलवे की आशंका हो तो मजिस्ट्रेट इस आशय का आदेश जारी कर सकता है, परंतु इसमें सिद्धांत और व्यवहार का फर्क रहता है। ये आदेश कर्फ्यू के आदेश से भिन्न होता है। ये आदेश संभावित खतरे से निपटने के लिए जारी किया गया है लिहाजा कार्य व्यापार सब पूर्व की भांति चलते रहते हैं।

पुलिस को अगर लगता है के स्थान विशेष पर अधिक लोगों का एकत्र होना लोक शांति के लिए उचित नहीं है तो पुलिस लोगों को वहां से हटने के लिए आदेशित कर सकती है। इस धारा के अधीन जारी कोई भी आदेश दो महीने तक लागू रहता है। उसके बाद स्वत समाप्त हो जाता है जब तक के उसे पुनः अतिरिक्त अवधि के लिए बढ़ाया न जाए। 1 जुलाई 2024 से सीआरपीसी के स्थान भारतीय नागरिक संहिता लागू हो जाएगी। नई संहिता में सीआरपीसी की धारा-144 बिना किसी मूलभूत बदलाव के धारा-163 हो जाएगी। हमारा मानना है कि इस धारा का प्रयोग तभी किया जाना चाहिए जब परिस्थितियां इसके लिए उचित हों न कि शासन के दबाव में लोकतांत्रिक विरोध को कुचलने के लिए। क्या जनहित में बार-बार इस धारा का उपयोग उचित है?

# बाटनागाड़ में मलबा आने से 8 घंटे बंद रहा पूर्णागिरि मार्ग

## चम्पावत की तीन ग्रामीण सड़कें दूसरे दिन भी नहीं खुलीं, शुक्रवार को पर्वतीय इलाकों में मौसम सामान्य रहने से मिली लोगों को राहत

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** जनपद के पर्वतीय और मैदानी इलाकों में हो रही वर्षा से एक ओर जहां लोगों ने गर्मी से राहत ली वहीं कई स्थानों पर यह वर्षा लोगों के लिए आफत भी बन गई। वही यह बरसात किसानों की धान की रोपाई के लिए काफी लाभदायक बताई जा रही है।कई काश्तकारों ने मैदानी क्षेत्र टनकपुर बनबसा में धान की रोपाई भी शुरू कर दी है। चम्पावत जिले के मैदानी क्षेत्र टनकपुर और बनबसा में कई जगह जल भराव से लोग परेशान रहे। वहीं पूर्णागिरि मार्ग में बाटनागाड़ भी आफत बन गया है।

शुक्रवार सुबह छह बजे बाटनागाड़ में मलबा और बोल्डर आने से पूर्णागिरि मार्ग बंद हो गया। जिसके कारण मां पूर्णागिरि धाम में आने जाने वाले श्रद्धालुओं और आसपास के ग्रामीणों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।लोडर मशीनों की सहायता से मलबा हटाकर दोपहर दो बजे बाद वाहनों की आवाजाही सुचारू की गई।

इधर जनपद की तीन ग्रामीण सड़कें दूसरे दिन भी बंद रहीं। शुक्रवार की शाम तक पर्वतीय क्षेत्रों में वर्षा नहीं हुई, जिससे मलबा गिरने की बड़ी घटनाएं सामने नहीं आईं। बाटनागाड़ में मलबा आने से पूर्णागिरि मार्ग बंद हो गया। आठ घंटे तक सड़क नहीं खुल पाई। लोनिवि द्वारा लोडर मशीनें लगाकर मलबा हटाया गया। उबड़ खाबड़ मार्ग की वजह से छोटे वाहन को निकालने में काफी नुकसान हुआ। सड़क बंद होने के दौरान कई श्रद्धालु पैदल ही उचौलीगोठ पार्किंग से पूर्णागिरि दर्शन को गए। इसी मार्ग पर बाटनागाड़ से पहले बहने वाला किरोड़ नाला भी आफत का कारण बन गया। सुबह नौ बजे नाले के उफान में आने से दो घंटे तक आवागमन ठप रहा। नगर के बिचई गांव में जल भराव होने से ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ी। बाजार में कहीं कहीं नालियां चोक होने से सड़कों में पानी भरा रहा। हालांकि नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी भूपेंद्र प्रकाश जोशी के दिशा निर्देश पर पहले से की गई नालियों की सफाई के कारण जल भराव की समस्या गंभीर नहीं हो पाई।

पूर्णागिरि मार्ग के बाटनागाड़ में आए मलबे में फंसे वाहन और श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### टनकपुर व बनबसा में कराई गई पानी की निकासी

**टनकपुर :** टनकपुर में आमबाग, बिचई, ज्ञानखेड़ा, रोडवेज कार्यशाला डिपो में वर्षा का पानी जमा होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर शुक्रवार को सीएम कैंप कार्यालय के नोडल अधिकारी केदार सिंह बृजवाल के पर्यवेक्षण में टनकपुर की टीम ने टनकपुर व बनबसा में जनप्रतिनिधियों व स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर जलभराव वाले स्थानों का निरीक्षण किया। इस मौके पर जेसीबी की मदद से नाले खोदकर पानी की निकासी करवाई गई। कैंप कार्यालय के नोडल अधिकारी बृजवाल ने बताया कि जलभराव की समस्या का तत्काल समाधान किया जा रहा है। इधर शुक्रवार को रोडवेज कार्यशाला में भी जल जमाव हो गया, जिससे कर्मचारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। आरएम पवन मेहरा व तहसीलदार जगदीश गिरी ने बताया कि रोडवेज कार्यशाला में जल निकासी की व्यवस्था न होने से जलभराव हो गया।

# अल्मोड़ा के रानीधारा में घरों में घुसा मलबा, गुस्साए लोग

- शुक्रवार तड़के बारिश से सड़क का मलबा लोगों के घरों में घुसा
- मानसून की पहली ही बारिश ने खोली प्रशासन की व्यवस्थाएं

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** जिला मुख्यालय में गुरुवार देर रात हुई भारी वर्षा रानीधारा क्षेत्र के लोगों के लिए आफत बनकर बरसी। वर्षा के बाद क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक लोगों के घरों में मलबा और पानी घुस गया। पानी और मलबा घुसने से लोगों में हड़कंप मच गया।

लोग रात भर सो नहीं सके। लोगों ने मानसूनी वर्षा से पहले पानी निकासी के लिए उचित इंतजाम करने की मांग उठाई है। सीवर लाइन निर्माण के बाद बदहाल हुई रानीधारा सड़क अब लोगों के लिए मुसीबत बन गई है। हल्की बारिश में ही लोगों के घरों तक गंदा पानी और मलबा पहुंच रहा है। वहीं गुरुवार देर रात हुई बारिश के बाद रानीधारा निवासी मंजू पंत समेत कई लोगों के घरों में पानी और मलबा घुस गया। पानी घुसने से लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। वहीं अब मानसूनी सीजन में लोगों को आपदा का भय सताने लगा है। लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा कि लंबे समय से सड़क सुधारीकरण की मांग कर रहे हैं। लेकिन अब तक सड़क का सुधारीरकण नहीं हो सका है। इससे लोगों की परेशानी दिनों दिन बढ़ रही है। वहीं लोगों ने सूचना के बाद भी मौके पर अधिकारियों के नहीं पहुंचने पर रोष जताया।

अल्मोड़ा में शुक्रवार सुबह हुई बारिश से रानीधारा क्षेत्र में फैला मलबा। ● अमृत विचार

### अल्मोड़ा में सर्वाधिक 17 मिमी हुई बारिश

**अल्मोड़ा।** नगर समेत आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार रात झमाझम बारिश हुई। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। शुक्रवार को भी आसमान में बादल छाने से मौसम सुहाना बना हुआ है। आपदा कंट्रोल से मिली जानकारी के मुताबिक अल्मोड़ा में 17 मिमी, रानीखेत में चार मिमी, सोमेश्वर में तीन मिमी और सल्ट में 0 .5 मिमी बारिश हुई। आपदा कंट्रोल से मिली जानकारी के मुताबिक नगर का अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रहा है।

### चम्पावत में तीन ग्रामीण सड़कें अभी भी बंद

चम्पावत में गुरुवार को मलबा आने से बंद तीन ग्रामीण सड़कें शुक्रवार को भी यातायात के लिए सुचारू नहीं हो पाई। जबकि शुक्रवार की सुबह बंद हुआ पूर्णागिरि मार्ग दोपहर में खोल दिया गया। आपदा परिचालन केंद्र के अनुसार दुधौरी-चौड़ा, धौन-सल्ली, धौन-बड़ोली मोटर मार्ग शाम के समय तक नहीं खुल पाए थे। सड़कों को खोलने के लिए लोडर मशीनें लगाई गई हैं। शुक्रवार को मौसम ठीक रहने के कारण मलबा हटाने में तेजी आई है।

अल्मोड़ा में रानीधारा मार्ग के सुधारीकरण की मांग को लेकर शुक्रवार को धरने पर बैठे स्थानीय लोग। ● अमृत विचार

# सड़क मरम्मत की मांग को लेकर सातवें दिन भी जारी रहा धरना

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** बदहाल हो चुकी रानीधारा सड़क के सुधारीकरण को धरना प्रर्दशन जारी है। शुक्रवार को सातवें दिन भी क्षेत्रीय जनता ने रानीधारा सड़क पुनर्निर्माण संघर्ष समिति के बैनर तले धरना दिया।

शासन प्रशासन पर क्षेत्र की उपेक्षा का आरोप लगाया। विरोध में नारेबाजी की। वहीं अब लोगों ने सीवर लाइन निर्माण की एसआइटी जांच की भी मांग उठाई है।

### ये लोग रहे मौजूद

राज्य आंदोलनकारी कमला जोशी, विनय किरौला, डा. सैयद अली हामिद, रघु तिवारी, कलावती, निर्मला, हंसी रावत, सुजीत टम्टा, पवन पंत, दीपा बिष्ट, अर्चना कोटारी, माया देवी, भावना रावत, गीता पंत, मनीषा पंत, माया बिष्ट, नीरज बिष्ट, मीना पंत समेत कई स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# भाई पर लगाया मारपीट का आरोप, मुकदमा दर्ज

संवाददाता, अल्मोड़ा

### विवाद

- जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप
- गाली-गलौज का विरोध करने पर की मारपीट

**अमृत विचार :** भैंसियाछाना ब्लाक के धौलछीना निवासी एक व्यक्ति ने अपने ही भाई पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर अब पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

धौलछीना निवासी दीवान सिंह मेहरा ने पुलिस में तहरीर दी। कहना है कि गुरुवार को शाम पांच बजे ड्यूटी से लौटे। इस दौरान घर में बैठे उनके भाई मनोज सिंह महरा ने गाली गलौज शुरू कर दी।

आरोप लगाया कि विरोध करने पर आरोपित ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी और उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। बताया कि मारपीट पर उतारू आरोपित से बमुश्किल जान बच सकी है। उन्होंने भविष्य में भी आरोपित से खतरा बताते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपित के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 840 ग्राम स्मैक के साथ 4 तस्कर गिरफ्तार

- आरोपियों के कब्जे से दो बाइक भी बरामद, यूपी के हैं आरोपी
- तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज

संवाददाता, बनबसा

**अमृत विचार :** पुलिस, एसओजी और एएनटीएफ ने संयुक्त चेकिंग के दौरान 840 ग्राम स्मैक के साथ चार तस्कर दबोचे हैं। उनके कब्जे से दो बाइक भी बरामद की गई हैं। पुलिस ने पकड़े गए स्मैक तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण और एसओजी प्रभारी मनीष खत्री की अगुवाई में पुलिस, एसओजी और एएनटीएफ टीम ने स्ट्रांग फार्म के पास नेशनल हाईवे पर बाइक संख्या UP27 R 7034 हीरो होंडा व एक अन्य बाइक होंडा बिना नम्बर प्लेट की तलाशी के दौरान 4 तस्करों को 840 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़ें गए आरोपियों मुकेश गोस्वामी पुत्र ब्रजेश कुमार, निवासी ग्राम भोजपुर, थाना कटरा, जिला शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश हाल निवासी वार्ड नं0 14, मोहल्ला दुर्गा प्रसाद, थाना बिसालपुर, जिला पीलीभीत के कब्जे से 201 ग्राम तथा शिव ओम पुत्र रामसेवक, निवासी ग्राम शाहपुर खिताऊवा, निकट हनुमानमंदिर, थाना कटरा, जिला शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश से 245 ग्राम, रंजीत पुत्र रामदीन, निवासी ग्राम भोजपुर, निकट हनुमान मंदिर, थाना कटरा, जिला शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश से 209 ग्राम तथा अनिल कुमार पुत्र तेज राम, निवासी शाहपुर खिताऊवा, निकट हनुमान मंदिर, थाना कटरा जिला शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश के कब्जे से 185 ग्राम स्मैक मय पन्नी बरामद की। पूछताछ में आरोपियो ने बताया कि वह स्मैक शाहजहांपुर में तैयार कर पीलीभीत, चंपावत, लोहाघाट, टनकपुर और बनबसा के रास्ते नेपाल में ऊंचे दामों में बेचते है। थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण ने बताया कि वर्ष 2024 में जिले में यह अब तक स्मैक की सबसे बड़ी मात्रा की रिकवरी है। पकड़ी गई स्मैक की अन्तर्राष्ट्रीय कीमत 85 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह, एसओजी प्रभारी मनीष खत्री, एएनटीएफ प्रभारी एसआई सोनू सिंह, एसआई जितेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल मतलूब खान, गणेश सिंह, नवल किशोर, जगवीर सिंह, कांस्टेबल सूरज कुमार, गिरिश भट्ट जगदीश कन्याल शामिल रहे।

पुलिस टीम के साथ पकड़े गए स्मैक तस्कर। ● अमृत विचार

# चम्पावत को आदर्श जिला बनाने को हो रहा काम

- डीएम ने अधिकारियों की बैठक लेकर दिए निर्देश

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी नवनीत पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा निर्देशन में आदर्श चम्पावत के गवर्नेंस मॉडल के विकास के लिए उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् (यूकॉस्ट), राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों, जिला प्रशासन एवं विभिन्न रेखीय विभागों के साथ समन्वय करते हुए युद्ध स्तर पर प्रयासरत है।

आदर्श चम्पावत के तहत डीएम नवनीत पाण्डे की अध्यक्षता में चम्पावत में आयोजित बैठक में उन्होंने बताया कि भारतीय सुदूरसंवेदन संस्थान के सहयोग से जिले के लिए विस्तृत गवर्नेंस मॉडल में अत्याधुनिक साइंस सेंटर, लैब ऑन व्हील्स, प्रत्येक विकास खंड में एसटीईएम प्रयोगशाला, एरोमा मिशन, महिला प्रौद्योगिकी केंद्र, औषधीय मशरूम उत्पादन, ग्रीन एनर्जी, ग्रामीण उद्यमिता आधारित जीविका विकास और ऐपन लोककला संरक्षण एवं संवर्धन जैसी कई महत्वाकांक्षी योजनाओं को मूर्त रूप दिया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनपद को आदर्श जनपद बनाने के लिए सभी को जो जिम्मेदारी दी गई हैं उसे समय पर पूरी करें। आदर्श चम्पावत मॉडल में जन आकांक्षाओं को समाहित करने के उद्देश्य से यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो दुर्गेश पंत और आदर्श चम्पावत के समन्वयक प्रहलाद अधिकारी के नेतृत्व में विशेषज्ञों के दल ने जनपद के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण किया। पांच दिवसीय विस्तृत अध्ययन यात्रा में विशेषज्ञ दल के सदस्यों द्वारा जनपद के चारों विकास खंडों के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों की वर्तमान स्थिति और जनसामान्य की चुनौतियों, आदर्श चम्पावत के संबंध में उनकी प्रतिक्रियाओं, अपेक्षाओं एवं सुझावों का गहन अध्ययन किया। इस चरण में जिन प्रमुख स्थानों का भ्रमण किया गया उनमें मंच, तामली तल्लादेश, चायबागान, नरयालगाँव, पंचेश्वर, एबटमाउंट, नरसिंहडांडा, खेतीखान, पाटी तथा बाराकोट विकास क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र शामिल हैं।

इस अध्ययन यात्रा के दौरान महिला दलों, स्वयं सहायता समूहों, युवाओं, छात्र-छात्राओं, उद्यमियों, कामगारों एवं रंगकारवां, विज्ञानशाला जैसी संस्थाओं सहित समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने आदर्श चम्पावत के संबंध में अपनी प्रतिक्रियाएं साझा की। अध्ययन यात्रा के समापन के अवसर पर विशेषज्ञ दल द्वारा डीएम के समक्ष प्रस्तुतीकरण दिया गया। विशेषज्ञ दल के सदस्यों में बैंगलोर से उन्मेष कुलकर्णी, पूना से रोहन जूंजा, देहरादून से वेदांत त्यागी और रिक्ता कृष्णास्वामी, मसूरी से सोनम सोरेंग एवं गोवा से डेनिश मौजूद रहे।

चम्पावत में बैठक लेते जिलाधिकारी नवनीत पांडेय। ● अमृत विचार

# अल्मोड़ा में केंद्रीय राज्य मंत्री टम्टा का होगा जोरदार स्वागत

- शनिवार को गृह जनपद पहुंचने पर कार्यकर्ता निकालेंगे बाइक रैली
- जिलाध्यक्ष ने कार्यक्रम को लेकर तैयारी बैठक ली

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा शनिवार को जिले के भ्रमण पर पहुंच रहे है।

शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री के कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने तैयारी बैठक की। तय किया गया की केंद्रीय मंत्री बनने पर पहली बार गृह जनपद पहुंच रहे सांसद टम्टा का जोरदार स्वागत किया जाएगा। पातालदेवी स्थित जिला पार्टी दफ्तर में आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा ने कहा कि क्वारब से नगर के चौघानपाटा तक स्वागत में भव्य बाइक रैली निकली जाएगी।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम भव्य बनाने को लेकर जिम्मेदारी भी सौंपी। यहां बैठक में गोविंद पिलख्वाल, अरविंद बिष्ट, राजीव गुरूरानी, धर्मेंद्र बिष्ट, कैलाश गुरुरानी, जगत तिवारी, कृष्ण बहादुर, अमित साह मोनू, अर्जुन बिष्ट, मनोज जोशी, मंगल बिष्ट, अनुप साह आदि मौजूद रहे।

अल्मोड़ा में शुक्रवार को केंद्रीय राज्य मंत्री के स्वागत को लेकर बैठक करते कार्यकर्ता।

## सार-संक्षेप

### सेना द्वारा आयोजित रानीखेत क्रिकेट टूर्नामेंट जारी

**रानीखेत :** सेना के सोमनाथ ग्राउंड में रानीखेत क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन ब्रिगेडियर एसके यादव, वीएसएम, कमांडेंट कुमाऊं रेजिमेंटल सेंटर के संरक्षण में किया गया है। इस टूर्नामेंट में 10 टीमें भाग ले रही हैं। टूर्नामेंट की शुरुआत 26 जून को हुई थी। सेना के सोमनाथ ग्राउंड में पहला मैच ट्रेनिंग सेल कुमाऊं रेजिमेंट और मिलिट्री हॉस्पिटल रानीखेत के बीच खेला गया, जिसमें ट्रेनिंग सेल ने 141 रनों से जीत हासिल की। इस मैच के मैन ऑफ द मैच सिपाही अमित कुमार रहे। जिन्होंने नाबाद 118 रनों की शानदार पारी खेली। उनकी पारी में 13 चौके और 8 छक्के शामिल थे। यह टूर्नामेंट खेल प्रेमियों के साथ ही कुमाऊं रेजीमेंट सेंटर के जवानों के लिए भी खेल गतिविधियों को बढ़ाने वाला कदम है।

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 40 लोगों ने कराई जांच

**अल्मोड़ा।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देवीथल की ओर से ग्राम पंचायत बुघाण में निशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। जिसमें चिकित्सकों ने 40 से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच की व दवाएं बांटी। यहां ग्राम प्रधान जीवन लाल, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. हेमंत कुमार तिवारी, फार्मसी अधिकारी अभिषेक किमोठी आदि मौजूद रहे।

### चार जुलाई तक जमा करें चुनाव खर्च का ब्यौरा

**अल्मोड़ा।** लोकसभा चुनाव लड़े प्रत्याशियों को चुनाव में खर्च रकम का ब्यौरा 4 जुलाई तक जमा करना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर ने बताया कि निर्वाचन व्यय का अंतिम लेखा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि चार जुलाई तय कि गई है। उन्होंने बताया कि इसके लिए लेखा सामाधान बैठक की बैठक एक जुलाई को कलक्ट्रेट सभागार में प्रस्तावित है।

### प्रभारी मंत्री डॉ. धन सिंह आज जिले के भ्रमण पर

**अल्मोड़ा।** जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. धन सिंह रावत शनिवार को भ्रमण पर पहुंच रहे है। प्रभारी अधिकारी विशिष्ट अभ्यागत ने बताया कि कैबिनेट मंत्री कलक्ट्रेट में वार्षिक जिला योजना की बैठक में प्रतिभाग करेंगे। इसके बाद अल्मोड़ा से नैनीताल को प्रस्थान करेंगे।

अल्मोड़ा के ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को टैंकर से पानी भरते लोग। ● अमृत विचार

### ग्रामीण इलाकों में तीन हजार की आबादी पानी को तरसी

**अल्मोड़ा :** जिले के ग्रामीण इलाकों में दर्जनों गांव में पेयजल संकट थमने का नाम नहीं ले रहा है। इन क्षेत्रों में पेयजल योजना के सुचारू रूप से नहीं चलने से दर्जनों ग्राम पंचायत की तीन हजार से अधिक आबादी पानी के लिए तरस गई है। जिले के लमगड़ा, धौलादेवी, हलवाबाग, भैसियाछाना समेत आदि विकासखंड में पेयजल आपूर्ति चरमरा गई है। बीते साढ़े तीन माह से नलों में पानी नहीं आया है। मजबूरन ग्रामीण नौले धारों के सहारे अपनी प्यास बूझाने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने कहा कि समस्याओं को लेकर कई बार विभागीय अधिकारियों को अगवत कराया गया। लेकिन समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो सका है। इधर, शुक्रवार को तलेट, कांडे नौला, हवालबाग, शीतलाखेत, गुरूड़ाबाज, बल्टा आपदा ग्रस्त क्षेत्र, जैंती, लमगड़ा, तोली, नगरखान, ताकुला आश्रम में टैंकरों से पानी का वितरण किया गया।

### शारदा बैराज से मिला अज्ञात महिला का शव

**टनकपुर :** टनकपुर शारदा बैराज के पास नदी से एक अज्ञात महिला का शव मिला है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे उपजिला अस्पताल के मोर्चरी में रख दिया है। शव मिलने की सूचना पर शुक्रवार को मौके पर पहुंचे एसडीआरएफ के जवान प्रवेश नगरकोटी के नेतृत्व में टीम ने शव को बैराज से बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उपजिला अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने बताया कि बरामद शव काफी सड़ी-गली अवस्था में है। गुरुवार को भी नदी से एक पुरुष का शव बरामद हुआ था, जिसकी दूसरे दिन भी शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### छावनी परिषद के पूर्व सभासद भुवन आर्य का निधन

**रानीखेत :** छावनी परिषद में लगातार आठ बार सभासद रहे व्यवसायी व वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता भुवन राम आर्या (78) का बीमारी के बाद हल्द्वानी में निधन हो गया। आर्या अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार रानीखेत मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, ब्लॉक प्रमुख हीरा रावत, पूर्व प्रमुख रचना रावत, कैलाश पांडेय, उमेश भट्ट, नंदा देवी समिति अध्यक्ष हरीश लाल साह, विमल सती, नंद किशोर गर्ग, भगवंत नेगी, सुकृत साह आदि ने शोक जताया है।

भुवन राम आर्या।

### शराब पिला रहा दुकानदार गिरफ्तार

**अल्मोड़ा :** ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025 को साकार करने के लिए अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरुद्ध पुलिस की कड़ी कार्रवाई जारी है। थानाध्यक्ष धौलछीना सुशील कुमार ने बताया कि पुलिस ने बाड़ेछीना कस्बे में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान प्रदीप चम्याल निवासी चनौली अपनी दुकान में अवैध शराब पिलाते हुए मिला। जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए थाना धौलछीना में आबकारी अधिनियम के तहत एफआईआर पंजीकृत कर आरोपित को गिरफ्तार किया है। यहां पुलिस टीम में गोकुल प्रसाद, कुन्दन लाल, धनी राम आदि शामिल रहे।

### बाल नृत्यांगना स्वस्तिका जोशी सम्मानित

**अल्मोड़ा :** देशभर में उत्तराखंड का नाम रोशन करने वाली भरतनाट्यम नृत्य की बाल कलाकार स्वस्तिका जोशी को पैलाग फांउडेशन ने सम्मानित किया है। नगर के हीराडुंगरी में एक कार्यक्रम में फांउडेशन ने उन्हें सम्मानित किया। फाउंडेशन के हेमंत जोशी ने बताया कि स्वस्तिका 11 जुलाई को बनारस में आयोजित प्रतिष्ठित शास्त्रीय नृत्य संगीत कार्यक्रम में प्रस्तुति देंगी।

सम्मान प्राप्त करतीं स्वस्तिका जोशी।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 920 फ्लैग 1030 डीएमओ 820 बोल्ड 1095, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 910 फ्लैग 1050 बोल्ड 1100 डीएमओ 830।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 2060, राज श्री 1385, फॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1960, फॉर्चुन ली. 1610, जय जवान 1510, सचिन 1520, सूरज 1535, अवसर 1640, राग गोल्ड 1620, गृहणी 1495, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1655, चक्र टिन 1875, ब्लू 1615, आशीर्वाद मस्टर्ड 1900, स्वास्तिक 2030, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 20200, जीरा 35500, लाल मिर्च 20000-28500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4600, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4600, खजाना 4600, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 10900, राजमा चित्रा 13300-14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850-7300 मलका दाल 7575-7900, मलका छांटी 7500, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11200, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9000, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15400, अरहर पटका मोटा 16100, अरहर कोरा मोटा 16400, अरहर पटका छोटा 16000-16200, अरहर कोरी छोटी 17200, **चीनी**-डालमियां 4060, पीलीभीत 4040, नवाबगंज 4030, बहेड़ी (नई) 4040 रुपये।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 90,350 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,650 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,900-55,100 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,800 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,650 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,500 |
| चांदी तैयार | 89,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 72,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,400 |
| चांदी पक्की | 878 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 72,750 |
| चांदी आभूषण | 89,300। |

## हल्द्वानी मंडी

**चावल**-शरबती 5200 मसूरी 4900 बासमती 9000 परमल 3500, **दाल दलहन**-काला चना 7200-7700 साबुत चना दाल 6800-7500 मूंग साबुत 10600 राजमा 13000-17000 दाल उड़द 11200 साबुत मसूर दाल 7500 मसूर दाल 8000-8500 उड़द साबुत 11000 काबुली चना 12300-12700 अरहर दाल 16500-17000 लोबिया/करमानी 8500-8700 सोयाबीन 4200 मूंगफली 11000-11500 मटर (सूखी) 5200-5300 मक्का 3000 रुपये।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना: 75 से 78 रुपये मसूर: 60 से 68 रुपये मलका: 62 से 68 रुपये अरहर: 140 से 150 रुपये उड़द: 100 से 110 रुपये धोआ उड़द: 110 से 130 रुपये मूंग धोआ: 104 - 106 रुपये मूंग छिलका: 95 से 105 रुपये मूंग साबुत: 90 से 105 चना देसी: 60 से 70 चना कावली: 90 से 130 रुपये।

# 3.4% बढ़ गईं सरकार की सकल देनदारियां

## वित्त मंत्रालय के मुताबिक मार्च के अंत में बढ़कर 171.78 लाख करोड़ रुपये हुईं

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार की कुल सकल देनदारियां दिसंबर के अंत में 166.14 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर मार्च 2024 के अंत में 171.78 लाख करोड़ रुपये हो गईं। वित्त मंत्रालय ने यह जानकारी दी।

सार्वजनिक ऋण प्रबंधन तिमाही रिपोर्ट (जनवरी-मार्च, 2024) में कहा गया कि यह आंकड़ा तिमाही आधार पर 3.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। रिपोर्ट के मुताबिक समीक्षाधीन तिमाही के दौरान सार्वजनिक ऋण कुल सकल देनदारियों का 90.2 प्रतिशत था। इसमें कहा गया कि समीक्षाधीन तिमाही के दौरान, अंतरिम बजट में घोषित उधार योजना के अपेक्षा से कम रहने के चलते भारतीय घरेलू बॉन्ड के प्रतिफल में नरमी में रहने, एफपीआई प्रवाह और आई। राजकोषीय घाटे के काबू स्थिर मुद्रास्फीति से इसमें मदद मिली। दूसरी ओर, समीक्षाधीन तिमाही के दौरान अमेरिकी ट्रेजरी प्रतिफल अस्थिर रहा, जो मुख्य रूप से फेडरल रिजर्व की कार्रवाई, मुद्रास्फीति और रोजगार डेटा से प्रभावित था।

समीक्षाधीन तिमाही के दौरान अमेरिकी 10 वर्षीय प्रतिफल 4.33 प्रतिशत के उच्च स्तर पर पहुंच गया। रिपोर्ट के मुताबिक नए निर्गमों पर भारित औसत प्रतिफल 2023-24 की तीसरी तिमाही के 7.37 प्रतिशत की तुलना में 2023-24 की चौथी तिमाही में 7.19 प्रतिशत तक नरम हो गया। इसके अलावा, दिनांकित प्रतिभूतियों के निर्गमों की भारित औसत परिपक्वता 2023-24 की चौथी तिमाही में 18.75 वर्ष हो गई। यह 2023-24 की तीसरी तिमाही में 18.80 थी।

### लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में नहीं हुआ बदलाव

सरकार ने सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) एवं अन्य लघु बचत योजनाओं पर चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही के लिए ब्याज दरों में कोई भी बदलाव नहीं करने की शुक्रवार को घोषणा की। एक जुलाई, 2024 से शुरू होने वाली तिमाही के लिए विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों को यथावत रखा गया है। वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा-वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही (एक जुलाई से 30 सितंबर 2024 तक) के लिए विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें पहली तिमाही (एक मार्च से 30 जून 2024 तक) के लिए अधिसूचित दरों के समान ही रहेंगी। अधिसूचना के मुताबिक, सुकन्या समृद्धि योजना के तहत जमा पर 8.2 प्रतिशत की ब्याज दर मिलेगी, जबकि तीन साल की सावधि जमा पर दर 7.1 प्रतिशत रहेगी। पीपीएफ और डाकघर बचत जमा योजना की ब्याज दरें भी क्रमशः 7.1 प्रतिशत और चार प्रतिशत पर बनी रहेंगी। किसान विकास पत्र पर ब्याज दर 7.5 प्रतिशत होगी तथा यह निवेश 115 महीनों में परिपक्व होगा। जुलाई-सितंबर 2024 की अवधि के लिए राष्ट्रीय बचत पत्र (एनएससी) पर ब्याज दर 7.7 प्रतिशत रहेगी। सितंबर तिमाही में भी डाकघर मासिक आय योजना के निवेशकों को पहले की तरह 7.4 प्रतिशत ब्याज देगी।

# ग्रामीण बैंकों का उनके प्रायोजक बैंक में हो विलय

संवाददाता, अमृत विचार

**बरेली:** अखिल भारतीय बैंक अधिकारी परिसंघ और ऑल इंडिया बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन ने वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र भेजकर सभी 43 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को उनके प्रायोजक बैंक में विलय करने का अनुरोध किया है। इन संगठनों का कहना है कि इस कदम से बैंकों की प्रगति होगी और यह एकरूपता के लिए भी जरूरी है।

हालांकि यह मांग कर्मचारी संगठनों द्वारा पहले भी उठाई जाती रही है। ग्रामीण बैंकों के अधिकारियों ने इसको लेकर आंदोलन भी किए थे। ऐसा दावा किया जा रहा है कि अगर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का अपने प्रायोजक बैंक में विलय होता है तो ग्रामीण बैंकों में स्टाफ की कमी की समस्या का समाधान होगा। साथ ही आपसी प्रतिस्पर्धा पर विराम लगेगा और ग्रामीण बैंक के अधिकारी-कर्मचारी बैंकिंग की नई और मुख्य धारा में जुड़ सकेंगे। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए भी बेहद जरूरी है।

- **बैंकों के दो प्रमुख अधिकारी कर्मचारी संगठनों ने की मांग**
- **43 ग्रामीण बैंक राष्ट्रीयकृत बैंक से मूल रूप से हैं जुड़े**

ग्रामीण बैंकों के प्रायोजक बैंक में विलय के बारे में बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन के महामंत्री संजीव मेहरोत्रा का कहना है कि अब आगे यह देखना होगा कि क्या केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण यूनियन के प्रस्ताव को स्वीकार कर विलय को तैयार होंगी।

### देशभर में 22 हजार ग्रामीण बैंकों की शाखाएं

बता दें कि ग्रामीण बैंकों की शाखाएं सुदूर ग्रामीण अंचल में फैली हुई हैं। पूरे देश में इनकी संख्या 22 हजार के करीब है। देशभर के 702 जिलों में कुल 30 करोड़ जमा खाते और करीब 3 करोड़ लोन खाते हैं। पंजाब एंड सिंध बैंक को छोड़कर सभी ग्रामीण बैंक किसी ने किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से मूल रूप से जुड़े हुए हैं। देश भर में ग्रामीण बैंकों की 92 प्रतिशत शाखाएं ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्र में काम कर रही हैं।

# आंकड़ों की गणना पद्धति में पूर्वाग्रहों को हटाना जरूरी: दास

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने शुक्रवार को कृत्रिम मेधा (एआई) एवं मशीन लर्निंग का इस्तेमाल बढ़ने से आंकड़ों की गणना-पद्धति (एल्गोरिद्म) में पूर्वाग्रहों को खत्म करने की जरूरत बताई।

दास ने केंद्रीय बैंक की तरफ से आयोजित 18वें सांख्यिकी दिवस सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में निष्कर्ष निकालने के लिए सांख्यिकी का इस्तेमाल एक पसंदीदा साधन के तौर पर लगातार बढ़ रहा है और यह क्षेत्र अनिश्चितता को ध्यान में रखते हुए तथ्यों के संग्रह से आगे बढ़कर व्याख्या एवं निष्कर्ष निकालने पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने कहा कि नजरिये में आए इस बदलाव ने सांख्यिकी को अन्य प्रमुख विषयों का अभिन्न अंग बनने की छूट दी है। निर्णय निर्माण की दक्षता में सुधार और मानवीय ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में उपयोगकर्ता के अनुभव को समृद्ध करने के लिए सांख्यिकीय तरीकों को अपनाने में कंप्यूटिंग की बढ़ी ताकत का तेजी से इस्तेमाल हो रहा है।

## शेयर बाजार में रिकॉर्डतोड़ तेजी का दौर थमा, सेंसेक्स 210 अंक फिसला

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुझान के बावजूद स्थानीय स्तर पर शुक्रवार को बैंक, वित्त एवं प्रौद्योगिकी शेयरों में मुनाफावसूली आने के कारण पिछले चार सत्रों से जारी तेजी का दौर थम गया। दोनों ही मानक सूचकांक हल्की गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 210.45 अंक यानी 0.27 प्रतिशत गिरकर 79,032.73 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 33.90 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,010.60 पर बंद हुआ।

# आठ बुनियादी ढांचा उद्योग मई में 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़े

नई दिल्ली, एजेंसी

- **कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी, उर्वरक व इस्पात क्षेत्र में उत्पादन बढ़ा**

कोयला, प्राकृतिक गैस और बिजली क्षेत्र के उत्पादन में अच्छी वृद्धि होने से मई के महीने में देश के आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में 6.3 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज की गई। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

अप्रैल में इन आठ क्षेत्रों का उत्पादन 6.7 प्रतिशत बढ़ा था। इन प्रमुख ढांचागत क्षेत्रों की वृद्धि दर मई 2023 में 5.2 प्रतिशत थी। इन क्षेत्रों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार उर्वरक, कच्चे तेल और सीमेंट उत्पादन में मई के दौरान नकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। इस तरह चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों (अप्रैल-मई) में इन ढांचागत क्षेत्रों का उत्पादन 6.5 प्रतिशत बढ़ा है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 4.9 प्रतिशत बढ़ा था। देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में इन आठ बुनियादी ढांचा उद्योगों का सम्मिलित रूप से योगदान 40.27 प्रतिशत है।

## राष्ट्रीय

# सदन में विपक्षी सदस्यों का आचरण बेहद पीड़ादायी : धनखड़

## राज्यसभा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के आसन के समक्ष आने को लेकर सभापति ने जताई नाराजगी

नई दिल्ली, एजेंसी

राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों द्वारा नीट-यूजी परीक्षा के पेपर लीक मामले में सरकार को घेरते हुए हंगामा किए जाने के बीच नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सदन में कांग्रेस के उपनेता प्रमोद तिवारी एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक के स्वयं आसन के समक्ष आ जाने पर क्षोभ व्यक्त करते हुए सभापति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को कहा कि वरिष्ठों के सदन में यह आचरण उन्होंने किया जिनसे नेतृत्व की अपेक्षा की जाती है। सभापति धनखड़ ने कहा-सदन में (विपक्षी सदस्यों द्वारा) जिस तरह का आचरण किया गया, वह अविश्वसनीय है, वह मेरे लिए बेहद पीड़ादायी है।

उन्होंने कहा कि मल्लिकार्जुन खरगे वरिष्ठ नेता हैं, वह सदन में विपक्ष के नेता हैं, लेकिन वह आज आसन के समक्ष आ गए। सभापति ने कहा कि सदन में कांग्रेस के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक भी आसन के समक्ष आ गए। उन्होंने कहा-यह बेहद पीड़ादायी आचरण है। हमें नेता प्रतिपक्ष से ऐसे आचरण की उम्मीद करते हैं जो नजीर बने। उन्होंने कहा कि-मेरे लिए जो बेहद पीड़ादायी बात है वह यह है कि उन्होंने बाहर जा कर भ्रामक बातें कहीं, बिल्कुल गलत बातें कहीं, बिल्कुल झूठ कहा। उन्होंने जो कहा वह विरोधाभासी है। सभापति ने कहा कि लोकतंत्र के इस मंदिर की गरिमा पर आघात पहुंचाया गया, उसे तार-तार किया गया और वरिष्ठों के सदन में यह सब उन्होंने किया जिनसे नेतृत्व की अपेक्षा की जाती है। इस पर विरोध जताते हुए विपक्षी सदस्य सदन से वाकआउट कर गए। इससे पहले सभापति कहा था कि नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे स्वयं आसन के समक्ष आ गये जो पहले कभी नहीं हुआ। सभापति ने यह टिप्पणी उस समय की जब विपक्ष के सदस्य राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को लेकर हो रही चर्चा के दौरान लगातार हंगामा कर रहे थे। नीट-यूजी से जुड़ी कथित अनियमितताओं, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की 'नाकामी' और पेपर लीक से जुड़े मुद्दों पर विपक्षी सदस्य आज सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद से ही चर्चा कराने की मांग पर हंगामा कर रहे थे।

### सभापति ने विपक्ष से सौतेला व्यवहार किया : खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि वह उच्च सदन में राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) का विषय उठाना चाहते थे, लेकिन सभापति जगदीप धनखड़ ने उन्हें अपमानित करने के लिए जानबूझकर नजरअंदाज किया। खरगे ने यह दावा भी किया कि विपक्ष के प्रति सभापति का व्यवहार सौतेला था। उधर, राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों द्वारा नीट-यूजी परीक्षा के पेपर लीक मामले में सरकार को घेरते हुए हंगामा किए जाने के बीच सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन में कहा कि नेता प्रतिपक्ष खरगे स्वयं आसन के समक्ष आ गये जो पहले कभी नहीं हुआ। सभापति ने यह टिप्पणी उस समय की जब विपक्ष के सदस्य राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को लेकर हो रही चर्चा के दौरान लगातार हंगामा कर रहे थे। नीट-यूजी से जुड़ी कथित अनियमितताओं, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की 'नाकामी' और पेपर लीक से जुड़े मुद्दों पर विपक्षी सदस्य आज सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद से ही चर्चा कराने की मांग पर हंगामा कर रहे थे। बाद में खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया कि गत सात वर्षों में 70 पेपर लीक हुए हैं, करोड़ों युवाओं से मोदी सरकार ने विश्वासघात किया है।

## चेन्नई हवाई अड्डे पर 21 करोड़ रुपये का मादक पदार्थ जब्त

**चेन्नई।** तमिलनाडु के चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर घाना से आई एक महिला हवाई यात्री के पास से 21 करोड़ रुपये मूल्य की दो किलोग्राम से अधिक कोकीन जब्त की गई है। सीमा शुल्क विभाग ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पश्चिमी अफ्रीकी देश की रहने वाली महिला 26 जून को चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंची, जहां अधिकारियों ने उसे रोक लिया। चेन्नई अतंर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के सीमा शुल्क के प्रधान आयुक्त आर श्रीनिवास ने एक विज्ञप्ति में बताया कि पूछताछ के दौरान पता चला कि महिला ने बैग और जूतों में पाउडर के रूप में मादक पदार्थ छिपा रखा था। टीम ने महिला से 21 करोड़ रुपये मूल्य की 2,095 ग्राम कोकीन बरामद की। महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# नीट मामले में दो और अभियुक्तों की सीबीआई रिमांड का आदेश

पटना, एजेंसी

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की बिहार में पटना स्थित एक विशेष अदालत ने आज नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के प्रश्न-पत्र लीक मामले में जेल में बंद दो और अभियुक्तों को पांच दिन की पुलिस रिमांड पर हिरासती पूछताछ के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया।

सीबीआई के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी हर्षवर्धन सिंह की अदालत ने यह आदेश सीबीआई के आवेदन पर सुनवाई के बाद दिया है। विशेष अदालत ने जेल में बंद अभियुक्त आशुतोष और मनीष से हिरासती पूछताछ के लिए 29 जून 2024 से 04 जुलाई 2024 तक के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश आदर्श केंद्रीय कारागार, बेउर के अधीक्षक को दिया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि दोनों अभियुक्तों की चिकित्सकीय जांच करने के बाद उनसे पूछताछ की जाएगी और फिर चिकित्सकीय जांच कराकर उन्हें 04 जुलाई 2024 को दिन के 11:00 बजे तक न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर देना है। इससे पूर्व अदालत ने 26 जून 2024 को इस मामले के दो अन्य अभियुक्त चिंटू उर्फ बलदेव और मुकेश से पुलिस रिमांड पर हिरासती पूछताछ के लिए एक सप्ताह के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया था। गौरतलब है कि केंद्र सरकार के आदेश के बाद सीबीआई ने इस मामले में पटना के शास्त्रीनगर थाना में दर्ज प्राथमिकी पर मामले की जांच अपने हाथ में ले ली है।

## एक नजर

### हैदराबाद पुलिस ने साइबर अपराध मामला 11 मिनट में सुलझाया

**हैदराबाद।** हैदराबाद शहर की साइबर अपराध पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को साइबर धोखाधड़ी में 18 लाख रुपये गंवाने से बचा लिया है। पुलिस ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि अंबरपेट निवासी 31 वर्षीय व्यक्ति एक प्रतिष्ठित कंपनी में बतौर सॉफ्टवेयर कर्मचारी काम करता है और किसी ने उसके आईसीआईसीआई बैंक खाते से 18 लाख रुपये निकालने का मामला सामने आया था। पीड़ित व्यक्ति को एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया, जिसने उसके पैसे हड़प लिए थे।

### बीएसएफ प्रमुख ने तैयारियों की समीक्षा की

**जम्मू।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने शुक्रवार को भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात जवानों की परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने जवानों के पेशवर रुख और उनके समर्पण की सराहना की। बीएसएफ प्रमुख का 'जम्मू फ्रंटियर' का दौरा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा दिल्ली में एक उच्च-स्तरीय बैठक आयोजित करने के कुछ दिनों बाद हुआ है। शाह ने जम्मू-कश्मीर में कई आतंकवादी घटनाओं के मद्देनजर सुरक्षा स्थिति का जायजा लेने को कहा था।

# कर्नाटक के हावेरी में सड़क हादसे में 13 लोगों की मौत, चार घायल

हावेरी (कर्नाटक), एजेंसी

- **सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई वैन**

कर्नाटक के हावेरी में ब्यादगी तालुक के गुंडेनहल्ली चौक पर शुक्रवार तड़के ट्रक से एक वैन के कथित तौर पर टकरा जाने से उसमें सवार दो बच्चों सहित 13 लोगों की मौत हो गई और चार अन्य लोग घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि इस हादसे में मारे गए दोनों बच्चे चार और छह साल के थे। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना तड़के करीब पौने चार बजे उस समय हुई जब वैन हावेरी जिले के ब्यादगी में राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वैन में कुल 17 लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि इनमें से 11 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य लोगों को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि चार घायलों में से दो अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती हैं। हावेरी के पुलिस अधीक्षक अंशु कुमार श्रीवास्तव ने कहा-पीड़ित चिंचोली मायाक्का देवस्थान से शिवमोगा जिले में अपने गांव येमेहट्टी जा रहे थे। ट्रक राजमार्ग के किनारे खड़ा था। टेम्पो ट्रैवलर ने पीछे से ट्रक को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि शवों को शवगृह में ले जाया गया है और घायलों को हावेरी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया बस चालक को नींद आ जाने के कारण यह दुर्घटना हुई।

उन्होंने बताया कि इस टक्कर के कारण शव वैन के क्षतिग्रस्त हिस्सों में फंस गए और अग्निशमन विभाग को उन्हें निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान नागेश(50), विशालाक्षी (40), आदर्श (23), परशुराम (45), भाग्य (40), पुण्या (50), मनसा(24), रूपा (40), सुभद्रा बाई (65), मंजुला बाई (62) और मंजुला (50) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि मृतकों में से एक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। उन्होंने बताया कि नागेश, विशालाक्षी और अर्पिता (18) एक ही परिवार के सदस्य थे।

# राजभवन ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना की

कोलकाता, एजेंसी

- **राजभवन में महिलाओं की सुरक्षा के संबंध में दिया था बयान**

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के दो नवनिर्वाचित विधायकों के शपथ ग्रहण को लेकर गतिरोध के बीच पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस के कार्यालय ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की उनके उस बयान के लिए आलोचना की जिसमें उन्होंने कहा था कि महिलाएं राजभवन जाने में कथित तौर पर असुरक्षित महसूस करती हैं। राजभवन ने कहा कि जनप्रतिनिधियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे गलत धारणा न बनाएं।

बारानगर की विधायक सायंतिका बंद्योपाध्याय और भागबंगोला के विधायक रयात हुसैन सरकार ने बोस के अनुरोध के अनुसार राजभवन में शपथ लेने से इनकार कर दिया, इसके बजाय वे विधानसभा में शपथ ग्रहण पर जोर देते हुए बृहस्पतिवार से धरना दे रहे हैं। राजभवन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जनप्रतिनिधियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे संविधान का सम्मान करें तथा ऐसी गलत धारणाएं बनाने से बचें, जिससे राज्यपाल पर आक्षेप लग सकता है। मुख्यमंत्री बनर्जी ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया था कि बोस को शपथ ग्रहण प्रक्रिया में बाधा डालने का कोई अधिकार नहीं है।

## गायों और बैलों की हत्या के मामले में 24 लोग गिरफ्तार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के सिवनी जिले में पिछले सप्ताह गायों समेत 60 से अधिक गोवंशीय पशुओं की हत्या के मामले में पुलिस ने 24 लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए आठ आरोपी नागपुर के हैं और सांप्रदायिक उन्माद फैलाने के लिए इन पशुओं को मारने की साजिश रची गई थी। सिवनी के पिंडराई गांव के पास वैनगंगा नदी में 18 गायों के कटे हुए शव बरामद किये गये थे जबकि जिले के धूमा थानाक्षेत्र के काकरतला वन क्षेत्र में 19 और 20 जून को 28 गायों और बैलों के शव मिले थे।

# चिराग पासवान ने खुद को योग्य साबित किया : मोदी

- **प्रधानमंत्री ने लोजपा सांसदों से मुलाकात की**

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रमुख घटक दल लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के सांसदों से मुलाकात की और कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने खुद को योग्य साबित किया है और वह अपने पिता के सपनों को पूरा कर रहे हैं। चिराग पासवान लोजपा (रामविलास) के अध्यक्ष हैं और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान के बेटे हैं।

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने पार्टी सांसदों के साथ नई दिल्ली में एक बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। ● एजेंसी

समाजवादी नेता रामविलास पासवान ने लोजपा का गठन किया था और उनके निधन के बाद पार्टी दो धड़ों में विभाजित हो गई थी। एक धड़े का नेतृत्व पूर्व केंद्रीय मंत्री व रामविलास पासवान के भाई पशुपति कुमार पारस कर रहे हैं, जबकि दूसरे धड़े का नेतृत्व चिराग पासवान के हाथों में है। दोनों ही धड़े राजग के सदस्य हैं। लोकसभा चुनाव के लिये सीट के बंटवारे को लेकर हुए समझौते के तहत भाजपा ने लोजपा (रामविलास) को पांच सीट दी थीं, जबकि पशुपति पारस नीत पार्टी को एक भी सीट नहीं दिया था। भाजपा पर अपनी पार्टी को नजरअंदाज करने का आरोप लगाते हुए पारस ने केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। प्रधानमंत्री ने मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए 'एक्स' पर लिखा, रामविलास पासवान जी मेरे बहुत प्रिय मित्र थे, जिनकी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि मुझे बहुत याद आती है। मुझे खुशी है कि चिराग पासवान ने खुद को योग्य साबित किया है और रामविलास जी के सपनों को पूरा कर रहे हैं।

# वीरशैव लिंगायत के धर्मगुरु ने मुख्यमंत्री पद समुदाय को देने की मांग की

**चिकोडी(कर्नाटक)।** वोक्कालिगा महंत द्वारा सार्वजनिक रूप से कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया से पद छोड़ने और उप मुख्यमंत्री डी.के.शिवकुमार के लिए मार्ग प्रशस्त करने की अपील करने के एक दिन बाद वीरशैव लिंगायत समुदाय के प्रमुख महंत ने शुक्रवार को अपील की कि मुख्यमंत्री बदलने की स्थिति में उनके समुदाय के मंत्रियों के नामों पर विचार किया जाए। श्रीशैल जगदगुरु चन्ना सिद्धर्म पंडितराध्याय स्वामीजी ने उप मुख्यमंत्री के और पद सृजित करने की स्थिति में वीरशैव-लिंगायत समुदाय के मंत्रियों को उक्त पद देने पर विचार करने की भी मांग की। उन्होंने रेखांकित किया कि राज्य में सरकार बनाने के लिए उनके समुदाय के मत अहम रहे हैं।



# फाइनल में भारत के सामने दक्षिण अफ्रीका की दमदार चुनौती

ब्रिजटाउन (बारबाडोस), एजेंसी

**भारतः** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज।

**दक्षिण अफ्रीकाः** एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डिकॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नोर्किया, कागिसो रबादा, रेयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी और ट्रिस्टन स्टब्स।

**भारतीय समय अनुसार मैच आज रात 8 बजे**

कप्तान रोहित शर्मा की अगुवाई में भारतीय टीम शनिवार को जब टी-20 विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसके सामने पिछले 10 साल से अधिक के वैश्विक खिताबी सूखे को खत्म करने की चुनौती होगी। अपने फाइनल तक के अभियान में दोनों टीमें अजेय रही हैं लेकिन बड़े टूर्नामेंटों के कई फाइनल मैचों को खेलने के अनुभव के कारण भारत का पलड़ा भारी होगा।

दक्षिण अफ्रीका 1998 के बाद पहली बार आईसीसी के किसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है। टूर्नामेंट में भारत का अभियान पिछले साल घरेलू वनडे विश्व कप के समान ही रहा है, जहां वे फाइनल में पहुंचे थे लेकिन खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने उनसे बेहतर प्रदर्शन किया था। भारत यहां भी अब तक सर्वश्रेष्ठ टीम रहा है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि इस बार उनके सामने ऑस्ट्रेलिया की चुनौती नहीं है। दक्षिण अफ्रीका की आईसीसी स्पर्धाओं में एकमात्र जीत 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी में हुई थी। टीम चोकर्स के अपने तमगे को पीछे छोड़कर फाइनल में पहुंची है और वे खिताबी मुकाबले में भी इस तमगे को धत्ता बताने की कोशिश करेंगे।

आईपीएल खिताब को अब तक सबसे बड़ी उपलब्धि बताने वाले उनके कुछ खिलाड़ियों के लिए विश्व कप ट्रॉफी सबसे बड़ा पुरस्कार होगा। गयाना में सेमीफाइनल में भारत की इंग्लैंड पर जीत के बाद बाद प्रशंसकों और विशेषज्ञों की भावनाओं को देखा जाए तो रोहित शर्मा की टीम खिताब की प्रबल दावेदार होगी। भारत की टीम का संयोजन कैरेबियाई देशों की पिचों के मुताबिक है। टीम इस मैच में पिछले साल 19 नवंबर को अहमदाबाद में एक लाख दर्शकों के सामने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली एकदिवसीय विश्व कप फाइनल की निराशा को पीछे छोड़ने के लिए बेकरार है। कप्तान ने कहा कि मैं जानता हूं कि फाइनल में भारत के साथ लंबे समय से समस्याएं रही हैं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि दक्षिण अफ्रीका कोई चुनौती पेश कर पाएगा। भारत अब तक टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम रही है और मैन टू मैन के मामले में भी दक्षिण अफ्रीका नजर आ रही है। इस विश्व कप में भारत शुरुआती चरण से बाहर हो गया था। एक कोच के रूप में टीम उन्हें यादगार विदाई देने की कोशिश करेगी।

## टीम के लिए विश्व कप जीतना चाहते हैं द्रविड़

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम टी20 विश्व कप फाइनल के लिए ब्रिजटाउन (बारबाडोस) में शनिवार को जब मैदान पर उतरेगी तो कोच के तौर पर इस टीम के साथ राहुल द्रविड़ का यह आखिरी मैच होगा। द्रविड़ का करार बीते नवंबर में वन-डे विश्व कप के बाद ही खत्म हो गया था लेकिन टीम प्रबंधन ने टी-20 विश्व कप तक उनसे इस जिम्मेदारी को निभाने का आग्रह किया था। टी20 विश्व कप के भारतीय प्रसारक ने सोशल मीडिया पर 'डूइटफोरद्रविड़' (द्रविड़ के लिए करो) का अभियान चलाया है जिस क्रिकेट जगत और प्रशंसकों का समर्थन मिल रहा है लेकिन 51 वर्षीय द्रविड़ इस वैश्विक खिताब को किसी व्यक्ति के लिए नहीं बल्कि टीम के लिए जीतना चाहते हैं। द्रविड़ के लिए विश्व कप जीतना कोई व्यक्तिगत गौरव का क्षण नहीं होगा यह टीम की उपलब्धी होगी।

## भारत को बेखौफ खेलते रहना होगा : गांगुली

**कोलकाता।** पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में भारतीय टीम को बेखौफ खेलकर 11 साल के खिताबी सूखे को खत्म करने की सलाह देते हुए कहा कि टीम को इस मुकाम तक लाने में रोहित शर्मा का अहम योगदान रहा है। भारतीय टीम जीत की दावेदार है। टीम के लिए 2013 की चैंपियंस ट्रॉफी के बाद वैश्विक खिताबी सूखे को खत्म करना चाहेगी। गांगुली ने कहा कि मैं रोहित के लिए बहुत खुश हूं। यही जीवन चक्र है कि जो छह महीने पहले मुंबई इंडियंस का कप्तान भी नहीं थे अब उसकी अगुवाई में भारत विश्व कप के फाइनल में खेलेगा।

## खेल डायरी

### विश्व टेनिस लीग का तीसरा सत्र होगा अबू धाबी में

अबू धाबी। विश्व टेनिस लीग (डब्ल्यूटीएल) का तीसरा सत्र 19 से 22 दिसंबर तक यहां एतिहाद एरेना में आयोजित किया जाएगा। चार दिवसीय कार्यक्रम में अपने पिछले सत्र में डेनियल मेदवेदेव, स्टेफानोस सितसिपास, आंद्रे रुबलेव, आर्यना सबलेंका, इगा स्वियातेक और एलेना रयबाकिना जैसे दिग्गजों ने हिस्सा लिया था। पिछले सत्र को मेदवेदेव, रुबलेव, मीरा एंड्रीवा और सोफिया केनिन की मौजूदगी वाली टीम पीबीजी ईगल्स ने जीता था। इस सत्र के लिए खिलाड़ियों की घोषणा बाद में की जाएगी।

### ब्रिंदा-दीपा को यूके-इंडिया अवार्ड 2024 सम्मान

**लंदन।** भारत के पहले व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा और पैरालंपियन दीपा मलिक को विश्व स्तर पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने वाले भारतीयों के सम्मान के लिए आयोजित एक समारोह में विशेष पुरस्कार से नवाजा गया है। लंदन में गुरुवार शाम को आयोजित इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ) के वार्षिक यूके-इंडिया अवाइर्स 2024 में सकारात्मक सामाजिक बदलाव के लिए अरुणाचलम मुरुगनाथम ग्लोबल इंडियन आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया। उनके के साथ खेल के इन दिग्गजों को सम्मानित किया गया।

### विम्बलडन में सुमित नागल को मुश्किल ड्रॉ

लंदन। पहली बार विम्बलडन पुरुष एकल मुख्य ड्रॉ में खेल रहे भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल को मुश्किल ड्रॉ मिला है जिसमें पहले दौर में उनका सामना सर्बिया के मियोमिर केसमानोविच से होगा। दुनिया के 72वें नंबर के खिलाड़ी नागल की राह कठिन होगी क्योंकि दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी इटली के यानिक सिनेर भी इसी ड्रॉ में हैं और तीसरे दौर में उनसे टक्कर हो सकती है। नागल के लिये पहले दौर की बाधा पार करना भी आसान नहीं होगा क्योंकि उनका सामना रैंकिंग में अपने से 20 पायदान ऊंचे खिलाड़ी से है।

### आद्या के सामने फाइनल में गौशिका की चुनौती

**नई दिल्ली।** दूसरी वरीयता प्राप्त आद्या बुधिया शनिवार को इस्लामाबाद में 31वीं एशियाई जूनियर व्यक्तिगत स्क्वाश चैंपियनशिप के अंडर-13 लड़कियों के फाइनल में हमवतन गौशिका एम से भिड़ेंगी। लड़कों के अंडर-15 वर्ग के सेमीफाइनल में शिवेन अग्रवाल ने शुक्रवार को यहां चौथी वरीयता प्राप्त स्थानीय खिलाड़ी नौमान खान को शिकस्त दी। आद्या ने अंतिम चार मुकाबले में छठी वरीयता प्राप्त हांगकांग के चिउ हौ चिंग को शिकस्त दी जबकि चौथी वरीयता प्राप्त गौशिका ने मलेशिया की नौवीं वरीयता प्राप्त मैसरह बिनती मोहम्मद खैरुल निजाम को हराया।

# शेफाली-मंधाना की रिकॉर्डतोड़ पारी से भारत मजबूत

## एकमात्र महिला टेस्ट क्रिकेट के पहले दिन भारत ने बनाया चार विकेट के नुकसान पर 525 रन का बड़ा स्कोर

चेन्नई, एजेंसी

युवा सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के रिकॉर्ड तोड़ दोहरे शतक से भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र महिला क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को रिकार्डों की झड़ी लगा दी जिसमें एक दिन का सर्वोच्च स्कोर शामिल है।

शेफाली ने 194 गेंद में 205 रन बनाये और स्मृति मंधाना (149) के साथ 292 रन की साझेदारी की, जिससे भारत ने पहले दिन चार विकेट पर 525 रन बनाये। शेफाली दोहरा शतक जमाने के तुरंत बाद आउट हो गई। इससे पहले उनका सर्वोच्च स्कोर 96 रन था। अपना पांचवां टेस्ट खेल रही शेफाली ने 23 चौके और आठ छक्के लगाये। पहले बल्लेबाजी करते हुए शेफाली और मंधाना ने दक्षिण अफ्रीका के अनुभवहीन गेंदबाजों को खासी नसीहत दी। दोनों लंच तक स्कोर बिना किसी नुकसान के 130 रन तक ले गए। दोनों का शतक एक ही समय पर पूरा हुआ। मंधाना को डेल्मी टकर ने स्लिप में लपकवाकर इस साझेदारी को तोड़ा। मंधाना का भी टेस्ट क्रिकेट में यह सर्वोच्च स्कोर है। इससे पहले उनका सर्वोच्च स्कोर 127 रन था। टेस्ट क्रिकेट में किसी भी विकेट के लिए यह भारत की सबसे बड़ी साझेदारी है। महिला टेस्ट में किसी भी विकेट के लिए यह दूसरी बड़ी साझेदारी है। मंधाना की जगह आई सतीश शुभा 27 गेंद में 15 रन बनाकर आउट हो गई। जेमिमा रौड्रिग्स (55) ने हालांकि शेफाली का बखूबी साथ दिया। तेजी से रन चुराने के प्रयास में आपस में तालमेल नहीं बैठ पाने से शेफाली रन आउट हो गई। कप्तान हरमनप्रीत कौर 42 और रिचा घोष 43 रन बनाकर क्रीज पर है। भारत महिला टेस्ट मैच में एक दिन में 500 से अधिक रन बनाने वाली पहली टीम बन गई।

**शेफाली वर्मा**
**205** रन | **197** गेंद

### शेफाली-मंधाना की पहले विकेट के लिए बड़ी साझेदारी

शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना की जोड़ी ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के पहले दिन 292 रन की साझेदारी की जो महिला क्रिकेट में पहले विकेट का नया रिकॉर्ड है। शेफाली और मंधाना ने 2004 में कराची में वेस्टइंडीज के खिलाफ पाकिस्तान की साजिदा शाह और किरण बलूच की 241 रन की साझेदारी को पीछे छोड़ दिया। यह 1987 में वेदरबी में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे विकेट के लिए एलए रीलर और डीए एनेट्स की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी के बीच 309 रन की साझेदारी के बाद महिला टेस्ट में किसी भी विकेट के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। शेफाली और मंधाना ने इस तरह 2021 में ब्रिस्टल में इंग्लैंड के खिलाफ 167 रन की अपनी पिछली सर्वश्रेष्ठ साझेदारी में सुधार किया। दोनों ने इसके साथ ही किसी भी विकेट के लिए पिछली सबसे बड़ी भारतीय साझेदारी को भी पीछे छोड़ दिया। इससे पहले यह रिकॉर्ड पूनम राउत और थिरुष कामिनी के नाम था, जिन्होंने मैसूर में 2014 में दक्षिण आफ्रीका के खिलाफ 275 की साझेदारी की थी। इस साझेदारी को डेलमी टकर ने मंधाना को 149 रन पर आउट कर तोड़ा। दूसरे छोर से शेफाली टेस्ट में 150 से अधिक रन बनाने वाली भारत की चौथी खिलाड़ी बन गई। उनसे पहले मिताली राज, कामिनी और संध्या अग्रवाल ने यह कारनामा किया है।

### टेस्ट में सबसे तेज दोहरा शतक बनाने वाली शेफाली

भारत की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के दौरान ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड को पीछे छोड़ते हुए महिला टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज दोहरा शतक जड़ने वाली खिलाड़ी बन गईं। 20 साल की शैफाली ने सिर्फ 194 गेंदों पर दोहरा शतक पूरा कर सदरलैंड को पीछे छोड़ा। ऑस्ट्रेलिया की खिलाड़ी ने इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 248 गेंदों पर दोहरा शतक बनाया था। शेफाली भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज के बाद 22 वर्षों के लंबे समय अंतराल पर टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक लगाने वाली दूसरी भारतीय बनीं। मिताली ने अगस्त 2002 में टॉनटन में इंग्लैंड के खिलाफ ड्रा हुए दूसरे टेस्ट के दौरान 407 गेंदों पर 214 रन बनाए थे। शेफाली ने अपनी आक्रामक पारी में 23 चौके और आठ छक्के जड़े। उन्होंने डेलमी टकर के खिलाफ लगातार दो छक्के लगाने के बाद एक रन चुराकर अपना दोहरा शतक पूरा किया।

### स्कोर बोर्ड

| भारत (पहली पारी) | 525/4 (98 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| | रन | गेंद | 4/6 |
| शेफाली वर्मा रन आउट | 205 | 197 | 23/8 |
| स्मृति मंधाना का डर्कसेन बो टकर | 149 | 161 | 27/1 |
| सतीश शुभा का जाफ्टा बो डि क्लेर्क | 15 | 27 | 2/0 |
| जेमिमा रौड्रिग्स का डि क्लेर्क बो टकर | 55 | 94 | 8/0 |
| हरमनप्रीत कौर नाबाद | 42 | 76 | 2/0 |
| रिचा घोष नाबाद | 43 | 33 | 9/0 |

**अतिरिक्त** -16 रन, **विकेट पतन:** 1-292, 2-325, 3-411, 4-450
**गेंदबाज** : क्लास 14-2-63-0, डेर्कसन 11-0-60-0, डि क्लेर्क 0-1-62-1, सेखुखुने 10-0-55-0, एमलाबा 24-1-113-0, टकर 26-1-141-2, लुस 3-0-15-0

# मनु पर डोपिंग में फंसने का खतरा

## नाडा ने एएफआई से प्रतियोगिता में रोकने के लिए कहा

पंचकुला (हरियाणा), एजेंसी

भाला फेंक खिलाड़ी डीपी मनु को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के निर्देश पर भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने प्रतियोगिताओं से दूर रहने के लिए कहा है क्योंकि ओलंपिक का टिकट पक्का करने के करीब पहुंच चुका यह खिलाड़ी डोपिंग के संदेह में है।

एशियाई चैंपियनशिप 2023 में रजत पदक जीतने वाले इस खिलाड़ी का विश्व रैंकिंग कोटा के माध्यम से ओलंपिक क्वालीफिकेशन लगभग निश्चित था। इस मामले के सामने आने के बाद हालांकि उनका पेरिस ओलंपिक की दौड़ से बाहर होना तय है। वह गुरुवार से शुरू हुई राष्ट्रीय अंतर-राज्य चैंपियनशिप के लिए शुरुआती प्रवेश सूची में थे लेकिन बाद में जारी सूची से उनका नाम हटा दिया गया।

एएफआई अध्यक्ष आदिले सुमरिवाला ने बताया कि नाडा ने महासंघ से मनु को प्रतियोगिताओं से रोकने के लिए कहा है लेकिन उन्होंने इसकी पुष्टि नहीं की कि एथलीट ने डोपिंग अपराध किया है या नहीं। सुमरिवाला ने कहा कि ऐसा कुछ हो सकता है, लेकिन हम अभी नहीं जानते कि वास्तविक कारण क्या है। कल एएफआई कार्यालय (नाडा से) को एक फोन आया था कि उसे (मनु को) प्रतियोगिताओं से रोक दिया जाए।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा कोई विवरण नहीं दिया गया है। मुझे लगता है कि डीपी मनु खुद नाडा से पता लगा रहा है कि इसके पीछे क्या कारण है। मनु 15 से 19 मई तक भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में 82.06 मीटर के थ्रो के साथ नीरज चोपड़ा के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्होंने एक जून को ताइपे शहर में ताइवान एथलेटिक्स ओपन में 81.58 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था।

# त्रीसा और गायत्री क्वार्टर फाइनल में

फोर्ट वर्थ (अमेरिका), एजेंसी

भारत के प्रियांशु राजावत ने चीनी ताइपे के हुआंग यू काई को सीधे गेम में हराकर यहां चल रहे अमेरिकी ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। ऑरलियन्स मास्टर्स 2023 के विजेता और यहां आठवें वरीय राजावत ने हुआंग पर 21-18 21-16 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना चीन के चौथी वरीयता प्राप्त लेई लैन शी से होगा।

महिला एकल में सातवीं वरीय मालविका बंसोड़ भी अंतिम आठ में जगह बनाने में सफल रही। उन्होंने चेक गणराज्य की टेरेजा स्वाबिकोवा को 15-21 21-19 21-14 से हराया। मालविका को अब स्कॉटलैंड की तीसरी वरीय क्रिस्टी गिलमोर की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

महिला युगल में राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। इस भारतीय जोड़ी ने दूसरे दौर में चीनी ताइपे की हसीह पेई शान और हंग एन त्जु को 16-21 21-11 21-19 से पराजित किया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी को पहले दौर में बाइ मिली थी। उनका अगला मुकाबला रुई हिरोकामी और युना काटो की छठी वरीयता प्राप्त जापानी जोड़ी से होगा।

# द्रविड़-रोहित ने कोहली का किया समर्थन, कहा- बड़ी पारी खेलेंगे

जॉर्जटाउन (गयाना), एजेंसी

भारतीय कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा ने खराब फॉर्म में चल रहे विराट कोहली का समर्थन करते हुए उम्मीद जताई कि यह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले फाइनल में बड़ी पारी खेलेगा।

आईपीएल में 741 रन बनाने वाले कोहली इस टूर्नामेंट में अभी तक 7 पारियों में केवल 75 रन ही बना पाए हैं। द्रविड़ ने सेमीफाइनल में भारत की इंग्लैंड पर 68 रन की जीत के बाद कहा कि आपने देखा होगा कि जब भी विराट थोड़ा जोखिम भरा क्रिकेट खेलते हैं तो हो सकता है कि कुछ अवसरों पर उन्हें सफलता न मिले।

द्रविड़ ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि वह जल्द बड़ी पारी खेलेंगे। मुझे उनका रवैया और समर्पण पसंद है। कप्तान रोहित ने भी उम्मीद जताई कि कोहली फाइनल में बड़ी पारी खेलने में सफल रहेंगे। वह बेहतरीन खिलाड़ी है। कोई भी खिलाड़ी इस तरह के दौर से गुजर सकता है। उन्होंने कहा कि फॉर्म कभी कोई समस्या नहीं रही क्योंकि जब आप 15 साल से क्रिकेट खेलते रहे हों तो फॉर्म समस्या नहीं बनती। वह शानदार लय में दिख रहे हैं। उनके इरादे स्पष्ट हैं। संभवतः उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन फाइनल के लिए बचा कर रखा है।

# वीह को रेड कार्ड मिलने के बाद पनामा ने अमेरिका को हराया

अटलांटा, एजेंसी

गोल के लिए संघर्ष करते अमेरिका और पनामा के खिलाड़ी।

टिम वीह को मैच के शुरू में ही रेड कार्ड मिलने से 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे अमेरिका को पनामा से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा जिससे उसकी कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। जोस फजार्डो ने 83वें मिनट में बैकअप गोलकीपर एथन होर्वाथ को छकाकर पनामा की तरफ से विजयी गोल किया। इससे पहले फोलारिन बालोगुन ने 22वें मिनट में अमेरिका को बढ़त दिलाई लेकिन सीजर ब्लैकमैन ने 26वें मिनट में स्कोर बराबर कर दिया। अमेरिका को वीह की कमी खली जिन्हें मैच के 18वें मिनट में साल्वाडोर के रेफरी इवान बार्टन ने रॉड्रिक मिलर के सिर पर मुक्का मारने के कारण रेड कार्ड देकर मैदान से बाहर भेज दिया था।

## उरुग्वे ने बोलिविया को 5-0 से हराया

ईस्ट रदरफोर्ड, एजेंसी

डार्विन नुनेज़ ने अपने लगातार सातवें अंतरराष्ट्रीय मैच में गोल किया, जिससे उरुग्वे ने गुरुवार रात को बोलिविया को 5-0 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। फ़ैकुंडो पेलिस्ट्री ने आठवें मिनट में उरुग्वे को बढ़त दिलाई जबकि नुनेज़ ने 21वें मिनट में की अपनी राष्ट्रीय टीम की तरफ से पिछले सात मैचों में 10वें और कुल 25 मैचों में 13वें गोल के साथ इसे दोगुना कर दिया। मैक्सिमिलियानो अराउजो ने 77वें मिनट में टूर्नामेंट का अपना दूसरा गोल किया तथा फेडेरिको वाल्वरडे (81वें मिनट) और रोड्रिगो बेंटानकुर (89वें मिनट) ने गोल करके उरुग्वे को बड़ी जीत दिलाई। उरुग्वे के इस जीत से 6 अंक हो गए हैं और वह सोमवार को अमेरिका के खिलाफ होने वाले मैच को ड्रा कराने पर भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच जाएगा।

# गुकेश-प्रज्ञाननंदा ने अपनी बाजियां ड्रॉ खेली

बुखारेस्ट (रोमानिया),एजेंसी

डी गुकेश

आर प्रज्ञाननंदा

विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश ने सुपरबेट शतरंज क्लासिक के दूसरे दौर में रूस के इयान नेपोमनियाचची से कड़े मुकाबले में ड्रा खेला, जबकि एक अन्य भारतीय खिलाड़ी आर प्रज्ञाननंदा ने भी फ्रांस के मैक्सिम वाचियर लाग्रेव से अंक बांटे।

अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फैबियानो कारुआना अपनी एक गलती के कारण हमवतन वेस्ली सो के खिलाफ जीत दर्ज करने से चूक गए जबकि फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा ने उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराया। हॉलैंड के अनीश गिरी इस 350000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में सबसे कम रैंकिंग के खिलाड़ी रोमानिया के डेक बोगदान डैनियल के खिलाफ अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए और उन्हें अंक बांटने पड़े। डबल राउंड रोबिन आधार पर खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में अब जब के सात दौर की बाजियां खेली जानी बाकी है तब गुकेश और कारुआना 1.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से बढ़त पर हैं। उनके बाद अलीरेजा, प्रज्ञाननंदा, गिरी, वेस्ली, वाचियर लाग्रेव और नेपोमनियाचची का नंबर आता है, जिनके एक-एक अंक हैं। डेक बोगदान डैनियल और अब्दुसत्तोरोव के आधा-आधा अंक हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

## एक नजर

### विस्तारा की तिरुवनंतपुरम-मुंबई उड़ान में बम की धमकी

**मुंबई।** विस्तारा की तिरुवनंतपुरम-मुंबई उड़ान में शुक्रवार को बम की धमकी मिली जिसके बाद वहां तलाशी ली गई। पुलिस ने यह जानकारी दी है। सहर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि चालक दल के एक सदस्य को विमान में बम होने की एक पर्ची मिली। उन्होंने बताया कि विमान के दोपहर करीब सवा तीन बजे मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते ही एयरलाइन ने पुलिस को इसकी सूचना दी। अधिकारी ने बताया कि विमान उतरने के बाद यात्रियों को खतरे के बारे में सूचित कर दिया गया और यात्रियों एवं उनके सामान की तलाशी ली गई, हालांकि अब तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

### काला सागर के ऊपर अमेरिकी ड्रोन उड़ानों की संख्या में बढ़ोतरी : रूस

**मॉस्को।** रूसी रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि काला सागर के ऊपर अमेरिकी रणनीतिक ड्रोनों की गतिविधियां बढ़ गई हैं और वे यूक्रेन को आपूर्ति किए गए पश्चिमी हथियारों के लिए लक्ष्य निर्धारित करने के लिए टोह ले रहे हैं। मंत्रालय ने कहा रूसी रक्षा मंत्रालय ने काला सागर के ऊपर अमेरिकी रणनीतिक ड्रोनों की उड़ानों की बढ़ती संख्या पर कड़ी निगरानी रखी है, जो रूसी लक्ष्यों पर हमला करने के लिए पश्चिमी राज्यों द्वारा यूक्रेन के सशस्त्र बलों को आपूर्ति किए गए उच्च-सटीक हथियारों के लिए टोही और लक्ष्य निर्धारित कर रहे हैं। यह रूस-यूक्रेन संघर्ष में यूक्रेन के साथ अमेरिका और नाटो सदस्य देशों की बढ़ती भागीदारी को इंगित करता है।

### स्लोवाकिया में ट्रेन और बस की टक्कर में सात लोगों की मौत

**ब्रातिस्लावा (स्लोवाकिया)।** दक्षिणी स्लोवाकिया में एक ट्रेन और एक बस के बीच टक्कर हो जाने से सात लोगों की मौत हो गई। स्लोवाकिया के परिवहन मंत्री जोजेफ राज ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चेक गणराज्य की राजधानी प्राग से स्लोवाकिया होते हुए हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट जा रही इस यूरोसिटी ट्रेन में लगभग 200 लोग सवार थे। यह हादसा बृहस्पतिवार को स्थानीय समयानुसार शाम पांच बजे के बाद नोवे जाम्की शहर के निकट एक 'क्रॉसिंग' पर हुआ। हादसे के बाद ट्रेन के इंजन में आग लग गई, जबकि बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर दो भागों में टूट गई। सभी मृतक बस में सवार थे। मंत्री जोसेफ राज ने कहा कि हादसा होने से एक दिन पहले बुधवार को क्षेत्र में भारी बारिश हुई थी, जिसके कारण रेलमार्ग को सभी प्रकार के यातायात के लिए बंद करना पड़ा था। राज ने कहा कि जांच के प्रारंभिक परिणामों से पता चला है कि कोई तकनीकी या प्रणालीगत त्रुटि नहीं हुई है। उन्होंने कहा, संभवत: यह व्यक्तिगत मानवीय भूल थी, जिसके कारण ट्रेन गलत ट्रैक पर आ गई।

### श्रीलंका: साइबर अपराध में 60 भारतीय नागरिक गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका के आपराधिक जांच विभाग ने ऑनलाइन वित्तीय घोटाले में शामिल एक समूह के कम से कम 60 भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि इन लोगों को गुरुवार को कोलंबो के उपनगरीय इलाकों मडीवेला और बट्टारामुल्ला तथा पश्चिमी तटीय शहर नेगोम्बो से गिरफ्तार किया गया। पुलिस प्रवक्ता एसएसपी (वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक) निहाल थलदुवा ने बताया कि अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने इन इलाकों में एक साथ छापेमारी की और इस दौरान 135 मोबाइल फोन और 57 लैपटॉप जब्त किए। डेली मिरर लंका समाचार पत्र ने बताया कि यह कार्रवाई एक पीड़ित की शिकायत के आधार पर की गई जिसने आरोप लगाया था कि सोशल मीडिया पर संवाद करने के लिए उसे नकद राशि दिए जाने का वादा करके एक व्हाट्सऐप समूह में जोड़ा गया था। उसने बताया कि जांच में ऐसी साजिश का पता चला जिसके जरिए पीड़ितों को शुरुआती भुगतान के बाद धनराशि जमा करने के लिए मजबूर किया जाता था। उसने बताया कि नेगोम्बो में एक आलीशान मकान पर छापेमारी के दौरान मिले महत्वपूर्ण सबूतों के आधार पर शुरुआत में 13 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया और 57 फोन एवं कंप्यूटर जब्त किए गए।

# लेबनान ने उत्तरी इजरायल में किया मिसाइल हमला

**येरूशलेम/बेरूत।** लेबनान ने उत्तरी इजरायल के शहर सफेद में 35 रॉकेट और मिसाइलों से हमला किया जिससे यहां बिजली आपूर्ति बाधित होने के साथ ही कई घरों और संपत्तियों को काफी नुकसान पहुंचा। इजरायली सेना ने यह जानकारी दी।

इजरायली सेना ने कहा, इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) के ऐरो डिफेन्स सिस्टम ने कई हमलों को रोका और कई मिसाइलों को निरस्त कर दिया। देश की मैगन डेविड एडोम बचाव सेवा के मुताबिक हमले में किसी के मरने या किसी के घायल होने की रिपोर्टें नहीं है। मेरोम हागैलिल क्षेत्रीय परिषद ने एक बयान में कहा कि एक प्रोजेक्टाइल से एक घर पर हमला किया गया। इस बीच फायर एंड रेस्क्यू अथॉरिटी ने बताया कि कई जगह आग लग गई और बिजली कटौती के कारण नागरिक लिफ्ट में फंस गए। इसी बीच लेबनान सेना समूह हिजबुल्लाह ने एक बयान में कहा कि उसकी सेना ने दक्षिणी लेबनान के नबातीह शहर और पूर्वी लेबनान के समोर शहर पर इजरायल द्वारा किए गए।

# चंद्रमा के दूसरी ओर से नमूने लाया चीन का चांग ई-6

बीजिंग, एजेंसी

चीन का 'चांग ई-6' मिशन इस सप्ताह धरती पर वापस लौट आया और आपने साथ चंद्रमा के सतह की दूसरी ओर से करीब दो किलोग्राम नमूने अनुसंधान के साथ लाया है जिसके अध्ययन से पृथ्वी के एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह की उत्पत्ति को समझने में और मदद मिलेगी। चीन की अंतरिक्ष एजेंसी ने शुक्रवार को यह घोषणा की।

चाइना नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (सीएनएसए) के मुताबिक शुरुआती तौल के मुताबिक चांग ई-6 अपने साथ चंद्रमा से 1,935.3 ग्राम नमूने लेकर लौटा है। सीएनएसए के चंद्र अन्वेषण एवं अंतरिक्ष इंजीनियरिंग केंद्र के उप निदेशक जी पिंग ने कहा, हमने पाया है कि चांग ई-6 द्वारा लाए गए नमूने पिछले नमूनों की तुलना में अधिक चिपचिपे थे, तथा उनमें गांठें भी थीं। ये अवलोकनीय विशेषताएं हैं। पिंग चांग ई-6 मिशन के प्रवक्ता की जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसके बाद अनुसंधानकर्ता योजना के अनुसार चंद्रमा के नमूनों का भंडारण और प्रसंस्करण करेंगे तथा वैज्ञानिक अनुसंधान कार्य आरंभ करेंगे। सीएनएसए ने बताया कि मानव इतिहास में पहली बार नमूने चंद्रमा के सुदूरवर्ती हिस्से से एकत्र किए गए हैं। यह उपलब्धि अद्वितीय वैज्ञानिक महत्व रखती हैं क्योंकि ये नमूने चंद्रमा की उत्पत्ति की समझ को और बढ़ाएंगे, चंद्रमा पर उपलब्ध संसाधनों के शांतिपूर्ण अन्वेषण और उपयोग की गति को तेज करेंगे, और समस्त मानवता के लिए एक महत्वपूर्ण परिसंपत्ति के रूप में काम करेंगे। सीएनएसए द्वारा जारी चंद्रमा नमूना प्रबंधन नियमों और चांग ई-5 मिशन द्वारा एकत्रित चंद्रमा के नमूनों के लिए आवेदनों से निपटने के अनुभव के आधार पर, चांग ई-6 नमूनों के लिए आवेदन घरेलू अनुसंधान संस्थानों और वैज्ञानिकों के लिए लगभग छह महीने में जारी करने की उम्मीद है। पिंग ने अंतरराष्ट्रीय आवेदनों के बारे में कहा कि चीन सभी देशों के वैज्ञानिकों का प्रासंगिक प्रक्रियाओं के तहत आवेदन प्रस्तुत करने का स्वागत करता है। चांग ई-6 यान को तीन मई को कक्षा में प्रक्षेपित किया गया था। चंद्रमा के नमूने लेकर इसका वापसी यान 25 जून को उत्तरी चीन के आंतरिक मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र के सिजिवांग बैनर में अपने निर्दिष्ट क्षेत्र में उतरा जो मिशन के सफल होने का संकेत करता है।

# जेएएक्सए ने खराब मौसम के कारण किया स्थगित प्रक्षेपण

**टोक्यो।** खराब मौसम की आशंका के बीच जापान ने अपने नए एच-3 रॉकेट के माध्यम से सप्ताहांत में एक उपग्रह का प्रस्तावित प्रक्षेपण सोमवार तक स्थगित कर दिया है।

जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जेएएक्सए) ने कहा कि शनिवार रात को बारिश और बिजली कड़कने की संभावना के मद्देनर उपग्रह प्रक्षेपण स्थगित किया गया है, क्योंकि रॉकेट को उसी दिन दक्षिण-पश्चिम जापानी द्वीप स्थित तानेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र के प्रक्षेपण स्थल तक ले जाना था। पूर्व में प्रक्षेपण रविवार को निर्धारित किया गया था। इसका मुख्य कार्य प्रेक्षण के साथ आपदा प्रतिक्रिया, मानचित्र निर्माण के लिए विवरण संग्रह करने के साथ ही इंफ्रारेड सेंसर के साथ सैन्य गतिविधियों पर नजर रखना है।

# राष्ट्रपति पद की बहस में बाइडन और ट्रंप ने एक दूसरे को सबसे खराब राष्ट्रपति बताया

## अर्थव्यवस्था, सीमा, गर्भपात और राष्ट्रीय सुरक्षा पर हुई चुनाव की पहली बहस

अटलांटा, एजेंसी

- 90 मिनट की लंबी बहस के में दोनों ने एक-दूसरे पर किए निजी हमले
- बाइडन ने पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को मूर्ख और हारा हुआ व्यक्ति करार दिया
- बाइडन ने पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को मूर्ख और हारा हुआ व्यक्ति करार दिया

राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप के बीच राष्ट्रपति पद की चुनाव प्रक्रिया की पहली बहस के दौरान अर्थव्यवस्था, सीमा, विदेश नीति, गर्भपात और राष्ट्रीय सुरक्षा की स्थिति पर बहस हुई। इस दौरान दोनों ने एक दूसरे को झूठा और अमेरिकी इतिहास का सबसे खराब राष्ट्रपति करार दिया।

गुरुवार रात को बाइडन और ट्रंप के बीच लगभग 90 मिनट हुई बहस के दौरान दोनों ने एक-दूसरे पर निजी हमले किए। बाइडन ने पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को मूर्ख और हारा हुआ व्यक्ति करार दिया। डेमोक्रेटिक पार्टी के संभावित उम्मीदवार बाइडन ने ट्रंप का जिक्र करते हुए कहा, मैं हाल में 'डी-डे' के लिए फ्रांस में था और मैंने उन सभी नायकों के बारे में बात की जिन्होंने जान न्यौछावर की। मैं द्वितीय विश्व युद्ध और प्रथम विश्व युद्ध में मारे गए नायकों के कब्रिस्तान में गया, जहां उन्होंने (ट्रंप) जाने से इनकार कर दिया था।

तत्कालीन राष्ट्रपति ट्रंप ने 2018 के दौरे के दौरान इस कब्रिस्तान का दौरा करने से इनकार कर दिया था। उम्र के मामले में 81 वर्षीय बाइडन ने याद दिलाया कि 78 वर्षीय ट्रंप उनसे केवल तीन साल छोटे हैं। न्यूयॉर्क में एक पोर्न स्टार को गुप्त रूप से धन देने के मामले में ट्रंप को दोषी ठहराए जाने का हवाला देते हुए बाइडन ने उन्हें अपराधी कहा था, जिस पर पलटवार करते हुए ट्रंप ने बाइडन को अपराधी कहा। ट्रंप ने बाइडन के बेटे हंटर बाइडन को बंदूक खरीद से जुड़े एक मामले में दोषी ठहराए जाने का जिक्र करते हुए आरोप लगाया, जब वह एक दोषी अपराधी के बारे में बात करते हैं, तो उनका बेटा (हंटर बाइडन) एक बहुत ही उच्च स्तर का अपराधी है। दोनों नेताओं के बीच विभिन्न मुद्दों पर बहस के दौरान बाइडन ने ट्रंप पर आरोप लगाया कि उन्हें नहीं पता कि वे किस बारे में बात कर रहे हैं। बाइडन ने कहा, ट्रंप बिल्कुल भी पता नहीं है कि वे किस बारे में बात कर रहे हैं। मैंने इतनी मूर्खता कभी नहीं सुनी। यह वह व्यक्ति हैं जो नाटो से बाहर निकलना चाहते हैं।

### अधिकतर लोगों ने ट्रंप को बताया विजयी : सीएनएन

**अटलांटा।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए हुई पहली बहस (डीबेट) देखने वाले ज्यादातर लोगों की नजर में मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन के मुकाबले पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रदर्शन बेहतर रहा। एसएसआरएस द्वारा आयोजित सीएनएन फ्लैश सर्वेक्षण के अनुसार, बहस देखने वाले पंजीकृत लोगों में से 67 प्रतिशत से 33 प्रतिशत ने कहा कि ट्रंप ने बेहतर प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति पद की तीन बहसों में से पहली बहस अटलांटा में हुई, जिसकी मेजबानी सीएनएन ने की। बहस से पहले उन्हीं मतदाताओं (55 प्रतिशत से 45 प्रतिशत) ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि बाइडन के मुकाबले ट्रंप बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

### ट्रंप प्रशासन में सेवा देने में सम्मानित महसूस करूंगा

**अटलांटा।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कभी प्रतिद्वंद्वी रहे भारतीय मूल के अमेरिकी उद्योगपति विवेक रामास्वामी ने कहा है कि वैसे तो उनसे कहा नहीं गया है लेकिन वह ट्रंप प्रशासन में दूसरे नंबर (उपराष्ट्रपति पद) पर रहकर अपनी सेवा देने में 'सम्मानित' महसूस करेंगे। आयोवा कॉकस में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद रामास्वामी (38) 2024 में राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी की दौड़ से जनवरी में अलग हो गये थे। वहां ट्रंप के नाम पर मुहर लगी थी। पहले कुछ अमेरिकी मीडिया ने खबर दी थी कि रामास्वामी इस पद की उम्मीदवारी में आगे चलने वालों में शामिल हो सकते हैं। वैसे राष्ट्रपति पद के लिए हाथ आजमाने की घोषणा करने से पहले वह अधिक चर्चित नहीं थे।

# अमेरिका की धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट पक्षपातपूर्ण, वोटबैंक की सोच से प्रेरित

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल।

भारत ने अमेरिका के विदेश मंत्रालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रतता पर जारी रिपोर्ट में की गई आलोचना को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यह पूरी तरह से पक्षपातपूर्ण और वोट बैंक की सोच से प्रेरित है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि रिपोर्ट में भारत के खिलाफ पूर्वाग्रहपूर्ण बयान को आगे बढ़ाने के लिए चुनिंदा घटनाओं को शामिल किया है।

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि भारत में धर्मांतरण विरोधी कानूनों, घृणा भाषण और अल्पसंख्यक समुदायों के घरों और पूजा स्थलों को ध्वस्त करने की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि हुई है। जायसवाल ने कहा अतीत की तरह, यह रिपोर्ट भी अत्यधिक पक्षपातपूर्ण है, इसमें भारत के सामाजिक ताने-बाने की समझ का अभाव है तथा यह स्पष्ट रूप से वोट बैंक की सोच और निर्देशात्मक दृष्टिकोण से प्रेरित है। इसलिए हम इसे खारिज करते हैं।

यह प्रक्रिया अपने आप में आरोप-प्रत्यारोप, गलतबयानी, तथ्यों के चयनात्मक उपयोग, पक्षपातपूर्ण स्रोतों पर निर्भरता और मुद्दों को एकतरफा तरीके से पेश करने का मिश्रण है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा इसने पूर्वाग्रह आधारित विचार को आगे बढ़ाने के लिए चुनिंदा घटनाओं को चुना है। कुछ मामलों में, रिपोर्ट में कानूनों और नियमों की वैधता पर ही सवाल उठाए गए हैं। जायसवाल ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि रिपोर्ट में भारतीय अदालतों द्वारा दिए गए कुछ फैसलों की ईमानदारी को भी चुनौती दी गई है।

### भारत की पारस्परिक मूल्यांकन रिपोर्ट को एफएटीएफ ने स्वीकारा

**सिंगापुर।** वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) ने शुक्रवार को सिंगापुर में हुई अपनी पूर्ण बैठक के दौरान धन शोधन पर भारत की पारस्परिक मूल्यांकन रिपोर्ट को स्वीकार किया और आतंकवाद के वित्तपोषण के खिलाफ इसकी कार्रवाई की प्रशंसा की। अपने संक्षिप्त निष्कर्ष बयान में वैश्विक निकाय ने कहा कि इन दोनों क्षेत्रों में भारत अच्छे परिणाम प्राप्त कर रहा है। हालांकि, एफएटीएफ ने कहा कि भारत को धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण के मुकदमों की सुनवाई पूरी करने में होने वाली देरी का समाधान करने की जरूरत है। इसने कहा कि गुणवत्ता एवं निरंतरता समीक्षा पूरी होने के बाद देश के संबंध में अंतिम मूल्यांकन रिपोर्ट प्रकाशित की जाएगी। पेरिस मुख्यालय वाला एफएटीएफ धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने के लिए वैश्विक कार्रवाई का नेतृत्व करता है। एफएटीएफ दिशानिर्देशों के अंतर्गत भारत का पारस्परिक मूल्यांकन पिछली बार 2010 में किया गया था। इस मूल्यांकन का मकसद किसी देश की वित्तीय अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कानून और नीति बनाने तथा उन्हें लागू करने की क्षमता की पड़ताल करना है। भारत के मामले में एफएटीएफ की समीक्षा इस वर्ष की शुरुआत में समाप्त हो गई थी, जब टीम ने नई दिल्ली का दौरा किया था तथा विभिन्न खुफिया और जांच एजेंसियों के अधिकारियों से मुलाकात की थी।

# टीटीपी पनाहगाहों को जल्द बनाएंगे निशाना : रक्षामंत्री

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ ने चेतावनी दी है कि हाल में सेना द्वारा शुरू किए गए आतंकवाद रोधी अभियान के तहत अफगानिस्तान स्थित प्रतिबंधित संगठन टीटीपी की पनाहगाहों को भी निशाना बनाया जा सकता है।

उन्होंने इसी के साथ प्रतिबंधित संगठन से किसी भी तरह की बातचीत से इनकार कर दिया क्योंकि इसके लिए कोई 'सामान आधार' नहीं है। सरकार ने पिछले सप्ताह 'ऑपरेशन अज्म-ए-इश्तेहकाम' शुरू करने की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य पाकिस्तान पर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के बढ़ते खतरे से निपटना है। टीटीपी के आतंकवादियों को अफगान तालिबान द्वारा अपनी जमीन का इस्तेमाल करने के लिए कथित तौर पर दी गई मौन सहमति की वजह से पाकिस्तान पर खतरा बढ़ता जा रहा है।

द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार में प्रकाशित खबर के मुताबिक आसिफ ने वॉइस ऑफ अमेरिका को दिए साक्षात्कार में कहा कि आतंकवाद रोधी अभियान शुरू करने का फैसला जल्दबाजी में नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश में स्थित टीटीपी की पनाहगाहों को निशाना बनाया जा सकता है और यह अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ नहीं होगा क्योंकि अफगानिस्तान आतंकवाद का 'निर्यात' पाकिस्तान में कर रहा है एवं 'निर्यातकों' को वहां शरण दी जा रही है।

# अदालत ने अवमानना मामले में दो सांसदों की माफी स्वीकार की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने न्यायपालिका की आलोचना करके अवमानना मामले का सामना करने वाले दो सांसदों की माफी शुक्रवार को स्वीकार कर ली।

प्रधान न्यायाधीश काजी फैज ईसा ने निर्दलीय सीनेटर फैसल वावदा और कौमी मुत्तहिदा मूवमेंट के नेशनल असेंबली सदस्य मुस्तफा कमाल के खिलाफ दर्ज मामले की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि वावदा ने 26 जून को इस मामले में अदालत में माफीनामा दाखिल किया था। कमाल के वकील बैरिस्टर फरोग नसीम ने अदालत को बताया कि उनके मुवक्किल ने भी एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान माफी मांगते हुए खेद जताया था।

# चीन की धमकी के बाद ताइवान ने यात्रा से बचने का किया आग्रह

ताइपे (ताइवान), एजेंसी

ताइवान ने अपने नागरिकों से चीन और अर्ध-स्वायत्त चीनी क्षेत्रों हांगकांग और मकाऊ की यात्रा करने से बचने का आग्रह किया है। बीजिंग ने स्वशासित द्वीप ताइवान के लोकतंत्र की स्वतंत्रता के समर्थकों को मार डालने की धमकी दी थी, जिसके बाद ताइवान ने अपने नागरिकों से यह अपील की है।

मुख्यभूमि मामलों की परिषद के प्रवक्ता और इसके उप प्रमुख लियांग वेन-चेह ने बृहस्पतिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में यह सलाह जारी की। ताइवान की ओर से यह अपील चीन की ओर से बढ़ती धमकियों के बीच आई है। चीन दावा करता है कि ताइवान उसका अपना क्षेत्र है और यदि आवश्यक हुआ तो वह बलपूर्वक उस पर कब्जा कर सकता है। स्वतंत्रता समर्थक डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के लाई चिंग-ते के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद चीन ने ताइवान के स्वतंत्रता समर्थकों को खोज खोज कर मार डालने की धमकी दी है। चीन ने 2016 में डीपीपी की पूर्व राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन के चुनाव जीतने के बाद से ताइवान की सरकार के साथ सभी तरह के संपर्क से इनकार कर दिया है। सरकार यात्राओं पर प्रतिबंध नहीं लगा रही है, लेकिन जो लोग यात्रा करते हैं, उन्हें राजनीतिक राय व्यक्त नहीं करनी चाहिए या किताबें नहीं ले जानी चाहिए या ऐसे विषयों पर ऑनलाइन पोस्ट नहीं करना चाहिए जिसको आधार बनाकर सत्तावादी कम्युनिस्ट पार्टी उन्हें हिरासत में ले या मुकदमा चलाए।

# रिफॉर्म यूके के पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सुनक को पाकी कहकर किया संबोधित

लंदन, एजेंसी

- प्रधानमंत्री सुनक ने कहा- रिफॉर्म यूके के नेता निगेल फराज पुतिन के हाथ की कठपुतली

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपने खिलाफ की गई नस्लीय टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इससे वह आहत और आक्रोशित हैं। आम चुनाव प्रचार अभियान के दौरान सुनक ने कहा कि उनकी दो बेटियों, कृष्णा और अनुष्का को रिफॉर्म यूके के उन कार्यकर्ताओं को देखना और सुनना पड़ा, जिन्होंने पार्टी नेता निगेल फराज के लिए प्रचार के दौरान मुझे एक पाकी कहकर संबोधित किया।

सुनक ने कहा जब आप रिफॉर्म पार्टी के उम्मीदवारों और प्रचारकों को देखते हैं, जो बिना किसी चुनौती के नस्लवादी और स्त्रीद्वेषी भाषा और विचारों का उपयोग करते हुए दिखते हैं, तो मुझे लगता है कि यह आपको रिफॉर्म पार्टी के भीतर की संस्कृति के बारे में कुछ दर्शाता है। सुनक ने द टेलीग्राफ से कहा रिफॉर्म यूके के नेताओं ने जो कुछ कहा वह गलत था, यह पूरी तरह से गलत था। वह पुतिन के हाथ की कठपुतली हैं।

वह उस वक्त यह टिप्पणी कर रहे थे जब धुर दक्षिणपंथी रिफॉर्म यूके के एक प्रचारक को दक्षिण एशियाई विरासत के लोगों के प्रति नस्लवादी टिप्पणी का इस्तेमाल करते हुए फिल्माया गया था, जिससे पार्टी के नेता और आम चुनाव के उम्मीदवार निगेल फराज को इस कृत्य को भयावह बताते हुए निंदा करनी पड़ी। मौजूदा कंजर्वेटिव पार्टी के लिए एक बड़ी चुनौती पेश करने की मंशा से रिफॉर्म यूके 4 जुलाई के चुनाव में आव्रजन विरोधी रुख के साथ सैकड़ों उम्मीदवारों को मैदान में उतार रहा है। रिफॉर्म यूके आम चुनाव में काफी पीछे है।

## बॉलीवुड हलचल

### कल्कि 2898 एडी ने पहले दिन कमाए 190 करोड़

**मुंबई।** बहुप्रतीक्षित फिल्म कल्कि 2898 एडी ने वर्ल्डवाइड 190 करोड़ की कमाई कर ली है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित यह फिल्म 27 जून दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हो गयी है। ओपनिंग डे पर ही इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड्स तोड़ डाले हैं। इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर कामयाबी का कीर्तिमान स्थापित कर दिया है।इस फिल्म में विजय देवरकोंडा, एसएस राजामौली और दुलकर सलमान, मृणाल ठाकुर और राम गोपाल वर्मा कैमियों में नजर आ रहे हैं। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने फिल्म कल्कि 2898 एडी के बॉक्स ऑफिस आंकड़ों की जानकारी दी है। तरण आदर्श ने एक्स पर जानकारी देते हुए लिखा, नॉन हॉलीडे, मिड वीक रिलीज और इंडिया वर्सेज इंग्लैंड का टी-20 वर्ल्ड कप 2024 सेमीफाइनल मैच होने के बावजूद, कल्कि 2898एडी ने फैंटास्टिक शुरूआत करते हुए 2024 की सबसे बड़ी ओपनिंग फिल्म बन गई है। पूर्व, पश्चिम, उत्तर, और जाहिर है, दक्षिण - #कल्कि2898एडी की लहर पूरे देश में छाई हुई है... सबसे अच्छी बात यह है कि फिल्म ने टायर-2 और टायर-3 केंद्रों पर बेहतरीन परफॉर्म किया है और यदि यह ट्रेंड जारी रहा, तो बड़े पैमाने पर कमाई से #कल्कि2898एडीको लंबे समय में एक मजबूत कलेक्शन हासिल करने में मदद मिलेगी। कल्कि 2898 एडी ने वर्ल्डवाइड ग्रास 190 करोड़ की कमाई कर ली है।

### 12 जुलाई से स्ट्रीम होगी सीरीज शोटाइम

**मुंबई।** सीरीज शोटाइम के सारे एपिसोड्स 12 जुलाई से डिज्नी हॉटस्टार पर स्ट्रीम होंगे। सीरीज शोटाइम के निर्माता धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट, रचनाकार एवं लेखक सुमित रॉय हैं। मिहिर देसाई और अर्चित कुमार ने निर्देशन किया है।डिज्नी हॉटस्टार और धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट ने शोटाइम का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर रिलीज कर दिया है। शोटाइम के सारे एपिसोड्स 12 जुलाई से सिर्फ डिज्नी हॉटस्टार पर स्ट्रीम होंगे। इस सीरीज में इमरान हाशमी, महिमा मकवाना के साथ-साथ मौनी रॉय, राजीव खण्डेलवाल, श्रिया सरन, विशाल वशिष्ठ, नीरज माधव और विजय राज की महत्वपूर्ण भूमिकाएं हैं। स्क्रीनप्ले सुमित रॉय, मिथुन गंगोपाध्याय और लारा चांदनी ने लिखा है, जबकि संवाद जेहान हांडा और करण श्रीकांत शर्मा ने लिखे हैं।

**तो होगा खतरा** एक 840 फीट व दूसरा 2 .3 किमी बढ़ा आकार, 25 जून 2089 को दुबारा पृथ्वी के नजदीक पहुचेगा

# इस सप्ताह धरती के करीब से गुजरेंगे दो बड़े क्षुद्रग्रह

अमृत विचार, नैनीताल

पृथ्वी व क्षुद्रग्रहों की तस्वीर।

इस सप्ताह धरती के सबसे बड़े दुश्मन माने जाने वाले दो क्षुद्रग्रह इस सप्ताह पृथ्वी के बेहद करीब से गुजरने जा रहे हैं। जिनमें एक 840 फीट व दूसरा 2.3 किमी आकार है। ये दोनों इतने विशाल हैं कि अगर पृथ्वी से टकरा जाय तो भयानक नुकसान पहुचा सकते हैं। यह दोनों इतने बड़े हैं कि उन्हें छोटी दूरबीनों से देखा जा सकता है।

एक क्षुद्रग्रह का नाम 2011यूएल है। पिछले 21 सालों में दूरबीनों से दिखाई देने वाले सबसे बड़े पृथ्वी के निकट क्षुद्रग्रहों में से एक है, जो 2.3 किमी चौड़ा है। इसे पृथ्वी के निकट ज्ञात सभी 99 क्षुद्रग्रहो में बड़ा माना जा रहा है। ये 27 जून को पृथ्वी की सतह से 6,634,279 किमी दूर था। यह पृथ्वी से सुरक्षित दूरी के साथ आगे निकल जाएगा।

दूसरा क्षुद्रग्रह इसी वर्ष खोजा गया है। जिसका नाम 2024 एमके है। इसका आकार 840 है। दोनों क्षुद्रग्रह चट्टानी हैं। आधी रात के बाद इन्हें देख पाना आसान होगा। क्षुद्रग्रह 2011 यू एल 21 की खोज 2011 में हुई थी। निस्कि खोज अक्टूबर 2011 में टक्सन, एरिज़ोना में कैटालिना स्काई सर्वे की गई थी। यह 65 वर्ष बाद व 25 जून 2089 को दुबारा पृथ्वी के नजदीक पहुचेगा। तब इसकी दूरी आज की तुलना में बहुत कम रह जाएगी। यह क्षुद्रग्रह 25.9 किमी प्रति सेकंड की अद्भुत गति से अपने पथ में आगे जा रहा है। इसे 6 से 8 इंच की दूरबीन से देखा जा सकता है। बहरहाल दोनों क्षुद्रग्रहों पर खगोल वैज्ञानिक नजर रखे हुए हैं।

### नासा का रडार करेगा निगरानी नैनीताल

कैलिफ़ोर्निया नासा का गोल्ड स्टोन रडार से 3 जुलाई तक इन दोनों क्षुद्रग्रहों की निगरानी करेगा। क्षुद्रग्रह 2011यू एल 21 बेहद खतरनाक हो सकता है, जिसके भविष्य में पृथ्वी से टकराने की आशंका से इंकार नही किया जा सकता है। जिस कारण नासा रडार द्वारा इनके पाथ की सटीक गणना कर भविष्य में इसके ऑर्बिट की सही जानकारी दे सकेगा। पृथ्वी के करीब से गुजरने वाले क्षुद्रग्रह हमारे बेहद खतरनाक दुश्मन समझे जाते हैं। जिस कारण इन पर पैनी नजर रखी जाती है।